हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11



खेल

## महिला टी20 विश्व कप 2026 के शेड्यूल का ऐलान, भारत की पहली भिड़ंत पाकिस्तान से

Page 09



देश

## कितनी सीटें मांग रही है कांग्रेस, स्टालिन की डीएमके बस इतनी देने को तैयार


शुक्ल पक्ष, मृगशिरा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • बुधवार • 25 फरवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 86 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,48,300 | ₹ 2,85,000 |



### आज का इतिहास

**1995** : भारत के असम में एक ट्रेन पर बम हमला हुआ था, जिसमें 27 सैनिक मारे गए थे।

**2000** : रूस की निचली संसद ड्यूमा द्वारा भारत के साथ द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि का अनुमोदन।

### न्यूज बाइट्स

#### अग्निवीर सेना भर्ती के लिए एक अप्रैल तक भरे जाएंगे फॉर्म, प्रक्रिया में हुआ बदलाव

**पटना (नि.सं.)।** अग्निवीर सेना में 2027 की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। अग्निवीर सेना में हर साल बदलाव देखने को मिल रहा है। अब छह महीने की भर्ती प्रक्रिया का विस्तार कर अब साल में एक ही बार भर्ती प्रक्रिया ली जाएगी। अगले वर्ष 2027 के अग्निवीर भर्ती की कवायद फरवरी से शुरू हो गई है। आवेदन एक अप्रैल तक लिए जाएंगे। इसमें अगर किसी का बदलाव होता है तो सेना के आधिकारिक वेबसाइट पर सूचना दे दी जाएगी। अभी जो चक्कर मैदान में 28 तक भर्ती चल रही, वह 2025 यानी पिछले साल जो फॉर्म भरे थे और परीक्षा देकर पास किए उन लोगों की भर्ती ली जा रही। अग्निवीर भर्ती के लिए अधिक उम्र वाले यानी 35 वर्ष वाले की भी भर्ती, रिलिजियंस टीचर आदि के लिए इस बार से ली जाएगी।

#### बिहार पुलिस में कांस्टेबल ऑपरेटर के 993 पदों पर भर्ती

**पटना (नि.सं.)।** ट्रल सिलेक्शन बोर्ड ऑफ कांस्टेबल (सीएसबीसी) ने 2026 में बिहार पुलिस कांस्टेबल (ऑपरेटर) के पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती के माध्यम से कांस्टेबल के पद पर कुल 993 पोस्ट की वैकेंसी आई है। यह मौका उन युवाओं के लिए है जो बिहार पुलिस में नौकरी करना चाहते हैं। साथ ही टेक्निकल काम में रुचि रखते हैं। कांस्टेबल ऑपरेटर का काम पुलिस के वायरलेस और कम्युनिकेशन सिस्टम को संभालना होता है।

बिहार विधानसभा में शिक्षा मंत्री ने टीआरई-4 भर्ती प्रक्रिया को लेकर दी महत्वपूर्ण जानकारी

# टीआरई-4 में 45 हजार से अधिक शिक्षकों की बहाली



• 407 कम्प्यूटर शिक्षक भी होंगे नियुक्त

निज संवाददाता | पटना

बिहार विधानसभा में मंगलवार को शिक्षा विभाग से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा के दौरान शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने टीआरई-4 भर्ती प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने सदन को बताया कि टीआरई-4 के तहत राज्य में 45 हजार से अधिक शिक्षकों की बहाली की जाएगी, जिसमें 407 पद कम्प्यूटर शिक्षकों के लिए निर्धारित किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि अब तक राज्य में कुल 8553 कम्प्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी है और नई बहाली में भौतिकी, रसायन विज्ञान तथा गणित विषय के शिक्षकों की नियुक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में मंत्री ने स्पष्ट किया कि शिक्षकों की पोस्टिंग जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति के माध्यम से की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों को निर्देश दिया जाएगा कि छात्र-शिक्षक अनुपात संतुलित रखा जाए, ताकि किसी विद्यालय में शिक्षकों की कमी या अधिकता की स्थिति न बने।

सदन में अन्य सवालों का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री ने बताया कि बिहार के स्कूलों में आपदा प्रबंधन से जुड़ा पाठ्यक्रम पहले से पढ़ाया जा रहा है और यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार कॉलेजों में भी आपदा संबंधी विषयों के पठन-पाठन के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। स्कूलों में छात्राओं की सुविधा के लिए सैनेटरी पैड वेंडिंग मशीन और भस्मक लगाने हेतु 40 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, जिन्हें अगले दो महीनों के भीतर अधिकतर विद्यालयों में स्थापित करने का लक्ष्य है।

## होली से पहले कर्मचारियों को मिलेगा वेतन : वित्त मंत्री

निज संवाददाता | पटना



बिहार के सरकारी कर्मचारियों को फरवरी महीने का वेतन होली से पहले ही उनके खातों में मिल जाएगा। राज्य के वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने मंगलवार को विधान परिषद के बजट सत्र के दौरान यह घोषणा करते हुए विपक्ष के उस आरोप को खारिज कर दिया, जिसमें कहा जा रहा था कि बिहार सरकार का खजाना खाली हो चुका है। विधान परिषद में बिहार विनियोग विधेयक (संख्या-2) 2026 पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकार वित्तीय रूप से सक्षम है और कर्मचारियों के वेतन को लेकर किसी तरह की समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा खजाना खाली होने की बात कही जा रही है, लेकिन सरकार ने निर्णय लिया है कि फरवरी महीने का वेतन होली से पहले ही जारी कर दिया जाएगा। मंत्री ने सदन में हल्के अंदाज में विपक्ष पर टिप्पणी भी की, जिस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने ठहाके लगाए। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने हाल ही में आरोप लगाया था कि राज्य की वित्तीय स्थिति कमजोर है और आने वाले समय में कर्मचारियों को वेतन देने में भी सरकार को कठिनाई हो सकती है। तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि पिछले दो दशकों में बिहार में बेरोजगारी और गरीबी बढ़ी है तथा भ्रष्टाचार के कारण सरकारी खजाना खाली हो गया है। उन्होंने यह भी दावा किया था कि सरकार में प्रशासनिक कार्रवाई और सुनवाई की स्थिति कमजोर हो गई है।

सदन में चर्चा के दौरान आरजेडी के एमएलसी अब्दुल बारी सिद्दिकी ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के मुद्दे को भी उठाया और कहा कि बजट में इसका कोई उल्लेख नहीं है। साथ ही उन्होंने स्पेशल इकॉनोमिक जोन से मिलने वाले लाभों को लेकर भी सवाल किया।

एनएच-31 पर चार वाहनों की टक्कर

# भागलपुर : भीषण सड़क हादसे में छह की हुई मौत, 15 घायल

निज संवाददाता | नवगछिया (भागलपुर)



जिले के नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत खरिक थाना क्षेत्र के बगड़ी पुल के पास मंगलवार को भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो का इलाज मायागंज स्थित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जेएलएनएमसीएच) में चल रहा है, वहीं दो घायलों को गंभीर स्थिति में पटना के पीएमसीएच रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार ट्रक ने पहले एक पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर के बाद पिकअप अनियंत्रित होकर सामने से आ रही ई-रिक्शा से जा भिड़ी। इसी दौरान एक बस भी हादसे की चपेट में आ गई, जिससे चारों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में ई-रिक्शा में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायलों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मृतकों में तीन कटिहार और एक खगड़िया के मानसी निवासी शामिल हैं, जबकि अन्य की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही भागलपुर के डीएम नवल किशोर चौधरी और एसएसपी मायागंज अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। डीएम ने बताया कि बड़ी बस और छोटी गाड़ियों के बीच टक्कर हुई है और प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे की मुख्य वजह मानी जा रही है। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात बहाल कराया गया है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में लोगों की भारी भीड़ जुट गई और पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

## सोन नदी के जल बंटवारे को लेकर बिहार ने केन्द्र को भेजा प्रस्ताव

**पटना(नि.सं.)।** सोन नदी बेसिन के जल बंटवारे को लेकर बिहार सरकार ने केंद्र को औपचारिक प्रस्ताव भेज दिया है। केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद झारखंड के साथ जल बंटवारे पर समझौता होने की संभावना जताई जा रही है। हाल के दिनों में दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से चल रहा गतिरोध समाप्त हुआ है और अब मुख्य सचिव स्तर पर समझौते की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है। जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष रांची में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में बिहार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष सोन नदी के जल बंटवारे का मुद्दा उठाया था। इसके बाद केंद्र के हस्तक्षेप और झारखंड के सकारात्मक रुख के कारण दोनों राज्यों के बीच सहमति बनी है। प्रस्ताव के तहत सोन नदी के कुल 7.75 मिलियन एकड़ फीट (एमएएफ) पानी में से बिहार को 5.75 एमएएफ और झारखंड को 2 एमएएफ पानी मिलने का प्रावधान किया गया है।

परिवहन विभाग ने जारी किए निर्देश

## सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य

निज संवाददाता | पटना



राज्य में वाहनों की सुरक्षा और पहचान को बेहतर बनाने के लिए परिवहन विभाग ने सभी गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया है। जिन वाहन मालिकों ने अब तक एचएसआरपी नहीं लगवाई है, उन्हें संबंधित अधिकृत एजेंसी या डीलर के यहां जाकर जल्द से जल्द नंबर प्लेट लगवाने की सलाह दी गई है। परिवहन सचिव राज कुमार ने बताया कि विभागीय समीक्षा में यह सामने आया है कि कई वाहनों में एचएसआरपी भौतिक रूप से लगी हुई है, लेकिन उसका विवरण विभागीय वाहन सॉफ्टवेयर में अपडेट नहीं है। ऐसे वाहन मालिकों से कहा गया है कि वे अपने जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) कार्यालय से संपर्क कर एचएसआरपी से जुड़ी जानकारी तुरंत अपडेट कराएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा या कार्रवाई से बचा जा सके।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी होने के बावजूद एसएमएस प्राप्त हो रहा है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। वाहन मालिक संबंधित डीटीओ कार्यालय में संपर्क कर विवरण अपडेट करवा सकते हैं। परिवहन विभाग ने सभी जिलों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिन वाहनों में एचएसआरपी लगी है लेकिन उनका डेटा पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है, उसका सत्यापन कर शीघ्र अपलोड सुनिश्चित किया जाए। विभाग का कहना है कि एचएसआरपी लागू होने से वाहनों की ट्रैकिंग आसान होगी, अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी और यातायात व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी। इसलिए सभी वाहन मालिकों से नियमों का पालन करते हुए जल्द आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने की अपील की गई है।

घूसखोर अधिकारियों पर निगरानी का शिकंजा

## सुपौल में अमीन और समस्तीपुर में आपूर्ति पदाधिकारी गिरफ्तार



निज संवाददाता | सुपौल/समस्तीपुर

बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग जिलों में सरकारी अधिकारियों को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। सुपौल में एक सर्वे अमीन को 20 हजार रुपये घूस लेते पकड़ा गया, वहीं समस्तीपुर में एक आपूर्ति पदाधिकारी को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए पटना लाया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। पहली कार्रवाई सुपौल जिले के निर्मली नगर पंचायत वार्ड-1 में की गई, जहां निगरानी टीम ने मरौना अंचल में पदस्थापित सर्वे अमीन विक्रम कुमार राम को 20 हजार रुपये लेते हुए दबोचा। यह ट्रैप श्री राधा कृष्ण मंदिर के पास स्थित एक किराये के मकान में बिछाया गया था। आरोप है कि अमीन ने भूमि सर्वे रिपोर्ट और संबंधित कागजात आगे बढ़ाने के एवज में पैसे की मांग की थी। मरौना प्रखंड के खोरमा गांव निवासी जयनारायण यादव ने निगरानी विभाग में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद टीम ने रणनीति बनाकर कार्रवाई की और जैसे ही आरोपी ने रिश्वत की राशि ली, उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया।

दूसरी कार्रवाई समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय अनुमंडल के विद्यापतिनगर प्रखंड में हुई, जहां आपूर्ति पदाधिकारी राजेश भगत को उनके निजी आवास से 10 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया।

टीईटी में ईडब्ल्यूएस आरक्षण

## 10% प्रावधान पहले से लागू, हाईकोर्ट आदेश का होगा अवलोकन

**पटना(नि.सं.)।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र के 16वें दिन शिक्षक भर्ती परीक्षाओं में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के आरक्षण का मुद्दा सदन में उठा, जिस पर सरकार ने अपनी स्थिति स्पष्ट की। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि राज्य में ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान पहले से लागू है और शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई) में इसे प्रभावी रूप से लागू भी किया जा चुका है। सदन में एसटीईटी परीक्षा में ईडब्ल्यूएस को 5 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने से जुड़े सवालों के जवाब में मंत्री ने बताया कि सरकार इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश का विस्तार से अवलोकन करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि कहीं आरक्षण प्रावधानों के अनुपालन में कमी या किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो सरकार आवश्यक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि अभ्यर्थियों के बीच एसटीईटी और टीआरई की आरक्षण व्यवस्था को लेकर कई तरह की शंकाएं सामने आई हैं, जिन्हें दूर करने के लिए विभाग पूरी गंभीरता से समीक्षा कर रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य पारदर्शी और नियमसम्मत तरीके से नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है।

## कैबिनेट ने केरल राज्य के नाम को बदलकर 'केरलम' करने को दी मंजूरी

एजेंसी | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज मंगलवार को 'केरल' राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कैबिनेट की मंजूरी के बाद, भारत के राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत विचार व्यक्त करने के लिए केरल राज्य विधान सभा को केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 नामक एक विधेयक भेजेंगे। केरल राज्य विधान सभा की राय प्राप्त होने के बाद, भारत सरकार आगे की कार्रवाई करेगी और संसद में 'केरल' राज्य का नाम 'केरलम' करने के लिए केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 को पेश करने के लिए राष्ट्रपति की सिफारिश प्राप्त की जाएगी। केरल विधानसभा ने 24.06.2024 को 'केरल' राज्य का नाम 'केरलम' करने का एक प्रस्ताव पारित किया, जो इस प्रकार है- हमारे राज्य का नाम मलयालम भाषा में 'केरलम' है। 1 नवंबर, 1956 को भाषा के आधार पर राज्यों का गठन किया गया था। केरल पिरवी दिवस भी 1 नवंबर को है। राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही मलयालम भाषा बोलने वाले लोगों के लिए संयुक्त केरल के गठन की एक मजबूत मांग रही है। लेकिन संविधान की पहली अनुसूची में हमारे राज्य का नाम 'केरल' दर्ज है। यह विधानसभा सर्वसम्मति से केंद्रीय सरकार से संविधान के अनुच्छेद 3 के अनुसार नाम को 'केरलम' में संशोधित करने के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील करती है।

इसके बाद, केरल सरकार ने भारत सरकार से संविधान के अनुच्छेद 3 के अनुसार राज्य का नाम 'केरल' से 'केरलम' करने के लिए संविधान की पहली अनुसूची में संशोधन करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है। संविधान का अनुच्छेद 3 मौजूदा राज्यों के नामों के परिवर्तन के लिए प्रदान करता है। अनुच्छेद 3 के अनुसार, संसद कानून द्वारा किसी भी राज्य का नाम बदल सकती है।

सहकारिता और डेयरी क्षेत्र के एकीकृत विकास की दिशा में बड़ा कदम, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति

## बीएससीबी-कॉम्फेड के बीच अहम समझौता, दुग्ध उत्पादकों को मिलेगा वित्तीय मजबूती का नया आधार

निज संवाददाता | पटना




बिहार में सहकारिता आधारित आर्थिक ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड (बीएससीबी) और बिहार राज्य दुग्ध सहकारी संघ लिमिटेड (कॉम्फेड) के बीच समझौता (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य वित्तीय सेवाओं का विस्तार, दुग्ध उत्पादकों का आर्थिक सशक्तिकरण तथा सहकारी तंत्र का समेकित विकास सुनिश्चित करना है। एमओए पर कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक समीर सौरभ और बीएससीबी के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत दुग्ध समितियों को सुदृढ़ वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा तथा किसानों और दुग्ध उत्पादकों को सुलभ बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीण स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

कार्यक्रम में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने कहा कि कॉम्फेड विकास का नया अध्याय शुरू कर रहा है। उन्होंने बताया कि बिहार की मछली अब वैश्विक बाजारों तक पहुंच रही है, जो राज्य के मत्स्य क्षेत्र की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। पशुपालन, मुर्गीपालन और बकरी पालन जैसे व्यवसाय ग्रामीण और गरीब परिवारों के आर्थिक उत्थान का मजबूत माध्यम बन रहे हैं, जिसमें सहकारी बैंक ऋण और वित्तीय सहायता देकर अहम भूमिका निभा रहा है। वहीं सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने गुजरात के 'बनासकांठा मॉडल' का उल्लेख करते हुए कहा कि सहकारिता के बल पर गांवों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि बैंकिंग और कृषि—विशेषकर डेयरी, मत्स्य और पशुपालन को जोड़ते हुए एकीकृत इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा। किसानों की आय बढ़ाने के लिए शहद उत्पादन को भी सुधा नेटवर्क से जोड़ने की योजना है, जबकि 'सात निश्चय' के तहत प्रत्येक पंचायत में सुधा बिक्री केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि सहकारी बैंक की मॉनिटरिंग भारतीय रिजर्व बैंक और नाबार्ड द्वारा की जा रही है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है। उन्होंने बताया कि फाइनेंशियल लिटरेसी कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित समितियों को प्रशिक्षित किया जाएगा तथा माइक्रो एटीएम की सुविधा उपलब्ध कराकर ग्रामीण स्तर पर बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाया जाएगा। कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक समीर सौरभ ने कहा कि प्रत्येक गांव में डीसीएस और पंचायत स्तर पर सुधा विक्रय केंद्र स्थापित करने से दुग्ध उत्पादकों को संगठित बाजार, उचित मूल्य और नियमित आय सुनिश्चित होगी। उन्होंने इस एमओए को तकनीकी और संस्थागत सहयोग के माध्यम से रोजगार सृजन और सतत विकास को बढ़ावा देने वाली पहल बताया। कार्यक्रम में विधायक जितेंद्र कुमार, बिहार राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे, सहकारिता समिति के निबंधक रजनीश कुमार सिंह तथा नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

विशेषज्ञों का मानना है कि "सहकारिता में सहकार" के सिद्धांत पर आधारित यह समझौता विभिन्न सहकारी संस्थाओं के बीच समन्वय को मजबूत करेगा। इससे सहकारी बैंक और डेयरी नेटवर्क के बीच साझेदारी बढ़ेगी, किसानों को वित्तीय सुरक्षा मिलेगी और राज्य में सहकारिता आधारित आर्थिक मॉडल को नई दिशा प्राप्त होगी।

### सात निश्चय-3 के तहत डेयरी नेटवर्क का विस्तार

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि राज्य सरकार "सात निश्चय-3" के संकल्पों के अनुरूप दुग्ध क्षेत्र को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। योजना के तहत प्रत्येक गांव में डेयरी कोऑपरेटिव सोसायटी (डीसीएस) और प्रत्येक पंचायत में 'सुधा' विक्रय केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्यभर में 8053 सुधा बिक्री केंद्र खोलने की योजना से उत्पादकों को सुलभ बाजार मिलेगा और बिक्री में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि बैंक मित्रों के माध्यम से समितियों और दुग्ध उत्पादकों को डिजिटल भुगतान, बैंकिंग सेवाओं और ऋण सुविधाओं से जोड़ा जाएगा, जिससे विशेष रूप से महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

सीमावर्ती सुरक्षा और विकास योजनाओं की करेंगे समीक्षा

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बिहार में तीन दिवसीय दौरा आज से


• चयनित गांवों में स्थानीय लोगों से सीधे संवाद की भी संभावना

निज संवाददाता | पटना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 फरवरी से तीन दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं। 25, 26 और 27 फरवरी तक प्रस्तावित इस दौरे में उनका मुख्य फोकस राज्य के सीमावर्ती जिले किशनगंज और अररिया रहेंगे। दौरे को सुरक्षा और विकास के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। बिहार सरकार के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि गृह मंत्री इस दौरान कई महत्वपूर्ण बैठकों और कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वहीं विधायक मिथिलेश तिवारी ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा गृह मंत्री की प्राथमिकता है और बिहार भी उनके एजेंडे में प्रमुख स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर ठोस एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा तथा प्रशासनिक स्तर पर सक्रियता बढ़ाई जाएगी। दौरे के दौरान अमित शाह अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े सुरक्षा तंत्र की उच्च स्तरीय समीक्षा करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बैठक में सीमा पर निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, खुफिया समन्वय बढ़ाने और तकनीकी निगरानी तंत्र के विस्तार जैसे मुद्दों पर चर्चा संभावित है। साथ ही स्थानीय प्रशासन और केंद्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने पर भी जोर रहेगा। किशनगंज और अररिया अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे संवेदनशील जिले हैं, इसलिए गृह मंत्री का दौरा रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक अमित शाह कुछ चयनित गांवों का दौरा कर स्थानीय लोगों से सीधा संवाद भी कर सकते हैं, जिससे योजनाओं के वास्तविक क्रियान्वयन का आकलन किया जा सके। गृह मंत्री का यह तीन दिवसीय बिहार दौरा सुरक्षा समीक्षा के साथ-साथ विकास और जनसंपर्क के दृष्टिकोण से भी अहम माना जा रहा है, जिससे सीमावर्ती जिलों में केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकताओं का स्पष्ट संदेश जाएगा।

### 'वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम की जमीनी पड़ताल



गृह मंत्री सीमावर्ती गांवों में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'वाइब्रेंट विलेज' प्रोग्राम की प्रगति का भी जायजा लेंगे। इस योजना के तहत सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन से जुड़ी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ें और लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### जानलेवा हमले का एक वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, भेजे गए जेल

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के छतनी गांव से पुलिस बलों ने बीते सोमवार की रात्रि को जानलेवा हमला करने वाले एक वांछित आरोपी को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान छतनी गांव निवासी कारू यादव के पुत्र सुरेश यादव के रूप में हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बीते वर्ष 2024 के 4 फरवरी की दोपहर को छतनी गांव निवासी किशोरी यादव के पुत्र राज कुमार को गांव के ही 8 लोगों द्वारा धारदार टांगी से मारपीट कर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया था। साथ ही गले में रहे सोने के लॉकेट आदि भी छिन लिया गया था। घटना को लेकर पीड़ित राज कुमार द्वारा थाने को लिखित आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 46/24 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांड के वांछित आरोपी सुरेश यादव को एएसआई अरविंद पासवान ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को मंगलवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### 27 फरवरी 2026 को एकदिवसीय रोजगार कैम्प का होगा आयोजन

**नवादा।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक 27.02.2026 को कौशल विकास केन्द्र, अकबरपुर प्रखंड के प्रांगण में एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बी.एस.डी.सी., अकबरपुर, कॉमन सर्विस सेंटर, अकबरपुर, सुखदेव करियर सेंटर, अकबरपुर एवं एस.डी.सी., फतेहपुर, अकबरपुर द्वारा एल.एफ., काउन्सलर एवं मोबिलाइज़र पद के लिए 19 रिक्तियां अधिसूचित की गई हैं। जिसके लिए योग्यता बारहवीं अथवा स्नातक के साथ कम्प्यूटर (के.वाई.पी.), डी.सी.ए., ए.डी.सी.ए. तथा 1 से 2 वर्ष का फील्ड का अनुभव होना चाहिए। वेतन 8000 से 10500 के साथ टी.ए. की सुविधा मिलेगी। पात्रता हेतु आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। कार्यस्थल मेसकौर एवं अकबरपुर है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल — कौशल विकास केन्द्र, अकबरपुर प्रखंड के प्रांगण में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक आयोजित होगा। जो अभ्यर्थी NCS Portal पर निबंधित हैं, वही आवेदक रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो अभ्यर्थी निबंधित नहीं हैं, वे आवेदक NCS Portal पर अपना निबंधन स्वयं या जिला नियोजनालय, नवादा में कराकर भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, नियोजन की शर्तों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नारदीगंज (नवादा)।** पेंशनर भवन नारदीगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर मंगलवार को आयोजित हुई। आयोजित शिविर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार के निर्देशानुसार पर हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। सीएचसी में कार्यरत चिकित्सक डा. इंद्रदेव कुमार ने शिविर में आये प्रखंड के विभिन्न गांवों के 12 पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच किये। उसके बाद उन्हें दवाई देकर स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिविर में पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद,सचिव श्रीकांत सिंह, सियाशरण दास, कामता प्रसाद सिंह,रघुनंदन प्रसाद,दशरथ प्रसाद समेत अन्य पेंशनरों ने उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच कराये।

### अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के ब्राउजर का विमोचन, बेंगलुरु में होगा वैश्विक मंथनःप्रो. (डॉ.) नरेंद्र श्रीवास्तव



**मधेपुरा।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय (बीएनएमयू), मधेपुरा के लिए गर्व का विषय है कि पहली बार विश्वविद्यालय किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सहयोगी की भूमिका निभा रहा है। बंगलौर विश्वविद्यालय, बेंगलुरु एवं बीएनएमयू के संयुक्त तत्वावधान में 25 एवं 26 मई को बेंगलुरु में आयोजित होने वाली दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस "इकोसिस्टम कंजर्वेशन एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट" के ब्राउजर का विमोचन विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर स्थित विज्ञान कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के पेट्रोन बीएनएमयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) बिमलेंदु शेखर झा तथा बेंगलुरु विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जयकारा एस. एम. हैं। आयोजन समिति में एआईटी संस्थान के निदेशक प्रो. पी. एस. मुर्थी ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन तथा एसएबीएस के अध्यक्ष प्रो. पी. नटराजन प्रमुख भूमिका में हैं। वहीं बीएनएमयू जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) नरेंद्र श्रीवास्तव ऑर्गेनाइजिंग जनरल सेक्रेटरी एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. पंचानंद मिश्रा जॉइंट ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी बनाए गए हैं।

ब्राउजर विमोचन के बाद प्रो. (डॉ.) नरेंद्र श्रीवास्तव ने शिक्षकों एवं शोधार्थियों को कॉन्फ्रेंस की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि बीएनएमयू का इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच से जुड़ना विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के बाद शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए बेंगलुरु स्थित प्रतिष्ठित शोध संस्थानों — जैसे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एवं अन्य वैज्ञानिक संस्थानों — का शैक्षणिक भ्रमण भी प्रस्तावित है, जिससे उन्हें समकालीन वैज्ञानिक शोध और तकनीकी गतिविधियों की जानकारी मिलेगी। उन्होंने 100 से अधिक शोध-पत्र पंजीकरण का लक्ष्य रखते हुए पंजीकरण संबंधी जानकारी के लिए वनस्पति विज्ञान के डॉ. पंचानंद मिश्रा तथा जंतु विज्ञान विभाग के डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह को अधिकृत किया। बैठक में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. संग्राम सिंह, डॉ. बी.के. दयाल, डॉ. पंचानंद मिश्रा सहित अन्य शिक्षकों ने भी शोधार्थियों को इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी से अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मधेपुरा यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल यादव, डीएसटी प्रोजेक्ट असिस्टेंट रुद्रानी, डॉ.ब्रजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी, पीजी छात्र एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कोसी की अकादमिक आवाज राष्ट्रीय मंच पर बुलंदः प्रो. अशोक फिर बने एआईफुक्टो के उपाध्यक्ष

**सहरसा/मधेपुरा।** कोसी अंचल के शिक्षा जगत के लिए गौरव का क्षण तब सामने आया, जब प्रो. अशोक कुमार सिंह को पुनः अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (एआईफुक्टो) का उपाध्यक्ष चुना गया। वर्तमान में वे बीएन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के इतिहास एवं संस्कृति विभागाध्यक्ष हैं तथा एसएनएसआरकेएस कॉलेज सहरसा के पूर्व प्रधानाचार्य रह चुके हैं। यह जिम्मेदारी उन्हें 21 से 23 फरवरी तक तमिलनाडु के मदुरै में आयोजित महासंघ के 34वें संवैधानिक महाधिवेशन में दी गई, जहां देशभर से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नए राष्ट्रीय पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। महाधिवेशन में प्रो. ई. निशांत को राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रो. अरुण कुमार को महासचिव तथा प्रो. मोज्जपाल सिन्ह को कोषाध्यक्ष चुना गया। संगठनात्मक मजबूती और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए 15 उपाध्यक्ष और 10 क्षेत्रीय सचिवों का भी चुनाव हुआ। बिहार से विशेष रूप से दो शिक्षाविदों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली। प्रो. अशोक कुमार सिंह (मधेपुरा) और प्रो. हरिशचंद्र शाही को उपाध्यक्ष तथा डॉ. शम्भूनाथ प्रसाद सिंह को क्षेत्रीय सचिव निर्वाचित किया गया। शिक्षाविदों का मानना है कि प्रो. अशोक के पुनः उपाध्यक्ष बनने से न केवल बिहार बल्कि कोसी-सीमांचल क्षेत्र के विश्वविद्यालय और महाविद्यालय शिक्षकों की आवाज राष्ट्रीय स्तर पर और प्रभावी ढंग से उठेगी। कोसी की धरती से उठी एक अकादमिक आवाज अब फिर राष्ट्रीय मंच पर गूंजेगी—और यह क्षेत्र के शिक्षकों के लिए नए अवसरों का संकेत भी है।

# एसबीआई रजौली में लंच ब्रेक के नाम पर घंटों गायब रहते हैं कर्मी

- बदहाली और बदसलूकी से ग्राहक बेहाल
- ग्राहकों को विभिन्न काउंटरों पर भेज किया जाता है परेशान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



बैंक के बाहर खाना खाकर वापस लौटते कर्मी

**रजौली।** रजौली के पुरानी बस स्टैंड स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा इन दिनों बैंकिंग सेवाओं के बजाय कर्मियों की मनमानी और ग्राहकों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार को लेकर चर्चा में है। यहां बैंक कर्मियों के लिए निर्धारित भोजन का समय आम जनता के लिए भारी परेशानी का सबब बन चुका है, क्योंकि खाना खाने के नाम पर कर्मी अपनी सीटों से घंटों नदारद रहते हैं। मंगलवार को बैंक की अव्यवस्था उस वक्त उजागर हुई जब दोपहर करीब 1:30 बजे काउंटर नंबर 3 पर काम कराने पहुंचे ग्राहक मो. आशिक को कर्मी की अनुपस्थिति के कारण घंटों इंतजार करना पड़ा। पूछने पर ज्ञात हुआ कि उक्त काउंटर के कर्मी अविनाश कुमार भोजन के लिए बाहर गए हैं, जो करीब 2:45 बजे वापस लौटे। जब उनसे देरी का कारण पूछा गया, तो उन्होंने नियम का हवाला देते हुए आधे घंटे के लंच की बात कही, जबकि हकीकत में वे सवा घंटे से अधिक समय तक गायब रहे। बैंक की इस लचर कार्यप्रणाली का शिकार केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि बभनटोली निवासी कुमार मनीष देव जैसे कई लोग हैं। मनीष देव का 'योनो' ऐप पिछले सोमवार से बाधित था, जिसके समाधान के लिए उन्हें एक टेबल से दूसरे टेबल पर फुटबॉल की तरह दौड़ाया गया। बैंक मैनेजर नरेश बिनोद कुमार ने उन्हें काउंटर नंबर 4 पर भेजा, जहां से भरत कुमार ने उन्हें काउंटर नंबर 8 की राह दिखा दी।अंततः समाधान न होने पर जब ग्राहक पुनः मैनेजर के पास पहुंचा, तो समाधान के बजाय उन्हें यह कड़वा जवाब मिला कि 'क्या सारा काम मैनेजर ही करेगा' मैनेजर की इस बेरुखी और अन्य कर्मियों की टालमटोल की नीति से तंग आकर पीड़ित ग्राहक ने घटना की लिखित व दूरभाष के माध्यम से क्षेत्रीय प्रबंधक,उप प्रबंधक एवं प्रधान कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है।

बैंक में मौजूद अन्य ग्राहकों ने भी एक सुर में आरोप लगाया कि यहां कर्मियों की मनमानी चरम पर है और काउंटर पर मौजूद लोग ग्राहकों की समस्याओं को सुनने के बजाय उन्हें गुमराह करने में लगे रहते हैं। इस पूरे प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक नीरज कुमार ने आश्वासन दिया है कि वे शाखा प्रबंधक से विस्तृत जानकारी लेकर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, ताकि ग्राहकों को भविष्य में इस तरह की मानसिक प्रताड़ना का सामना न करना पड़े।

## होली एवं रमजान को लेकर कौआकोल थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

### पर्व में हुड़दंग मचाने वालों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना परिसर में मंगलवार को रमजान एवं होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके व हर्षोल्लास वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। सीओ मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में अधिकारियों ने कहा कि कोई भी पर्व और त्योहार आपसी सद्भाव एवं प्रेम का प्रतीक होता है न कि समाज में हुड़दंग मचाने के लिए। हमें चाहिए कि कोई भी त्योहार चाहे वह किसी भी समुदाय और सम्प्रदाय का हो उसे आपसी गले शिकवे को मिटाकर मनाना चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दरम्यान हुड़दंग मचाने वालों की खैर नहीं होगी। पुलिस प्रशासन वैसे तत्वों के साथ पूरी कड़ाई व सख्ती से निपटेगी। पुलिस प्रशासन की वैसे लोगों पर पैनी निगाह रहेगी,जो शांति को भंग करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पर्व के दरम्यान शराब का सेवन करने वालों व शराब का धंधा करने वालों के विरुद्ध भी सख्ती जारी रहेगी। वहीं बैठक के दौरान अधिकारियों में मौजूद लोगों से इलाके में विधि व्यवस्था के बारे में भी विस्तार से चर्चा किया। तथा संवेदनशील इलाकों में व्यापक प्रशासनिक इंतजाम करने की बात कही। मौके पर बैठक में 20सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा,उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, रालोमो नेता विनय कुशवाहा,नवल पासवान, बिनोद यादव,चन्द्रिका प्रसाद,गोपाल रजक,रघुनन्दन महतो आदि मौजूद थे।

### रजौली में डीजे लदे वाहनों पर परिवहन विभाग का कड़ा प्रहार

## दो दिनों में वसूला सत्तर हजार का जुर्माना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



डीजे वाहन पर जुर्माना लगाते ईएसआई

**रजौली।** रजौली स्थित एनएच-20 पर समेकित जांच चौकी पर परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डीजे लदे वाहनों से भारी जुर्माना वसूला है। ईएसआई संदीप कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस सघन जांच अभियान के दौरान एक ट्रैक्टर डीजे ट्रॉली और एक पिकअप पर लदी डीजे ट्रॉली को पकड़ते हुए नियमानुसार करीब 45 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया।

उन्होंने बताया कि एक डीजे वाहन से 20500 रूपये तथा दूसरे वाहन से 24000 रूपए का जुर्माना लगाया गया है.ईएसआई संदीप कुमार ने स्पष्ट किया कि आगामी आयोजनों और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु बीते 19 फरवरी से ही डीजे के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने का सख्त निर्देश जारी किया जा चुका है, जिसके उल्लंघन पर अब विभाग कड़ा रुख अख्तियार कर रहा है। विभागीय सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले महज दो दिनों के भीतर विभिन्न वाहनों से कुल सत्तर हजार रुपये की जुर्माना राशि वसूल की जा चुकी है, जो प्रतिबंध के बावजूद नियमों की अनदेखी करने वालों के लिए एक बड़ी चेतावनी है।

## उर्वरक अनुज्ञप्तिधारकों का पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

### प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का हुआ वितरण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कौआकोल।** प्रखंड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल के बैनर तले चल रहे उर्वरक अनुज्ञप्तिधारकों के समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हुआ। इस अवसर पर ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविन्द कुमार ने प्रशिक्षण के समापन उपरांत सभी प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि उर्वरक डीलर ही गांव में किसान के सलाहकार हैं। उन्होंने उनसे प्रशिक्षण में सीखे गए गुर से किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने को कहा। पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने उर्वरक डीलरों से मिट्टी जांच कराकर किसानों को उर्वरक की अनुशंसा करने की भी बात कही। उन्होंने किसानों को सही जानकारी देने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि उन्हें गलत जानकारी ना दें। उन्होंने रासायनिक के साथ-साथ जैविक उर्वरक का प्रयोग कर मिट्टी को बचाने एवं सुरक्षित रखने की बात कही। मौके पर रौशन कुमार,शशांक शेखर सिंह,अंगद कुमार आदि मौजूद रहे।

# हरदिया के स्वच्छताकर्मियों को नहीं मिला 18 माह से पैसा, बढ़ी परेशानी

### बीडीओ ने होली के पूर्व भुगतान का दिया आश्वासन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वच्छताकर्मी

**रजौली।** रजौली प्रखंड के हरदिया पंचायत के लोहिया स्वच्छता कर्मियों को 18 महीने से वेतन नहीं मिलने से स्वच्छता कर्मियों ने प्रखंड कार्यालय आकर बीडीओ संजीव झा से मिले। स्वच्छता कर्मियों ने अपना दुःख प्रकट करते हुए बताया कि अगले सप्ताह में होली का त्यौहार है और पैसों के बिना वे बच्चों संग रंगों का त्यौहार कैसे मना पाएंगे।

स्वच्छता कर्मियों में रहे सतीश राजवंशी, गणेश कुमार, सनोज राजवंशी, चंद्रदेव राजवंशी, बाबूलाल मांझी, पंकज कुमार राजवंशी, बबली देवी, बेबी देवी, गणेश राजवंशी, बबलू राजवंशी सहित कई कर्मी मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे पिछले 18 महीने से वेतन के लिए भटक रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें वेतन नहीं मिला है।वेतन भुगतान नहीं होने पर स्वच्छताकर्मियों में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के विरोध कड़ा आक्रोश देखा गया। उन्होंने बताया कि वे अपने परिवार का पालन-पोषण करने में असमर्थ हैं और उनके बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।स्वच्छता कर्मियों ने बताया कि वे अपनी मांगों को लेकर आगे भी संघर्ष जारी रखेंगे और जब तक उन्हें उनका वेतन नहीं मिल जाता, वे चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने बताया कि वे अपने अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे और अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस संबंध में बीडीओ संजीव झा ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों का बकाया भुगतान होली के पूर्व किए जाने की बात कही है। उन्होंने बताया कि वे जल्द ही स्वच्छता कर्मियों के वेतन का भुगतान कराने का प्रयास करेंगे।

## प्रखंड किसान सलाहकार समिति की बैठक



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पकरीबरावां।** प्रखंड कृषि कार्यालय में मंगलवार को नवगठित प्रखंड किसान सलाहकार समिति की बैठक प्रखंड तकनीकी सहायक सुनील कुमार की अध्यक्षता में किया गया। प्रखंड किसान सलाहकार समिति की पहली बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी पकरी बरमा को बुके देकर सम्मानित किया गया प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सह सदस्य सचिव सुनील कुमार बताया कि बैठक में समिति का गठन का उद्देश्य कृषक हित किसानों की समस्या किसान का योजना को सुलभ तथा पारदर्शी बनाने को लेकर सरकार के द्वारा सभी प्रखंडों में प्रखंड किसान सलाहकार समिति का गठन किया गया है जिसको लेकर बैठक में चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया।

बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार प्रखंड किसान सलाहकार समिति का अध्यक्ष सौरभ कुमार सहायक तकनीकी प्रबंधक विनोद यादव कृषि समन्वय रविंद्र कुमार सदस्य पूजा कुमारी मनोज कुमार सुदामा चौहान संतोष कुमार मुनीलाल कुमार दिलीप कुमार रंजन रामानंद सिंह एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## शैक्षणिक परिभ्रमण के तहत राजगीर एवं पावापुरी का छात्राओं ने किया भ्रमण



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** बिहार शैक्षिक दर्शन 2025-26 के अंतर्गत प्रखंड के गायत्री प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय कौआकोल की छात्राओं ने सोमवार को मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत राजगीर एवं पावापुरी का भ्रमण किया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार ने बताया कि परिभ्रमण का उद्देश्य बच्चों को कक्षा के बाहर भी व्यावहारिक ज्ञान देना था,ताकि वे ऐतिहासिक,वैज्ञानिक और पर्यावरणीय स्थलों को नजदीक से देख सकें। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को नालन्दा जिला के प्रसिद्ध पावापुरी मंदिर,राजगीर के शांति स्तूप,नालन्दा खंडहर आदि ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण कराकर उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## नरहट सीएचसी में एचआरपी फॉलोअप पर गहन समीक्षा बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



सीएचसी में बैठक करते चिकित्सा प्रभारी एवं अन्य

**नरहट (नवादा)।** ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहट में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। मंगलवार को हुई इस बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश ने की, जिसमें एएनएम, जीएनएम, सीएचओ एवं आशा फैसलिटेटर के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का फोकस हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं के फॉलोअप पर रहा, जो मातृ मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सक्रिय सहभागिता वाले प्रमुख सदस्यः पिरामल प्रतिनिधि मंतोष कुमार,समेकित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्री मति ज्योति सिन्हा,स्वास्थ्य प्रबंधक राहुल कुमार, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक संजय कुमार, परिवार नियोजन कार्यकर्ता मंटू कुमार, डब्लू एच् ओ प्रतिनिधि विष्णु कान्त पाण्डेय तथा डाटा ऑपरेटर सुनील कुमार ने विचार-विमर्श में योगदान दिया। डॉ. ओम प्रकाश ने बैठक की शुरुआत में कहा एचआरपी महिलाओं का फॉलोअप हमारी प्राथमिकता है। कोई चूक बर्दाश्त नहीं होगी।

**बैठक में मुख्य चर्चा एवं निर्णयः** एएनसी एवं उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का फॉलोअप सेवाओं की समीक्षा में पाया गया कि उच्च जोखिम वाली महिलाओं का 50 प्रतिशत फॉलोअप सुनिश्चित है, लेकिन शेष पर विशेष निगरानी जरूरी। प्रत्येक एएनएम को साप्ताहिक रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिया गया। डिजिटल स्वास्थ्य डिवाइस एमआईडीएच के खराब होने से डाटा संग्रह प्रभावित हो रहा है। तत्काल मरम्मत हेतु जिला स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजने का निर्णय लिया गया ताकि इसकी मरम्मती का काम हो सके। सभी सदस्यों को बोला गया कि आप लोग अगले बैठक मे आपलोग अपना अपना एमआईडीएच डिवाइस जो कार्यरत नहीं है उसे लेकर आएंगे।

**आयरन सुक्रोज इंजेक्शन देना करें सुनिश्चितः** एनीमिया रोकथाम के लिए इंजेक्शन का उपयोग करने के लिए सभी डॉ एवं एएनएम को बोला गया कि 9 ग्राम से कम वाले सभी गर्भवती महिलाओ को आयरन सुकरोज का इंजेक्शन देना सुनिश्चित करें ताकि प्रसव के समय परेशानी से बचा जा सके, साथ ही स्टॉक चेक कर रिफिल सुनिश्चित करने के आदेश दिया गया। परिवार नियोजन पखवाड़ाः 23 फ़रवरी 5 मार्च तक दम्पति संपर्क पखवाड़ा 6 मार्च से 20 मार्च तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा इसके लिए सभी फसलिटेटर को निर्देश दिया गया कि एक फसलिटेटर को 2 पुरुष नसबंदी, प्रत्येक आशा को दो महिलाओ बंध्याकरण, दो ppiucd, दो iucd, दो अंतरा, 20 माला N, 20 छाया तथा 50 निरोध का लक्ष्य दिया गया। आगामी पखवाड़े के लिए जागरूकता रैली, कैंप का आयोजन किया जाना है जिसकी जानकारी सभी को दी गयी। बैठक के अंत में डॉ. ओम प्रकाश ने सभी को बधाई दी तथा कहा, "हमारा संकल्प है- स्वस्थ मां, स्वस्थ शिशु।"

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### आरटीई के तहत 2218 बच्चों को स्कूल आवंटन, क्षमता छिपाने वाले प्राइवेट स्कूलों की मान्यता होगी रद्द




**नालंदा।** नालंदा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में पहली कक्षा में नामांकन के लिए रैंडमाइजेशन विधि के जरिए 2218 बच्चों को स्कूलों का आवंटन कर दिया गया। जिले के निबंधित निजी विद्यालयों में 25 फीसदी सीटें कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित होती हैं, जिन पर दाखिले के लिए शिक्षा विभाग ने ज्ञानदीप पोर्टल पर 15 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन मांगे थे। इस अवधि में जिले भर से कुल 2351 बच्चों ने पहली कक्षा में नामांकन के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी, जिनमें से पारदर्शी प्रक्रिया के बाद सोमवार को 2218 बच्चों की लॉटरी निकल गई है। चयनित हुए इन सभी छात्र-छात्राओं का अब 24 फरवरी से लेकर 10 मार्च तक उनके आवंटित स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया के बीच एक बड़ी लापरवाही और निजी स्कूलों की मनमानी भी खुलकर सामने आई है। विभागीय रिपोर्ट के मुताबिक, जिले में कुल 801 निजी विद्यालय मान्यता प्राप्त (निबंधित) हैं। लेकिन, इनमें से दर्जनों विद्यालयों ने गरीब बच्चों को मुफ्त पढ़ाने की जिम्मेदारी से बचने के लिए ज्ञानदीप पोर्टल पर अपनी नामांकन क्षमता ही अपलोड नहीं की।

शिक्षा विभाग द्वारा कई माध्यमों से अपील किए जाने के बावजूद इन स्कूल संचालकों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। क्षमता अपलोड न होने के कारण इन स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के तहत गरीब बच्चों का नामांकन नहीं हो सकेगा, जो सीधे तौर पर नियमों की अनदेखी है। इस मनमानी को लेकर शिक्षा विभाग अब सख्त कार्रवाई के मूड में है। समग्र शिक्षा के डीपीओ मो. शाहनवाज ने दो टूक शब्दों में कहा है कि जिन निबंधित निजी स्कूलों ने पोर्टल पर अपनी नामांकन क्षमता अपलोड नहीं की है, उनकी अब स्थलीय (भौतिक) जांच कराई जाएगी। जांच में कोताही पाए जाने पर ऐसे स्कूलों की प्रस्वीकृति यानी मान्यता रद्द करने के लिए वरीय अधिकारियों से सख्त अनुशंसा की जाएगी।

विभागीय छानबीन में एक और चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया है कि आरटीई के तहत बच्चों के नामांकन के लिए क्षमता अपलोड न करने वाले कई विद्यालय ऐसे हैं, जो शिक्षा विभाग के कागजों में तो निबंधित हैं, लेकिन धरातल पर उनका कोई अता-पता ही नहीं है। शिक्षा विभाग के सूत्रों की मानें तो जिले में ऐसे 'कागजी' विद्यालयों की संख्या 50 से 70 के बीच हो सकती है, जिन पर अब विभाग का डंडा चलना तय माना जा रहा है।

**विभाग भुगतान करेगी:** आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दाखिला पाने वाले बच्चों को सरकार की तरफ से कई अहम सुविधाएं दी जाती हैं। इन स्कूलों में नामांकित बच्चों की पढ़ाई का शुल्क, उनकी पोशाक और पाठ्यपुस्तकों की राशि की प्रतिपूर्ति सरकार द्वारा की जाती है। स्कूल प्रबंधन द्वारा ज्ञानदीप पोर्टल पर बच्चों के इन खर्चों की इंट्री की जाती है, जिसके आधार पर विभाग सीधे राशि का भुगतान करता है। इस पूरी प्रक्रिया पर जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय ने बताया कि आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में पहली कक्षा में नामांकन की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। ज्ञानदीप पोर्टल पर आवेदन करने वाले पात्र छात्रों को स्कूल आवंटित कर दिए गए हैं और अब तय समय सीमा के भीतर बच्चों का उनके आवंटित स्कूलों में नामांकन कराने की प्रक्रिया शुरू करा दी जाएगी।

### पूर्णिया की नूतन गुप्ता को बड़ी जिम्मेदारी: वैश्य महासभा महिला मोर्चा की बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनीं



**पूर्णिया।** पूर्णिया की राजनीति और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी एक अहम खबर सामने आई है। भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री नूतन गुप्ता को उनकी कर्मठता, संगठन क्षमता और समाज के प्रति समर्पण का बड़ा सम्मान मिला है। उन्हें 'अखिल सिंदुरिया बनिया कथबनिया कैथल वैश्य महासभा' के महिला मोर्चा का बिहार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस मनोनयन के बाद पूर्णिया सहित पूरे प्रदेश के वैश्य समाज में खुशी और उत्साह का माहौल है। नूतन गुप्ता की पहचान लंबे समय से एक सक्रिय, संघर्षशील और जुझारू सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में रही है। संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी निरंतर भागीदारी और समाजसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए महासभा के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें महिला मोर्चा की कमान सौंपी है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नूतन गुप्ता ने कहा कि यह जिम्मेदारी केवल एक पद नहीं बल्कि समाज की अपेक्षाओं का दायित्व है। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य प्रदेश भर में स्वजातीय महिलाओं को एकजुट करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ना होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन के विस्तार और महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा, "समाज ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करूंगी। महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना ही मेरा लक्ष्य है।" इधर, उनके प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने की खबर फैलते ही बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। भाजपा कार्यकर्ताओं, वैश्य महासभा के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। समर्थकों का कहना है कि नूतन गुप्ता के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और समाज की महिलाओं को मजबूत मंच प्राप्त होगा। राजनीतिक और सामाजिक जानकारों का मानना है कि यह नियुक्ति न केवल नूतन गुप्ता के लिए उपलब्धि है, बल्कि पूर्णिया जिले के लिए भी गौरव का विषय है, क्योंकि जिले की एक महिला नेता को प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है।

### कदाचार पर सख्ती, पारदर्शिता पर जोर — परीक्षा को लेकर कॉलेज प्रशासन अलर्ट



**मुरलीगंज।** कमलेश्वरी प्रसाद महाविद्यालय, मुरलीगंज (मधेपुरा) में भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक सेमेस्टर-3 परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचार-मुक्त एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार झा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ. शिवा शर्मा, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. दीपक कुमार सहित सभी शिक्षक एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान अनुशासन और निष्पक्षता से कोई समझौता नहीं होगा तथा किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कक्ष निरीक्षकों को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने तथा परीक्षार्थियों को भयमुक्त और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। बैठक में परीक्षा केंद्र की समुचित व्यवस्था, बैठने की योजना, प्रश्नपत्र वितरण की प्रक्रिया, समयपालन एवं निगरानी व्यवस्था जैसे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सदाचार संहिता के उल्लंघन की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों एवं कर्मियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ही कदाचार-मुक्त परीक्षा का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उपस्थित शिक्षकों ने भी निष्पक्ष परीक्षा संचालन का संकल्प दोहराया।

# गयाजी में 5 मार्च से अग्निवीर भर्ती, प्रशासन अलर्ट, व्यवस्था सख्त करने के निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



### हजारों अभ्यर्थियों के पहुंचने की संभावना



**गयाजी।** गयाजी में अग्निवीर सेना भर्ती को लेकर डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन पूरी तरह एक्टिव हो गया है। 5 मार्च से शुरू होने वाली भर्ती प्रक्रिया को सफल, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए आज बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय के सभागार में उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में सेना भर्ती निदेशक कर्नल आर मदन मोहन, डीएम शशांक शुभंकर, वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सहित सेना और प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में स्पष्ट किया गया कि 5 मार्च से 20 मार्च तक अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती का आयोजन मगध विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा। गया जिला समेत आसपास के जिलों से हजारों अभ्यर्थियों के पहुंचने की संभावना है। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सभी विभागों को पहले से तैयारी पूरी रखने का निर्देश दिया है।

**अभ्यर्थियों की सुविधा को प्राथमिकता दी:** अभ्यर्थियों की सुविधा को प्राथमिकता दी गई है। परिसर और आसपास पेयजल, अस्थायी शौचालय, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। नगर निगम को विशेष सफाई अभियान चलाने और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने का निर्देश मिला है, ताकि सुबह और देर शाम भी किसी तरह की परेशानी न हो। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त निगरानी रखी जाएगी। परिवहन विभाग को शहर और विश्वविद्यालय क्षेत्र में यातायात सुचारु रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ताकि जाम की स्थिति न बने।

**स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा:** स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। भर्ती स्थल पर मेडिकल टीम, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था और एंबुलेंस उपलब्ध रहेगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में कराई जाएगी। जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय पर पहुंचने, सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने और किसी भी तरह की अफवाह से दूर रहने की अपील की है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि भर्ती के दौरान हर जरूरी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# मांझी ने एआई समिट पर विपक्ष को घेरा, बोले- अंतरराष्ट्रीय मंच पर हंगामा देशहित के खिलाफ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी।** गयाजी में केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी 'AI समिट' को लेकर विपक्ष के विरोध-प्रदर्शन पर निशाना साधा है। उन्होंने इसे अलोकतांत्रिक करार देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस तरह का राजनीतिक हंगामा देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है। जब दुनिया के 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भारत की तकनीकी ताकत और क्षमता को देखने समझने आए हैं। उस समय विरोध-प्रदर्शन करना लोकतंत्र का नंगापन है। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन उसकी भी एक मर्यादा होती है। देश के सम्मान से ऊपर कोई राजनीति नहीं हो सकती। नेता प्रतिपक्ष के बयान पर कहा कि शायद तेजस्वी यादव को एआई का सही मतलब भी नहीं पता होगा। यह किसी राजनीतिक दल की रैली या सभा नहीं, बल्कि भारत के तकनीकी भविष्य का बड़ा मंच है। ऐसे आयोजनों को राजनीति के चश्मे से देखना ठीक नहीं है।

**विपक्ष का बयान गैर-जिम्मेदाराना है:** केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे कदमों से पार्टी खुद ही जनता के बीच अपनी सोच और मंशा उजागर कर रही है। देश जब वैश्विक मंच पर आगे बढ़ रहा है। तब विपक्ष का यह रवैया नकारात्मक और गैर-जिम्मेदाराना है। इस दौरान मांझी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। पीएम को तपस्वी और संत प्रवृत्ति का नेता बताते हुए कहा... मोदी देश को तकनीकी महाशक्ति बनाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विपक्ष के विरोध से प्रधानमंत्री की छवि पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है।

**विपक्ष को राजनीति से ऊपर उठकर सोचना होगा:** केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष को नसीहत देते हुए कहा कि देश के विकास और तकनीकी प्रगति जैसे मुद्दों पर राजनीति से ऊपर उठकर सोचने की जरूरत है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय की सबसे बड़ी ताकत है और भारत इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह समय राजनीतिक टकराव का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकजुटता का है। अगर देश मजबूत होगा तो राजनीति भी मजबूत होगी। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने में सभी दलों की जिम्मेदारी है। ऐसे में विपक्ष को सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

# नालंदा में रोजगार मेला, 632 अभ्यर्थी हुए शॉर्ट लिस्ट



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार की देखरेख में आज जिला नियोजनालय, नालंदा की ओर से जिला स्तरीय एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में युवाओं का भारी उत्साह देखने को मिला, जहां विभिन्न नियोजकों द्वारा लगभग 1000 रिक्तियों के विरुद्ध 632 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। इस एक दिवसीय मेले में कुल 20 नियोजकों (कंपनियों) ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की, जबकि रोजगार पाने की उम्मीद में 1208 अभ्यर्थी उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन स्थानीय सांसद कौशलेंद्र कुमार, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शुभम कुमार, बंदोबस्त पदाधिकारी प्रभात रंजन, जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास और श्रम अधीक्षक अश्विनी कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

**सरकार युवाओं को रोजगार दिलाने की कर रही कोशिश:** मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद कौशलेंद्र कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने की पूरी कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि आज का यह नियोजन मेला सरकार की इसी प्रतिबद्धता का एक जीता-जागता उदाहरण है। डीडीसी शुभम कुमार ने रोजगार मेले की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम साल 2010 से लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने युवाओं को केवल नौकरी पर निर्भर रहने के बजाय स्वरोजगार और उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाने पर विशेष बल दिया। इसके साथ ही, डीडीसी ने उद्योग विभाग और जिला निबंधन-सह-परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं से भी युवाओं को अवगत कराया। मेले के दौरान कई अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन भी किया गया।

**युवाओं को केवाईपी (KYP) सर्टिफिकेट दिए:** मौके पर कुछ युवाओं को सांसद कौशलेंद्र कुमार और डीडीसी शुभम कुमार के हाथों केवाईपी (KYP) सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इसके अलावा, आईटीआई (ITI) प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को टूल किट और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के बीच स्टडी किट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने युवाओं को नियोजन और कौशल विकास के लिए उचित मार्गदर्शन दिया। विभाग की अन्य चालू योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

नियोजनालय की ओर से नियोजन सहायता के क्रम में कैरियर सूचना केंद्र के साथ-साथ स्टडी किट और टूल किट योजना के बारे में भी बताया गया। परिसर में डीआरसीसी (DRCC), आरसेटी (RSETI) और श्रम संसाधन विभाग समेत विभिन्न सरकारी विभागों की ओक से विशेष स्टॉल लगाए गए थे, जहां अधिकारियों ने अपनी संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में युवाओं को विस्तृत जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मौके पर कार्यालय लिपिक राम मोहन सिंह, जिला कौशल प्रबंधकगण और नियोजनालय के सभी कर्मी मौजूद रहे।

# नालंदा सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत बेकाबू होकर पेड़ से टकराई बाइक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

### दो भाइयों की गई जान



**नालंदा।** नालंदा के अस्थावां थाना क्षेत्र के चुलिहारी मोड़ के पास आज सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा जाने के कारण घटना हुई है। मृतकों की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के चुलिहारी गांव निवासी डोमन राउत के बेटे मनीष राउत (38) और पटना के घोसवरी थाना क्षेत्र के सफराज नगर कुम्भरा गांव निवासी मुरारी राउत के बेटे पुटुस कुमार (राउत) (37) के रूप में की गई है।

**बेकाबू होकर पेड़ से टकराई बाइक:** पुटुस राउत अपनी बुआ के घर चुलिहारी गांव आया हुआ था। मंगलवार को वह अपने ममेरे भाई मनीष राउत के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान सारे-वारिसलीगंज मार्ग पर चुलिहारी मोड़ के पास अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सीधे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि हादसे के बाद दोनों युवकों के शव सड़क किनारे पड़े हुए थे। घटना की भनक लगते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ वहां इकट्ठा हो गई और फौरन मृतकों के परिजनों को इसकी सूचना दी गई। खबर मिलते ही परिजन बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे। उनकी चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। मृतक मनीष कुमार के छह बच्चे हैं, जिनके सिर से अचानक पिता का साया उठ जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

**आगे की छानबीन कर रही पुलिस:** घटना की गंभीरता को देखते हुए अंचलाधिकारी (सीओ) रवीन्द्र कुमार चौपाल, पुलिस इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिन्हा, अस्थावां थानाध्यक्ष उत्तम कुमार और सब-इंस्पेक्टर (एसआई) धर्मेंद्र कुमार दलबल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अस्थावां थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर दोनों शवों को अपने कब्जे में ले लिया है और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की छानबीन कर रही है।

# 2 मार्च से मैट्रिक कॉपियों का मूल्यांकन, बिहारशरीफ के 6 केंद्रों पर होगी जांच, आसपास धारा 163 लागू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालंदा।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से आयोजित मैट्रिक (वार्षिक माध्यमिक) परीक्षा 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य आगामी 2 मार्च से शुरू होने जा रहा है। जो 13 मार्च तक चलेगा। कॉपियों की जांच को शांतिपूर्ण और पूरी तरह से सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए नालंगा जिला प्रशासन ने पुख्ता तैयारियां की हैं। बिहारशरीफ अनुमंडल क्षेत्र में बनाए गए सभी छह मूल्यांकन केंद्रों के 200 गज की परिधि में धारा 163 (निषेधाज्ञा) लागू कर दी गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी (एसडीएम) किसलय श्रीवास्तव ने इस संबंध में सख्त आदेश जारी किए हैं। जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर केंद्रों के इर्द-गिर्द निरोधात्मक कार्रवाई की गई है।

डीएम की ओर से जारी संयुक्त प्रतिनियुक्ति आदेश के आलोक में, सभी केंद्रों पर दंडाधिकारियों की स्टेटिक प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो। इसी निर्देश का पालन करते हुए एसडीएम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए मूल्यांकन केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मूल्यांकन कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

**पाबंदी 2 से 13 मार्च तक:** बिहारशरीफ अनुमंडल मुख्यालय में जिन छह केंद्रों पर कॉपियों की जांच होनी है, उनमें आदर्श उच्च विद्यालय (बिहार टाउन उच्च विद्यालय कैंपस), सालुगंज मणिराम अखाड़ा स्थित बिहार टाउन उच्च विद्यालय, परमेश्वरी देवी कन्या प्लस-टू उच्च विद्यालय, सोहसराय स्थित राजकीय कन्या प्लस-टू उच्च विद्यालय, पीएल साहू उच्च विद्यालय और जवाहर कन्या उच्च विद्यालय शामिल हैं। इन सभी केंद्रों पर यह पाबंदी 2 से 13 मार्च तक प्रभावी रहेगी।

**कड़ी कार्रवाई की चेतावनी:** जारी आदेश के अनुसार, मूल्यांकन अवधि के दौरान इन केंद्रों के 200 गज के दायरे में एक साथ पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। इसके अलावा अनाधिकृत आवाजाही और किसी भी प्रकार का घातक हथियार जैसे लाठी, भाला, गड़ासा या आग्नेयास्त्र (लाइसेंसी हथियार सहित) लेकर चलने की सख्त मनाही होगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सुसंगत कानूनी प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह प्रतिबंध मूल्यांकन कार्य में ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, शव यात्रा और ऐसे व्यक्तियों (बुजुर्गों या दिव्यांगों) पर लागू नहीं होगा, जो बिना लाठी के सहारे नहीं चल सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### काराकाट पुलिस ने फरार शराब तस्कर को दबोचा, कंचनपुर से पप्पू चंद्रवंशी गिरफ्तार

**काराकाट/रोहतास**। काराकाट थाना क्षेत्र के अमरथा कंचनपुर में अवैध शराब तस्करी के फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पिछले साल दिसंबर में दो मोटरसाइकिल सवार झोला में शराब लादे भाग रहे थे। उस समय एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन दूसरा फरार हो गया था।पूछताछ में फरार आरोपी की पहचान होने पर उत्पाद अधिनियम 30ए के तहत कांड संख्या 538/25 दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस लगातार छापेमारी करती रही। मंगलवार को कंचनपुर गांव निवासी श्रीनिवास चंद्रवंशी के पुत्र पप्पू कुमार उर्फ पप्पू चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर लिया गया। जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।थाना अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अवैध शराब पर पुलिस की कड़ी नजर बनी हुई है। धंधेबाजों ने अगर यह कारोबार नहीं छोड़ा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक से गिर महिला हुई घायल

**कोचस (रोहतास)**। परसथुआ थाना क्षेत्र के शेख मुबारक के समीप बाइक से गिरे का महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला शेख बहुआरा निवासी रीना देवी बताई गई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल महिला शेख बहुआरा से अपने निजी कार्य से बाइक से कोचस जा रही थी, तभी बाइक तेज रफ्तार में ब्रेकर पार की जहां महिला अनियंत्रित हो बाइक से गिर गई जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई, परिजनों के सहयोग से घायल महिला को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सकों ने चार उपरांत शरीर में आंतरिक चोट आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

### आगामी लोक अदालत के लिए 4187 वाद चिन्हित, 14 मार्च 2026 को होगा आयोजन



**बिक्रमगंज (रोहतास)**। राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के निर्देशन के आलोक में वर्ष का प्रथम लोक अदालत आगामी 14 मार्च 2026 को व्यवहार न्यायालय बिक्रमगंज परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसकी सूचना देते हुए लोक अदालत प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि आयोजित तिथि को सुबह 10:00 बजे से लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मंगलवार को न्यायालय परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में तैयारी पर चर्चाएं करते हुए लोगों तक इसका संदेश पहुंचाने के लिए प्रचार प्रसार की भी बातें की गई। आगे उन्होंने बताया कि अब तक 4187 वाद चिन्हित किए गए हैं। जिसमें क्रिमिनल से 716, एन आई एक्ट से 9, बैंक संबंधित 3400 एवं खनन से 62 मामले चिन्हित किए गए हैं। वादों के निष्पादन हेतु बेंच का गठन किए जाएंगे। जिसमें न्यायाधीश, मून्सफ एवं अधिवक्ताओं का पैनल तैयार किया जाएगा।

### 4 मार्च को मनाया जाएगा रंगोत्सव (होली) का पर्व

**बिक्रमगंज / रोहतास**। इस वर्ष 2 मार्च की रात्रि 11: 53 से 12 : 50 बजे के बीच में होलिका दहन और 4 मार्च को मनाया जाएगा रंगोत्सव ( होली) का पावन पर्व । आचार्य उग्रसेन उपाध्याय ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र में होलिका दहन के तीन नियम बताए गए हैं । इसके लिए रात्रि काल,पूर्णिमा तिथि और भद्रा मुक्त काल होना चाहिए । सोमवार की शाम व्रत पूर्णिमा के साथ भद्रा भी शुरू हो रहा है । सोमवार को भद्रा शाम 5 : 18 से प्रारंभ होकर अगले दिन मंगलवार को अहले सुबह 4 : 56 तक भद्रा है । इस वर्ष पंचांग के अनुसार भद्रा मुख का परित्याग कर भद्रा के पुंछ में रात 11 : 53 से 12 : 50 बजे के पूर्व होलिका दहन का शुभ मुहूर्त बन रहा है । अतः अर्धरात्रि के आसान ओम होलिकायै नमः इस मंत्र का उच्चारण करते हुए शास्त्रीय विधि से होलिका दहन किया जाएगा । नगर के डॉक्टर नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष आचार्य उग्रसेन उपाध्याय ने बताया कि सामान्यत : होलिका दहन पूर्णिमा की रात्रि में और अगले दिन प्रातः काल में रंगोत्सव (होली ) पर्व मनाया जाता है । लेकिन इस वर्ष पंचांग की गणना और शास्त्रीय निर्णय के आधार पर पर्व तिथियां में आंशिक परिवर्तन है । धर्मशास्त्रों में भद्रा के मुखकाल में शुभ कार्य वर्जित बताए गए हैं । भद्रा के पुंछ काल में होलिका दहन करना चाहिए । इसी आधार पर 2 मार्च की अर्धरात्रि में होलिका दहन होगा । 3 मार्च को स्नान दान की पूर्णिमा व चंद्र ग्रहण है । फाल्गुन मास की पूर्णिमा 3 मार्च दिन मंगलवार को मनाई जाएगी,इसी दिन खग्रास चंद्र ग्रहण लगेगा जो भारत में ग्रस्तोदीत खंडग्रास चंद्र ग्रहण के रूप में दिखाई देगा अर्थात जिस समय भारत के विभिन्न स्थानों पर चंद्रोदय होगा । उस समय ग्रहण लगा हुआ रहेगा एवं मोक्ष होते समय ही यह ग्रहण भारत में देखा जा सकेगा । ग्रहण का स्पर्श अथवा प्रारंभ भारत के किसी भी स्थान में दिखाई नहीं देगा । ग्रहण की खाग्रस्त स्थिति की समाप्ति सुदूर पूर्वी भारत के कुछ स्थानों से दिखाई देगी तथा देश के बाकी सभी स्थानों में खंड चंद्र ग्रहण का मोक्ष ही दिखाई देगा । चंद्र ग्रहण का दृश्य सायं 6:00 बजे और मोक्ष सायं 6:48 पर होगा , चंद्र ग्रहण में सूतक का स्पर्श 9 घंटा पूर्व से ही प्रारम्भ हो जाता है । इसलिए इस वर्ष 4 मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा ।



# अंतरराष्ट्रीय कुश्ती दंगल में महिला पहलवानों का दबदबा, भारत-नेपाल के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। स्थानीय जगजीवन राम स्टेडियम में मंगलवार को आयोजित अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता ने पूरे क्षेत्र को खेलमय बना दिया। भारत और नेपाल सहित कई राज्यों से आए नामी पहलवानों ने अपने दमदार दांव-पेच से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। खास बात यह रही कि महिला पहलवानों के मुकाबलों ने सबसे अधिक तालियां बटोरीं और दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा।

प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व एमएलसी कृष्णा सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने दूर-दराज से आए पहलवानों का स्वागत करते हुए कहा कि कुश्ती भारतीय संस्कृति और परंपरा की पहचान है। आधुनिक दौर में भले ही युवाओं का झुकाव तकनीक की ओर बढ़ा हो, लेकिन अखाड़े की मिट्टी से जुड़ी यह खेल भावना आज भी लोगों के दिलों में बसी हुई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर अनेक पहलवानों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है।

प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, बिहार और नेपाल से आए पहलवानों ने भाग लिया। भारत केसरी रामेश्वर पहलवान (हरियाणा), शिवम पहलवान व सन्नी पहलवान (यूपी), राम पुकार पहलवान, बलिराम पहलवान, बाबूलाल पहलवान (धर्मशाला), बसंत पहलवान व देवा थापा (नेपाल), बलवंत पहलवान (सोनभद्र), बहादुर पहलवान, कोमल पहलवान, शिवानी पहलवान (पंजाब) तथा दीपू पहलवान (कैमूर) सहित कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

महिला वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कोमल पहलवान और शिवानी पहलवान के बीच हुए मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन तकनीक और ताकत का प्रदर्शन किया। इस दौरान स्टेडियम तालियों और जयकारों से गूंज उठा। दर्शकों ने खड़े होकर दोनों महिला पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।



दिन भर चले मुकाबलों में एक से बढ़कर एक रोमांचक दांव देखने को मिले। कई मुकाबले अंतिम क्षणों तक कांटे की टक्कर वाले रहे, जिससे दर्शकों की सांसें थम सी गईं। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार सहित प्रतियोगिता देखने पहुंचे, जिससे स्टेडियम खचाखच भरा रहा।

आयोजक मोहन पहलवान ने बताया कि इस दंगल का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है, जिसमें भारत और नेपाल के पहलवान भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। विजेता एवं उपविजेता पहलवानों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों को आयोजकों द्वारा पारंपरिक तरीके से पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी गरिमामय हो गया। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक रंजन वर्मा ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सामाजिक दायित्वों को साझा करके मनाया होली मिलन समारोह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी (रोहतास)**। बताते चले कि मंगलवार को शहर में डालमिया भारत सीमेंट के अधिकारियों ने होली मिलन समारोह आयोजित किया और इसी मौके पर कंपनी द्वारा किए जा रहे सामाजिक दायित्वों को साझा किया। इस मौके पर कंपनी के अधिकारियों में कंपनी के ईकाई प्रमुख आशुतोष कुमार तिवारी, प्लांट एच आर हेड संजय झा, कम्युनिकेशन हेड सुश्री पूजा भारद्वाज, हेड कॉर्पोरेट अफेयर राजेश कुमार आदि शामिल थे।



कंपनी के अधिकारियों ने प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से बताया कि बंजारी स्थित सीमेंट फैक्ट्री के आसपास मौजूद तीन पंचायतों के निवासियों के आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया गया है। आबादी के 84 प्रतिशत लोगों को आच्छादित किया गया है और इसके नौ गाँवों में जीवन और जीविका में बदलाव आए हैं। उन्होंने बताया कि 28 प्रतिशत से अधिक परिवार ऐसे हैं, जिनकी वार्षिक आय डेढ़ लाख से ज्यादा है। 66 प्रतिशत परिवारों का एक से डेढ़ लाख रुपए आमदनी है। बताया कि 95 प्रतिशत की आबादी अगले वित्त वर्ष तक अपने पैरों पर खड़ी होगी।

अधिकारियों ने बताया कि 480 बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में ट्रेनिंग दी गई है। विद्यालय, आँगनवाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य केंद्रों को रेनोवेट किया गया है। कम्युनिटी हॉल, स्नान गृह, शौचालय निर्माण सहित पीने के पानी की व्यवस्था, हेल्थ कैंप आयोजित सहित पाँच हजार पौधे लगाए गए हैं, जिसमें नब्बे प्रतिशत जीवित हैं। डेहरी रेलवे स्टेशन पर शुद्ध व ठंडे पीने के पानी व व्हील चेयर की व्यवस्था की है। कृषि विकास पर कार्य करते हुए उन्नत बीज और उपकरण दिए गए हैं। स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक मदद दी गई है और उनमें कोई डिफॉल्टर नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में स्थापना के बाद से ही जल संरक्षण, सामाजिक दायित्व के काम जारी हैं। अधिकारियों के मुताबिक आजीविका विकास, जलवायु समर्थन, सामाजिक अधोसंरचना का विकास, ग्राम परिवर्तन, दीक्षा, मिट्टी को उपजाऊ बनाने, वॉटर कंजर्वेशन पर जोर है। अधिकारियों ने आने वाले वर्षों में अपने सर्वोच्च दायित्वों को बताया साथ ही सहयोग की अपील की।

## बिजली बिल बकायदारों के विरुद्ध विशेष राजस्व संग्रहण अभियान जारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**। बिजली विभाग द्वारा बकाया बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध विशेष राजस्व संग्रहण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है, जिन्होंने बिजली बिल भुगतान में लापरवाही बरती है। बिजली कंपनी मुख्यालय के निर्देशानुसार सासाराम प्रमंडल अंतर्गत विशेष दस्ता दल गठित कर बिजली बिल वसूली की कार्रवाई तेज कर दी गई है। नियमित रूप से बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन ऑन-स्पॉट काटा जा रहा है। साथ ही बिना बकाया राशि जमा किए एवं रिकनेक्शन आदेश प्राप्त किए बिजली का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध अवैध बिजली उपयोग के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करते हुए जुर्माना लगाया जा रहा है। पिछले माह 144 से अधिक उपभोक्ताओं के विरुद्ध बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि घरेलू



उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट निःशुल्क बिजली की सुविधा दिए जाने के बावजूद यदि बिल भुगतान नहीं किया जाता है, तो विभाग को कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सभी प्रशाखा स्तर पर विशेष टीम गठित कर अभियान चलाया जा रहा है तथा बकाया रहने पर बिजली कनेक्शन तत्काल विच्छेदित किया जा रहा है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि आगामी त्योहारी दिनों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने हेतु अपना बकाया बिजली बिल शीघ्र जमा करें। बिजली बिल का भुगतान विभागीय काउंटर, ऑनलाइन माध्यम अथवा मीटर रीडर के माध्यम से किया जा सकता है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना भुगतान बिजली उपयोग करने पर जुर्माना एवं विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानाध्यापक सह व्ययन निकासी के रूप में जयराम पाल ने विद्यालय में दिया योगदान

**फूल माला तथा बुके देकर शिक्षक शिक्षिकाओं ने किया स्वागत**



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)** कोचस प्रखंड के राजवंशी कन्या मध्यविधालय के नये व्ययन एवं निकासी पदाधिकारी सह प्रधानाध्यापक के रूप मे जयराम पाल ने पमंगलवार को योगदान दिया है। विद्यालय मे एक समारोह आयोजित कर प्रखंड के शिक्षकों ने उनको फूलमाला देकर स्वागत सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक घूरफेकन चौधरी व संचालन प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि नये डीडीओ के नेतृत्व में प्रखंड के शिक्षकों का कार्यों का संपादन समय से होगा। नये डीडीओ 1994 बैच के बीपीएससी के शिक्षक हैं और प्रखंड के सबसे वरीय शिक्षक भी हैं।कार्यक्रम को बीरेंद्र सिंह,दिनेश प्रसाद सिंह,कुमारी कंचन, विद्यावती कुमारी, जयप्रकाश सिंह, प्रमोद तिवारी, सुरेश कुमार, शेषनाथ कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता,भरत सिंह,संतोष सिंह,उपेंद्र कुमार समेत अन्य ने सम्बोधित किया। मौके पर रंजन कुमार, संतोष सिंह,संजय राम, उषा कुमारी श्रीकांत सिंह, राधेश्याम पाल रवि कुमार,समेत काफी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।बता दें कि 31 जनवरी को हीं बिनोद कुमार सिंह के सेवानिवृत के दिन से रिक्त था।

## रोहतासः पुलिस सप्ताह के तहत मिनी मैराथन का आयोजन

**'कप्तान' ने दौड़ लगाकर युवाओं में भरा जोश**



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। बिहार पुलिस सप्ताह के गौरवशाली अवसर पर रोहतास जिले में पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरी कम करने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व खुद जिले के पुलिस अधीक्षक (SP) रौशन कुमार ने किया।

**दौड़ के साथ 'फिटनेस' का संदेशः** सुबह की पहली किरण के साथ ही पुलिस लाइन और निर्धारित मार्गों पर पुलिस बल के जवानों और स्थानीय युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। पुलिस कप्तान रौशन कुमार ने केवल झंडा दिखाकर दौड़ को रवाना नहीं किया, बल्कि खुद भी धावकों के साथ सड़क पर उतरकर कदमताल किया। कप्तान का यह 'एक्शन अवतार' देखकर वहां मौजूद युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

**ऐतिहासिक शेरशाह सूरी मकबरे पर ठहरावः** मैराथन का रूट शहर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए तय किया गया था। दौड़ते हुए पुलिस कप्तान और प्रतिभागियों का काफिला विश्व प्रसिद्ध शेरशाह सूरी के मकबरे पहुँचा। इस दौरान एसपी ने ऐतिहासिक धरोहर के परिसर में रुककर अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लिया।

**संवाद और अन्य गतिविधियांः** मैराथन के अलावा कप्तान ने निम्नलिखित गतिविधियों के जरिए जनता से जुड़ने का प्रयास कियाः

**युवाओं से संवादः** दौड़ के समापन के बाद उन्होंने स्थानीय युवाओं से बातचीत की और उन्हें नशे से दूर रहकर खेल और करियर पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

**स्वच्छता और सुरक्षाः** मकबरा परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिस सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डाला।

**जन-पुलिस संपर्कः** उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस सप्ताह का मूल उद्देश्य आम लोगों के मन से पुलिस का भय निकालकर विश्वास पैदा करना है।

"पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नहीं, बल्कि समाज का हिस्सा बनकर लोगों की सेवा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। मैराथन का उद्देश्य अनुशासन और ऊर्जा का संचार करना है।"

# ईएसआई योजना सह सामान्य जन स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम/ रोहतास**। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 75 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 24 फरवरी को साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के सासाराम स्थित कार्यालय में उपरोक्त जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विद्युत आपूर्ति अंचल सासाराम के विद्युत अधीक्षण अभियन्ता इन्द्रदेव कुमार की अध्यक्षता में यह आयोजन कंपनी के विभिन्न विभागों में कार्यरत कान्ट्रैक्ट कर्मचारियों और मानवबल कान्ट्रैक्टर्स के मध्य ईएसआई योजना के विभिन्न पहलुओं से संबंधित जागरूकता बढ़ाने के लिए किया गया। कर्मचारियों की एक बढ़ी संख्या इस आयोजन में उपस्थित थी। आयोजन में निगम के औषधालय सह शाखा कार्यरत डालमियानगर के इंचार्ज डॉ० साकेत कुमार ने उपस्थित




कर्मचारियों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए और उनकी हाइपरटेशन जाँच की।

निगम के शाखा प्रबंधक श्री प्रवीण किशोर ने ईएसआई योजना के विभिन्न पहलुओं, कार्य के समय हुई दुर्घटना मामलों में हितलाभ पाने की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी और कर्मचारियों द्वारा पूछे गए सवालों का उत्तर दिया। इस कार्यक्रम में कंपनी के कर्मचारी स्व. प्रिंस कुमार गुप्ता, जिनकी 22 मई 2024 को कार्य के दौरान बिजली के झटके से दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो गई थी, के परिवारजनों को आश्रित हितलाम का अनुमोदन पत्र निगम के शाखा प्रबंधक द्वारा सौपा गया। स्वर्गीय कर्मी के परिवार को 436 रुपया प्रतिदिन के दर से आश्रित हितलाभ (पेंशन) दिया जाएगा साथ हीं मृत्यु तिथि से जनवरी 2026 तक के लिए 269886 रुपया एक-दो दिन में परिवारजनों के खाते में भेज दिया जाएगा। इन्द्रदेव कुमार और उपस्थित कान्ट्रैक्टर्स एवं कर्मचारियों ने 2 इस कार्यक्रम के लिए निगम के अधिकारियों का धन्यवाद किया।

**कंपनी के विभिन्न विभागों में कार्यरत कान्ट्रैक्ट कर्मचारियों और मानव बल कान्ट्रैक्टर्स के मध्य ईएसआई योजना के विभिन्न पहलुओं से संबंधित जागरूकता बढ़ाने के लिए किया गया**

## ग्रीन पार्क यज्ञशाला में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज/रोहतास**। विक्रमगंज स्थित ग्रीन पार्क यज्ञशाला में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर जगदुरु स्वामी संपत कुमाराचार्य जी ने मां काली की महिमा का बखान करते हुए काली और भगवान शिव के दिव्य संबंध को विस्तार से समझाया। हजारों भक्तों ने मां काली के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

स्वामी संपत कुमाराचार्य जी ने कहा कि मां काली और भगवान शिव का संबंध शक्ति और चेतना का है। शिव बिना शक्ति के 'शव' माने जाते हैं और शक्ति बिना शिव के अपूर्ण है। मां काली आदिशक्ति का वह स्वरूप हैं, जो सृष्टि के संतुलन के लिए समय-समय पर प्रकट होती हैं। जब दैत्यों और अधर्म का प्रकोप बढ़ता है, तब मां काली रौद्र रूप धारण कर धर्म की रक्षा करती हैं, वहीं भगवान शिव उनके इस विराट स्वरूप को धारण और नियंत्रित करने वाली परम चेतना के प्रतीक हैं।

उन्होंने बताया कि धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, जब मां काली का क्रोध शांत नहीं हो रहा था, तब भगवान शिव स्वयं उनके चरणों में लेट गए। शिव को अपने चरणों तले देख मां काली का क्रोध शांत हुआ। यह प्रसंग दर्शाता है कि शक्ति और शिव एक-दूसरे के पूरक हैं। जहां शिव ध्यान, वैराग्य और संहार के देवता हैं, वहीं मां काली ऊर्जा, साहस और सुरक्षा की अधिष्ठात्री देवी हैं।



स्वामी जी ने कहा कि मां काली के पूजन से साधक के जीवन से भय, नकारात्मक ऊर्जा और बाधाएं दूर होती हैं। काली उपासना से आत्मबल, साहस और निर्णय क्षमता में वृद्धि होती है। विशेष रूप से शतचंडी महायज्ञ जैसे अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और सामूहिक रूप से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि मां काली की कृपा से रोग, शोक और संकटों का निवारण होता है तथा घर-परिवार में सुख-शांति और समृद्धि आती है।

महायज्ञ के पांचवें दिन वैदिक मंत्रोच्चार और हवन के बीच श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाएं। भक्ति गीतों और "जय मां काली" के उद्घोष से परिसर गूंजता रहा। अंत में स्वामी संपत कुमाराचार्य जी ने सभी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की।

**♦ हजारों भक्तों ने मां काली के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### भाकपा माले का सम्मेलन संपन्न, कमेटी का गठन

**आरा।** भाकपा माले की ओर से कर्मन टोला में लोकल सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में देश में बढ़ती नफरत की राजनीति, बिहार में कथित बुलडोजर राज, संविधान की सुरक्षा, महिला सुरक्षा और छोटे व्यवसायियों पर सरकारी हमले जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। सम्मेलन में 11 सदस्यीय वार्ड कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से बबलू गुप्ता को सचिव चुना गया। नवगठित कमेटी में धनंजय सिंह, राहुल कुमार, दीपक कुमार, सुशील कुमार, दीपक यादव, संगीता सिंह, विमलेश प्रसाद, सरोज पासवान, महेंद्र प्रसाद, धनंजय कुमार एवं बबलू गुप्ता शामिल हैं। मुख्य अतिथि नगर कमेटी सदस्य राजेंद्र यादव तथा पर्यवेक्षक नगर सचिव सुधीर सिंह थे। सम्मेलन का संचालन धनंजय सिंह ने किया, जबकि तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल में धनंजय कुमार, संगीता सिंह एवं सुशील कुमार शामिल रहे। सुधीर सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार में गरीबों पर हमले बढ़ रहे हैं और बुलडोजर की कार्रवाई से आम लोगों में भय का माहौल है। संगीता सिंह ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाएं चिंता का विषय हैं और इस परिस्थिति में महिलाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने हालिया आपराधिक घटनाओं का जिक्र करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। मुख्य अतिथि राजेंद्र यादव ने कर्मन टोला इकाई के कम समय में हुए संगठनात्मक विस्तार की सराहना की और इसे कर्मन टोला मॉडल बताते हुए अन्य वार्डों को इससे सीख लेने की बात कही। नव निर्वाचित सचिव बबलू गुप्ता ने कहा कि लोकल कमेटी वार्ड की जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन की दिशा में आगे बढ़ेगी। सम्मेलन में प्रस्तुत रिपोर्ट पर चर्चा के बाद सुझावों के आधार पर कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में शंकर प्रसाद, जितेंद्र कुमार, अजय प्रसाद, अशोक कुमार, काशी राम, धर्मेंद्र कुमार, ऋतिक प्रकाश, ऋषि राज, राकेश कुमार, उदय नारायण पाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रेलवे स्टैंडिंग कमिटी की बैठक में सांसद ने नई ट्रेनों और ओवरब्रिज की मांग की

**आरा।** दिल्ली में आयोजित लोकसभा की रेलवे स्टैंडिंग कमिटी की बैठक में आरा के सांसद सुदामा प्रसाद शामिल हुए। बैठक में उन्होंने आरा रेलवे के बुनियादी ढांचे, यात्री सुविधाओं और कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। सांसद ने आरा पूर्वी गुमटी पर निर्माणाधीन फुट ओवरब्रिज को जल्द पूरा करने, आरा पश्चिमी और बिहिया की जर्जर ओवरब्रिज की मरम्मत तथा आरा-भभुआ रोड-मुंडेश्वरी धाम रेल लाइन के निर्माण में तेजी लाने की मांग की। इसके अतिरिक्त आरा-बलिया और आरा-छपरा के बीच नई रेल लाइन बिछाने का प्रस्ताव भी रखा गया। उन्होंने कुल्हड़िया, बनाही और जमीरा हॉल्ट जैसे स्टेशनों पर ओवरब्रिज और मूलभूत सुविधाओं के अभाव पर चिंता जताई। सांसद ने गंगा दामोदर एक्सप्रेस और पटना-हावड़ा जनशताब्दी का विस्तार आरा तक करने तथा आरा से चेन्नई एवं बेंगलुरु के लिए नई ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग की। उन्होंने आरा जंक्शन पर राजधानी और जनशताब्दी जैसी प्रमुख ट्रेनों के ठहराव के साथ-साथ कोइलवर में कामाख्या-पटना इंटरसिटी के स्टॉपेज पर विशेष जोर दिया।सुदामा प्रसाद ने टीटीई की समस्याओं को उठाते हुए वेतन उन्नयन और रनिंग रूम की बदहाल स्थिति को सुधारने की मांग की। उन्होंने हेलिएम्बुलेंस और रेलवे अस्पताल का निर्माण, छात्रों के लिए रियायती पास और ट्रेनों में जनरल-स्लीपर कोचों की संख्या में वृद्धि, आरा-सासाराम रेलखंड का दोहरीकरण, अवैध पार्किंग वसूली पर रोक और जर्जर प्लेटफॉर्मों का पुनरुद्धार, आरा के जगदेव नगर बस्ती के लोगों के लिए रेलवे लाइन के पास सुरक्षित मार्ग ब्रिज संख्या 224 बनाने का भी मुद्दा उठाया।

### केंद्र पर परीक्षार्थी की तबीयत बिगड़ी, 36 केंद्रों पर हुई परीक्षा

**आरा।** जिले के 36 परीक्षा केंद्रों पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा-2026 का संचालन किया गया। सोमवार को दोनों पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। जिला स्कूल परीक्षा केंद्र पर एक परीक्षार्थी के अचानक तबीयत खराब हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षार्थी हसन बाजार थाना क्षेत्र के सुखरौली गांव निवासी रवि शंकर कुमार बताया जा रहा है। डॉ ऋषि ने बताया कि छात्रा को अचेत अवस्था में प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था। उसकी स्थिति तबीयत अब ठीक है। इधर, जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ मानवेंद्र कुमार राय ने बताया कि प्रथम पाली में आरा अनुमंडल के 14,699 परीक्षार्थियों में 14,404 उपस्थित रहे। वहीं जगदीशपुर अनुमंडल में 2,421 में 2,388 तथा पीरो अनुमंडल में 2,322 में 2,301 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। पहली पाली में 349 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही द्वितीय पाली में भी परीक्षार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही। आरा अनुमंडल में 16,601 में 16,284, जगदीशपुर में 2,645 में 2,605 तथा पीरो में 2,108 में 2,097 परीक्षार्थियों ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी। दूसरी पाली में 378 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, वीडियोग्राफी एवं नियमित निरीक्षण की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र से कदाचार, हंगामा या अव्यवस्था की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। परीक्षा समाप्ति के बाद केंद्रों के बाहर अभिभावकों की भीड़ देखी गई। जिले के आरा, जगदीशपुर और पीरो अनुमंडल स्थित सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस बल, स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा उड़नदस्ता दल की तैनाती की गई थी। केंद्रों के प्रवेश द्वार पर सघन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश मिला।

### छात्रहित में यूजीसी के साथ ही 65% आरक्षण को भी जल्द से जल्द लागू सरकार : पूर्व विधायक

**बक्सर।** यूजीसी से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डुमरांव के पूर्व विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में शिक्षा संस्थानों में बढ़ते जातीय भेदभाव पर चिंता जताते हुए सशक्त नियमन लागू करने, रोहित एक्ट के निर्माण तथा बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग उठाई गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा में समानता और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। अध्यक्षता करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि यूजीसी के नियम किसी समुदाय विशेष के विरोध में नहीं हैं, बल्कि उनका उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को संवैधानिक अधिकार दिलाना है। उन्होंने यूजीसी कानून पर रोक लगने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इसके खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा। पूर्व विधायक ने कहा कि जो लोग यूजीसी कानून का विरोध कर रहे हैं, उन्हें पहले संबंधित गजट को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस नियम का मकसद शिक्षा संस्थानों में भेदभाव रोकना और सभी छात्रों को समान अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या कोई यह चाहता है कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति के आधार पर छात्रों को प्रताड़ित किया जाए? वक्ताओं ने कहा कि यदि यूजीसी के नियम पहले लागू हो गए होते तो उच्च शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और सामाजिक न्याय को मजबूती मिलती। बैठक में मौजूद माले नेताओं ने कहा कि अदालत की रोक के बावजूद पार्टी और सामाजिक संगठन कमजोर वर्गों के छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाते रहेंगे।

### ट्रेन में अवैध वेंडरों की भरमार, परेशानी बढ़ी

**बक्सर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने सवाल उठाया कि रेलवे में अवैध वेंडर कि ठेकेदारी आरपीएफ बक्सर द्वारा कब तक चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि रेलवे में यात्रियों को जिस परेशानी का सामना अवैध वेंडरों से करना पड़ता है। ट्रेनों में दुकानें सज जातीं हैं। ट्रेन के अंदर कपड़ा, मोजा, पेय और खाद्य पदार्थ का खोमचा लेकर वेंडर घुमते रहते हैं। आरपीएफ में ठेकेदार कि बहाली रेलवे सुरक्षा बल से कि जाती है। जबकि अवैध रूप से ठेकेदर रखकर आरपीएफ द्वारा अवैध वसूली कि जाती है। इससे एक तरफ यात्रियों को परेशानी का सामना तो करना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर भयादोहन के भी शिकार होते हैं। इन अवैध वेंडरों से ट्रेनों में अपराध का भी ग्राफ बढ़ता है। चौबे ने कहा कि इस संदर्भ में पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार व अन्य रहे ।

# घर में पंखे से लटककर महिला ने कर ली खुदकुशी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ पति की मौत के बाद लव मैरिज की थी, 11 हजार रुपए की चोरी को लेकर घर में झगड़ा हुआ था

**आरा।** आरा में एक महिला ने खुदकुशी कर ली है। घर में पंखे से लटका हुआ शव मिला है। पहले पति की मौत के बाद 2018 में लव मैरिज की थी। मृतका की पहचान आनंद नगर मोहल्ला निवासी सोनू कुमार की पत्नी संगीता देवी(35) के तौर पर हुई। घटना टाउन थाना की है।

**पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था:** पटना जिला के फतेहपुर ढिबरा निवासी भाई रत्नेश कुमार ने बताया कि 2007 में संगीता की शादी नवादा इलाके में मुकेश कुमार से शादी हुई थी। वो बहुत नशा करता था। 2015 में छत से गिरकर उसकी मौत हो गई। इसके बाद मेरी बहन यहीं एक मॉल में काम करने लगी। काम करने के दौरान उसकी मुलाकात सोनू कुमार से हुई। धीरे-धीरे दोनों में प्यार हो गया। साल 2018 में लव मैरिज कर ली। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन कुछ माह पहले उनके घर से 11 हजार रुपए की चोरी हो गई थी। पति-पत्नी दोनों एक-दूसरे पर चोरी का आरोप लगाते थे। इसको लेकर झगड़ा भी हुआ था। हालांकि उस समय बात खत्म हो गई थी।

**बहनोई से मिली हादसे की सूचना:** रत्नेश कुमार ने आगे कहा कि मंगलवार सुबह बहनोई ने फोन करके कहा कि आपकी बहन ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही ससुराल पहुंची। बेड पर बॉडी पड़ी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घरेलू विवाद में ही बहन ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है।

**पहले पति से 2 बच्चे हैं:** फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है। मृतका संगीता को पहले पति मुकेश कुमार से दो पुत्र आशीष और आयुष है। दूसरे पति से कोई संतान नहीं था। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर से टकराई मैजिक




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर सोमवार को मैजिक सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे मे छह लोग घायल हो गए। सदर अस्पताल में सभी का इलाज चल रहा है। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव मोड़ के पास की है। घायलों में पीरो के भागलपुर निवासी बबलू खान(27), उनकी पत्नी सबीना खातून(25), डेढ़ वर्षीय पुत्र अब्दुल्ला खान, चार माह का पुत्र मोहम्मद खान, भतीजा चांद खान(10) और आयर थाना क्षेत्र के मोर्सिया गांव निवासी राम कुमार के पुत्र मुन्नी लाल(45) शामिल है।

**अंधेरा होने के चलते हुआ हादसा:** घायल बबलू खान के भाई अशरफ खान ने बताया कि कुछ दिन पहले भाभी सबीना खातून का ऑपरेशन हुआ था। डॉक्टर से चेकअप के लिए भाई और बच्चों के साथ जा रही थी। जबकि मुन्नीलाल ट्रैक्टर पर कुट्टी लोड करके अपने गांव आ रहे थे। रास्ते में ट्रैक्टर खड़ी करके लघुशंका करने चले गए। अंधेरा होने के चलते मैजिक वाहन टकराई गई। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घायलों को गाड़ी के अंदर से निकालकर चरपोखरी PHC पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## नहर से खून से लथपथ मिला युवक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** आरा में सोमवार देर शाम नहर से खून से लथपथ एक युवक का मिला है। हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम मौते पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से पानी से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। घायल की पहचान नहीं हो सकी है। घटना नगर थाना क्षेत्र के श्रीटोला गांव की है। जख्मी युवक की गर्दन और दोनों हाथों की कलाई गहरे कटे हुए थे। स्थिति को देखकर आशंका जताई जा रही है कि युवक ने खुद को धारदार हथियार से जख्मी कर नहर में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच में जुट गई है।

**पुलिस ने पानी से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया:** मौके पर पहुंचे डायल 112 के दरोगा सूर्यदेव नारायण सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों ने फोन कर सूचना दी थी कि एक युवक नहर में गिर गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से युवक को बाहर निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक को पहली बार पानी से बाहर निकाला गया था, लेकिन वह दोबारा नहर में कूद गया। काफी मशक्कत के बाद उसे खून से लथपथ हालत में बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। सदर अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर डॉ. सरोज कुमार ने बताया कि ज्यादा खून बहने के कारण युवक की हालत गंभीर है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। लगातार उसकी निगरानी की जा रही है।

## पवन सिंह-ज्योति सिंह तलाक मामले में आज सुनवाई टली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भोजपुरी स्टार पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के तलाक से जुड़ा मामला कोर्ट में चल रहा है। सिविल कोर्ट में आज सुनवाई होनी थी। लेकिन, ये सुनवाई आज टल गई है। अगली सुनवाई 25 मार्च को होगी। कोर्ट में दोनों एक-दूसरे के आसने-सामने होंगे। कोर्ट में दोनों के बीच सुलह की प्रक्रिया होगी। उनके रिश्ते को एक आखिरी मौका दिया सकता है। आज ज्योति सिंह के वकील विष्णुधर पांडेय ने कहा कि पवन सिंह और ज्योति सिंह कोर्ट में नहीं आए थे। इसके अलावा फैमिली कोर्ट के जज भी नहीं आए थे, इसलिए मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को होगी। वकील विष्णुधर पांडेय ने कहा कि अगर ज्योति सिंह के साथ पवन सिंह नहीं रहना चाहते हैं तो 10 करोड़ रुपए और एक मकान देने के साथ मामला चलने तक उन्हें खर्च दें। पिछली तारीख 11 फरवरी को थी। उस दिन ज्योति सिंह साड़ी में कोर्ट पहुंची थीं। मांग में सिंदूर भी था। उन्हें देख लग रहा था कि वो अपने रिश्ते को बचाना चाहती हैं। उस दिन पवन सिंह बीमारी का हवाला देकर कोर्ट नहीं पहुंचे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अस्पताल के बेड से उनकी पेशी हुई थी। वकील विष्णुधर पांडेय के मुताबिक, ज्योति सिंह ने जज के सामने कोर्ट में कहा था कि मुझे हर सुनवाई पर सिर्फ अगली तारीख मिलती है। एक महिला होकर मैं हर तारीख पर खुद कोर्ट में उपस्थित होती हूं, लेकिन मेरे पति न तो कोई ठोस फैसला कर पा रहे हैं और न ही समय पर कोर्ट पहुंच रहे हैं। विक्रमगंज कोर्ट में सुनवाई का समय तय था, इसके बावजूद पवन सिंह वहां नहीं पहुंचे। अगर वे चाहते तो आ सकते थे, लेकिन मेरी खामोशी और दर्द को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। यह कहते हुए ज्योति फूट–फूट कर रो पड़ीं। ज्योति ने जज से कहा, "सात साल के वैवाहिक जीवन में मुझे सिर्फ मानसिक पीड़ा और अनिश्चितता मिली है। न पति का साथ मिला, न सहारा और न ही कानूनी रूप से मिलने वाला कोई अधिकार। मैं हर बार सुलह और किसी ठोस फैसले की उम्मीद लेकर कोर्ट आती हूं, लेकिन बदले में सिर्फ इंतजार ही मिलता है।"

**वकील बोले- पवन सिंह का ब्लड प्रेशर बढ़ा:** ज्योति सिंह के वकील विष्णुधर पांडेय ने बताया, "आज कुटुंब न्यायालय ने सुलह के प्रयास के तहत पवन सिंह और ज्योति सिंह, दोनों को उपस्थित होने के लिए बुलाया था। ज्योति सिंह कोर्ट पहुंचीं, लेकिन पवन सिंह नहीं आए। उनके वकील की ओर से जानकारी दी गई कि पवन सिंह की तबीयत खराब है और उनका ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ है।" ज्योति सिंह के वकील ने बताया, "पवन सिंह की ओर से कोर्ट को सूचित किया गया कि वे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हैं। हालांकि किस अस्पताल में भर्ती हैं, इसकी जानकारी नहीं दी गई। वीडियो कॉल के जरिए उनके एक साथी ने दिखाया कि वे अस्पताल के बेड पर हैं और उनका इलाज चल रहा है।" वकील ने आगे कहा, "ज्योति सिंह ने कोर्ट से स्पष्ट कहा कि वह अपने पति पवन सिंह के साथ रहना चाहती हैं। ओपन कोर्ट में इस पर कोई विस्तृत चर्चा नहीं हो सकी।"

## पंचायत परिसीमन व शस्त्र लाइसेंस पर की गई चर्चा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भोजपुर मुखिया संघ की बैठक सोमवार को एक्योजीयिका होटल में हुई । बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद यादव ने की। इसमें जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष, जिला कमिटी के पदाधिकारी एवं विभिन्न पंचायतों के मुखिया उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, पंचायत परिसीमन तथा जनप्रतिनिधियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से पंचायत परिसीमन को लेकर संभावित प्रभाव और पंचायतों के पुनर्गठन पर विचार-विमर्श हुआ। मुखिया संघ के अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि परिसीमन की प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत होनी चाहिए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित हो सके। चर्चा के दौरान शस्त्र लाइसेंस के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया गया। इस संदर्भ में बिहार सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा दिए गए वक्तव्यों पर विचार किया गया। निर्णय लिया गया कि इस विषय पर जिला प्रशासन से वार्ता की जाएगी और आवश्यक पहल के लिए जिलाधिकारी से प्रतिनिधिमंडल मिलकर अपनी बात रखेगा। बैठक में तय किया गया कि16 मार्च को भोजपुर मुखिया संघ की अगली विस्तृत बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के सभी मुखिया शामिल होंगे। इस बैठक में संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश कुमार राय की उपस्थिति भी प्रस्तावित है। बैठक में संघ के सचिव अभय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, कोईलवर प्रखंड अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, बिहिया प्रखंड अध्यक्ष शिव कुमार यादव, कोषाध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, उपाध्यक्ष मुना यादव, बड़हरा प्रखंड अध्यक्ष रितेश कुमार सिंह आदि थे।

## इटाढ़ी रेलवे क्रासिंग पर लगा जाम, लोग परेशान



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर|** शहर का पहला ओवर ब्रिज बनकर तैयार होने को है, इधर इटाढ़ी रेलवे क्रॉसिंग पर जाम लगने का सिलसिला बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को ऐसा हीं नजारा देखने को मिला जहां दोपहर 12:00 बजे से हीं जाम लगा था तथा 4 बजे के बाद कुछ खाली हुआ। जाम में कई विद्यालयों की वाहन भी फंसे रहे। बता दें की लग्न शुरू हो गया सभी प्रकार के वाहनों का दबाव इटाढ़ी रेलवे क्रॉसिंग पर बढ़ गया है। इसके कारण से इटाढ़ी गुमटी पर प्रतिदिन घंटों जाम लग रहा है। ऐसे में लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बक्सर इटाढ़ी व रोहतास समेत अन्य इलाकों में जाने के लिए यह काफी सुगम रास्ता है जिसके कारण से प्रतिदिन हजारों गाड़ियां इस रास्ते से आवागमन करती हैं, लेकिन जाम लगने के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। जाम लगने का दौर कुछ ऐसा था कि पीसी कॉलेज से लेकर कलेक्ट्रेट मोड़ तक जाम लगा रहा।

## तनिष्क लूटकांड में वांटेड सूरज तिवारी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** आरा के बहुचर्चित तनिष्क लूटकांड में शामिल वांटेड सूरज तिवारी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गिरफ्तारी सारण जिले के दाउदरपुर थाना क्षेत्र से हुई है। मौके से 10 लीट शराब भी मिला है। इसकी पुष्टि एसपी राज ने की है। सूरज हाजीपुर के शक्तिनगर बालदास मठ इलाके का रहने वाला है। पुलिस ने उसके खिलाफ प्रोडक्शन वारंट के लिए स्थानीय अदालत में अर्जी दाखिल कर दी है। रिमांड पर लेकर पूछताथ की जाएगी।

**पुलिस ने सरेंडर करने की चेतावनी दी थी:** इससे पहले भोजपुर पुलिस ने 17 फरवरी 2026 को सूरज तिवारी और तिसिऔता थाना क्षेत्र के निक्कू सिंह के घर पर इश्तेहार चस्पा कर शीघ्र आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी थी। इस सनसनीखेज कांड में अब तक कुल 24 अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि निक्कू सिंह और एक अन्य संदिग्ध 'बाबा' अभी भी फरार है।

**साढ़े दस करोड़ की लूट हुई थी:** 10 मार्च 2025 को आरा शहर के शीश महल चौक स्थित तनिष्क शोरूम में दिनदहाड़े सात हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोलकर करीब साढ़े दस करोड़ रुपए के जेवरात लूट लिए थे। घटना के बाद भाग रहे अपराधियों का बड़हरा थाना क्षेत्र के बबुरा के पास पुलिस से आमना-सामना हो गया था, जिसमें सारण जिले के दो अपराधी विशाल गुप्ता और कुणाल पुलिस की गोली से घायल हो गए थे। उनके पास से दो देसी पिस्टल, दस कारतूस और लूटे गए जेवरात से भरे दो बैग बरामद किए गए थे।

**एनकाउंटर में चुनमुन झा और प्रिंस ढेर:** इसके बाद 22 मार्च 2025 को इस कांड में शामिल अररिया निवासी चुनमुन झा पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था, जबकि 6 फरवरी को वैशाली में हुई मुठभेड़ में प्रिंस नामक अपराधी ढेर हो गया। हाल ही में 14 फरवरी को लुटेरों को शरण देने के आरोप में बड़हरा थाना क्षेत्र के एकौना गांव निवासी श्रीराम सिंह की गिरफ्तारी भी हुई थी। पुलिस के अनुसार सूरज तिवारी और नीतीश पांडेय लूटे गए जेवरात में से करीब आधा-आधा किलो सोना अपने पास रखे हुए थे। नीतीश पांडेय पहले ही जेल जा चुका है। अब सूरज की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को इस हाई-प्रोफाइल लूट कांड के कई अहम राज खुलने की उम्मीद है।

## स्टेशन से आठ लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, आरपीएफ की कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बक्सर।** रेल यात्रियों की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की बक्सर टीम ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बक्सर रेलवे स्टेशन परिसर में की गई, जहां जांच के दौरान आरोपी के पास से 8 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मार्शल पुजारी (25) के रूप में हुई है। वह डबलू पुजारी का पुत्र है और मूल रूप से सोहनीपट्टी, गौरी शंकर मंदिर के पास का निवासी बताया गया है। वहीं उसका वर्तमान पता वीर कुंवर सिंह कॉलोनी, थाना नगर, जिला बक्सर है। आरपीएफ की टीम ने संदिग्ध गतिविधि के आधार पर युवक को रोका और तलाशी लेने पर उसके बैग से शराब बरामद हुई। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी के अनुसार रेलवे स्टेशन और ट्रेनों के माध्यम से शराब की तस्करी की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसी को देखते हुए स्टेशन परिसर में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान संदिग्ध लोगों की सघन जांच की जा रही है ताकि अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। यह पूरी कार्रवाई आरपीएफ पोस्ट प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में की गई। टीम ने गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह शराब कहां से लेकर आया था और इसे कहां पहुंचाने की योजना थी। पुलिस को आशंका है कि आरोपी किसी बड़े तस्करी नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल संचालक के साथ फरार शिक्षिका ने बच्चे को दिया जन्म, बोली- मैं अपनी मर्जी से आई थी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिले के औराई थाना क्षेत्र में बीते दिनों घटित शिक्षिका और निजी स्कूल संचालक मामले में नया मोड़ सामने आया है। शादी की तस्वीरों के वायरल होने के बाद महिला शिक्षिका शाइस्ता प्रवीण ने एक बच्चे को जन्म दिया है। जानकारी के आधार पर औराई पुलिस ने महिला शिक्षिका शाइस्ता प्रवीण को उसके शिशु के साथ बरामद किया है। वह वर्तमान में सीतामढ़ी जिले के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है। वहीं, स्कूल संचालक अभी भी फरार हैं। वहीं, पुलिस की पूछताछ में शाइस्ता प्रवीण ने कहा कि भला मेरे पति मुझे क्यों भगाएंगे? मेरा कोई अपहरण नहीं हुआ। मैं अपनी मर्जी से आई हूं और शादी करके बहुत खुश हूं। समय आने पर वह सब कुछ स्पष्ट कर देंगी। पुलिस के अनुसार, तीन दिन पहले ही शाइस्ता प्रवीण ने बच्चे को जन्म दिया था। दरअसल, औराई थाना क्षेत्र के रहने वाले निजी स्कूल के संचालक ने अपनी ही स्कूल की शिक्षिका के साथ नेपाल के एक मंदिर में शादी रचाई थी। इस शादी की तस्वीरों के वायरल होने के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। इस बीच, शिक्षिका के भाई ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी बहन का अपहरण कर जबरन धर्म परिवर्तन कर शादी कराई गई है। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और बरामदगी के लिए छापेमारी की। इस दौरान सूचना मिली कि महिला शिक्षिका सीतामढ़ी जिले के एक निजी अस्पताल में इलाजरत हैं, जहां उन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया। औराई थाना की प्रभारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार मामले की जांच–पड़ताल में जुटी हुई है।

### ससुराल आये जीजा पर लगा नाबालिग साली से दुष्कर्म का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**वैशाली, एजेंसी।** वैशाली जिला के लालगंज थाना क्षेत्र में ससुराल आये एक युवक पर अपनी नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगा है। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और लोग स्तब्ध रह गये। इस मामले में आरोपित को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार हिरासत में लिए गए मुजफ्फरपुर जिला के रहने वाला है। बताया जा रहा है कि युवक अपने ससुराल लालगंज थाना क्षेत्र के एक इलाके में आया हुआ था। इसी दौरान नाबालिग के परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक ने घर में अकेले पाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना की भनक लगते ही परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद लालगंज थानाध्यक्ष मनमोहन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने आरोपित जीजा को हिरासत में ले लिय है। इसके बाद पीड़िता से जानकारी ली गयी। घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को दिये जाने के बाद सदर एसडीपीओ टू गोपाल मंडल भी एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। मौके पर मौजूद लोगों से भी पूछताछ की गयी, ताकि घटना की कड़ियों को जोड़ा जा सके। वहीं पुलिस के द्वारा नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल में भेजा गया है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में परिजनों द्वारा लगाये गये आरोपों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि मेडिकल जांच, पीड़िता का बयान और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी। दोषी पाये जाने पर आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करा रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### 30 साल से बंद सकरी और रैयाम चीनी मिलें फिर से खुलेंगी, 15 दिनों में डीपीआर

**पटना, एजेंसी।** 30 साल से बंद पड़ीं दरभंगा की रैयाम और मधुबनी की सकरी चीनी मिलों को फिर से शुरू किया जाएगा। इसके लिए सोमवार को सहकारिता विभाग और राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ लिमिटेड, नई दिल्ली के बीच समझौता हुआ। संघ 15 दिनों में मिलों को खोलने की डीपीआर बनाएगा। सहकारिता विभाग के अब्दुल रब खां और संघ के प्रबंध निदेशक प्रकाश नाईकनवारे ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। ये चीनी मिलें साल 1996 से बंद पड़ी हैं। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि सकरी और रैयाम में गन्ना कॉम्पलेक्स बनाया जाएगा। इसमें चीनी, इथेनॉल और सीएनजी का उत्पादन होगा। सकरी चीनी मिल में 30.848 एकड़ तथा रैयाम में 68.176 एकड़ भूमि उपलब्ध है। जमीन सहकारिता विभाग को हस्तांतरित करने की कार्रवाई जारी है। डीपीआर बनाने के लिए संघ दोनों चीनी मिलों के क्षेत्र के किसानों से बात करेगा। मिट्टी की जांच करेगा और संसाधनों को तलाशेगा। संघ के एमडी प्रकाश नाईकनवारे ने बताया कि काम शुरू हो गया है। टीम दरभंगा और मधुबनी में अगले 7–8 दिनों तक क्षेत्र अध्ययन करेगी।साल 1930 में दरभंगा महाराज ने सकरी और रैयाम चीनी मिलें खोली थीं। वर्ष 1976 में मिलें घाटे में जाने लगीं। कारण कि एक चीनी मिल से 800 से 1000 टन ही गन्ने की पेराई हो रही थी। घाटे में जाने के कारण बिहार शुगर कोऑपरेशन दोनों मिलों को चलाने लगा।

**नीतीश और भाई वीरेंद्र आमने-सामने, 'सरकार नहीं चलेगी' पर सीएम ने कहा-**

# हम 2002 हैं, आप कितने हैं

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा का मंगलवार का सत्र हंगामेदार रहा। कार्यवाही शुरू होते ही राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने चौकीदारों पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर बर्बरता की गई। राजद विधायकों ने कहा कि ऐसी सरकार नहीं चलेगी। सदन में विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। माहौल कुछ ही मिनटों में पूरी तरह गरमा गया।



हंगामे के बीच संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी जवाब देने खड़े हुए। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चलेगी तो चौकीदारों की सुनेगा कौन। इसी दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अपनी सीट से उठे।

उन्होंने राजद विधायक भाई वीरेंद्र से कहा, 'आप बैठिए, आपकी संख्या कितनी कम है।' सीएम ने यह भी कहा कि विपक्ष ने अपने कार्यकाल में कोई ठोस काम नहीं किया। इस पर विपक्षी विधायक और अधिक आक्रामक हो गए। राजद विधायकों के हंगामे के बीच संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी जवाब देने के लिए खड़े हुए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ही नहीं चलेगी तो चौकीदारों और आम लोगों की समस्याएं कौन सुनेगा।

इसी दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अपनी सीट से उठ गए और सीधे भाई वीरेंद्र की ओर मुखातिब होते हुए कहा, 'हमलोग 2002 हैं, आपलोग कितने हैं, बेकार का हो-हल्ला मत कीजिए। आप लोगों ने कभी कोई काम नहीं किया।' हालांकि एनडीए को इस बार 202 सीटें मिली हैं, लेकिन बोलते वक्त सीएम से 2002 कहने की जुबानी चूक हो गई, जिस पर सदन में हल्की हलचल भी हुई।

सीएम के बयान के बाद राजद विधायक वेल की ओर बढ़ गए। 'नीतीश होश में आओ' के नारे लगाए गए। स्पीकर के बार-बार अनुरोध के बावजूद हंगामा जारी रहा। स्थिति बिगड़ती देख मार्शलों को बुलाया गया। विधायकों की तख्तियां हटवाई गईं। काफी देर बाद विपक्ष अपनी सीटों पर लौटा।

विजय चौधरी ने कहा कि सरकार ने प्रदर्शन को रोका नहीं। उन्होंने दावा किया कि मांगों पर विचार किया जाएगा। सत्ता पक्ष ने लाठीचार्ज को कानून-व्यवस्था से जुड़ा कदम बताया। वहीं विपक्ष ने इसे दमनात्मक कार्रवाई करार दिया। राजद ने न्यायिक जांच की मांग दोहराई। दोनों पक्षों के रुख से टकराव और गहरा गया।

हंगामे के बीच शिक्षा और विकास से जुड़े मुद्दे भी उठे। राज्य में डिजास्टर मैनेजमेंट की पढ़ाई शुरू करने का प्रस्ताव आया। शिक्षा मंत्री ने संबंधित संस्थानों को निर्देश देने की बात कही। स्कूलों में 40 करोड़ रुपये से सेनेट्री वेंडिंग मशीन लगाने की घोषणा हुई। इन मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा के बाद फिर सियासी बयानबाजी हावी रही। सदन का फोकस विकास से ज्यादा टकराव पर रहा।

सत्र से पहले पोर्टिको में भी विपक्ष ने प्रदर्शन किया। अमित शाह के बिहार दौरे को लेकर राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने तीखा बयान दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि शाह सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने आ रहे हैं। पत्रकारों के सवाल पर वह भड़कते भी नजर आए। साफ है कि विधानसभा के भीतर और बाहर दोनों जगह सियासत चरम पर है। आने वाले दिनों में यह टकराव और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

## पटना के डॉग कॉम्पिटिशन में अलाबाई 'काली' बनी चैंपियन

**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में एक भव्य श्वान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न नस्लों के लगभग 80 पालतू कुत्तों ने हिस्सा लिया। अलाबाई नस्ल की डॉग 'काली' (मालिक अभिषेक कुमार सिंह) ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता।

प्रतियोगिता में आकर्षक ग्रूमिंग, अनुशासन, चाल-ढाल और कमांड पर प्रतिक्रिया के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। 'काली' ने अपने शानदार शारीरिक बनावट, आत्मविश्वास और बेहतरीन प्रशिक्षण से निर्णायकों को प्रभावित किया। विजेता की घोषणा होते ही दर्शकों ने तालियों से स्वागत किया। बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री सुरेन्द्र मेहता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि कुत्ते अपनी वफादारी, सतर्कता और संवेदनशीलता के लिए जाने जाते हैं। मंत्री ने जोर दिया कि कुत्ता न केवल घर की सुरक्षा करता है, बल्कि परिवार के सदस्य की तरह सुख-दुख में साथ खड़ा रहता है।

मेहता ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में पशु कल्याण और जिम्मेदार पालतू पालन के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय की पशु चिकित्सा सुविधाओं की भी सराहना की।

विश्वविद्यालय के कुलपति ने बताया कि बढ़ती सहभागिता दर्शाती है कि समाज में श्वान प्रेमियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कुत्ता मानव का सबसे पुराना पालतू साथी है और अब हर परिवार का अभिन्न हिस्सा बनता जा रहा है।

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के भूतपूर्व निदेशक (शोध) डॉ. ए. ए. खान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि कुत्ते अपराध नियंत्रण, सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी सूंघने की अद्भुत क्षमता का उपयोग कैंसर जैसी बीमारियों के शुरुआती संकेतों की पहचान में भी किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान रेलवे सुरक्षा बल के श्वान दल ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

### दफादार–चौकीदार संघ वालों की पिटाई पर विपक्ष ने नीतीश सरकार को घेरा, कांग्रेस बोली– यह तानाशाही है

**पटना, एजेंसी।** बिहार में दफादार-चौकीदर संघ के सदस्यों की पटना में पिटाई के मामले में सियासत गरमा गई है। विपक्ष ने मंगलवार सुबह नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। बिहार कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि चौकीदार शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे। अपनी मांगों को उठा रहे थे। सरकार ने पुलिस भेजकर इन पर लाठियां चलवाईं। कई चौकीदार गंभीर रूप से घायल हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता निखिल कुमार ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा की सरकारों को विरोध की आवाज बर्दाश्त नहीं है। उन्हें अच्छा ही नहीं लगता है कि लोकतंत्र में उनके खिलाफ कोई आवाज उठाए। इसलिए सोमवार को जेपी गोलंबर पर बिहार पुलिस के जवानों ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे दफादार और चौकीदार संघ के सदस्यों को बेरहमी से पीटा। यह लोग गुहार लगाते रहे लेकिन किसी ने एक न सुनी। पुलिसकर्मियों ने इन्हें दौड़ा दौड़ा कर पीटा। यह अन्याय है।

वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 21 साल से बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार चल रही है फिर भी 21 साल में बिहार देश का सबसे गरीब राज्य, देश का सबसे बेरोजगार राज्य, बिहार में सबसे ज्यादा पलायन है। प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश और प्रति व्यक्ति खपत के मामले में देश में बिहार सबसे चौपट और नीचे है। शिक्षा-स्वास्थ्य और खेलकूद के मामले में बिहार सबसे फिसड्डी राज्य है। बिहार में 21 साल में केवल अपराध, भ्रष्टाचार, कुशासन, और तानाशाही बढ़ी है। बिहार में भारी वित्तीय संकट है। भ्रष्टाचार से खजाना खाली हो चुका है। सरकार के पास हमारे सवालों का कोई जवाब नहीं है। ध्यान भटकाने के लिए तंत्र से बनी सरकार नित नए प्रपंच रचती रहती है। बिहार के दफादार और चौकीदार संघ के सदस्य पिछले कई महीनों से वेतन और मानदेश बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि नीतीश सरकार हमलोगों का मानदेय बढ़ाए, सेवा शर्तों में सुधार करे। यही मांग लेकर करीब एक हजार दफादार और चौकीदार पटना डाकबंगला चौराहे पर प्रदर्शन कर रहे थे।

**अंकित हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिले पप्पू यादव**

## सरकार पर बोला तीखा हमला, की एसआईटी जांच की मांग

**सहरसा, एजेंसी।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव सोमवार को सहरसा पहुंचे। यहां उन्होंने शहर के बहुचर्चित अंकित हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। सांसद ने वार्ड नंबर 35, सिमराहा स्थित अधिवक्ता अनुज कुमार निराला के घर जाकर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी और घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए पप्पू यादव ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार और स्थानीय पुलिस प्रशासन पर तीखा हमला बोला।



सांसद पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में इन दिनों कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। राज्य में आए दिन हत्या, जमीन विवाद और दुष्कर्म जैसी जघन्य घटनाएं सामने आ रही हैं। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आम जनता के बीच खौफ का माहौल है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम सरकार की नाकामियों को सामने लाना है, लेकिन जब सिस्टम ही कमजोर पड़ जाए तो आम आदमी की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी?

पप्पू यादव ने सहरसा पुलिस की जांच पर असंतोष जताते हुए कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब पीड़ित परिवार ने किसी से निजी दुश्मनी होने से इनकार किया है और अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है, तो पुलिस अब तक हत्या के पीछे की असली साजिश का पर्दाफाश क्यों नहीं कर पाई है? उन्होंने मांग की कि इस हत्याकांड की गहराई से जांच होनी चाहिए। सच्चाई को सामने लाने और दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए इस मामले की तत्काल एसआईटी से जांच कराई जाए।

गौरतलब है कि बीते 18 फरवरी को सहरसा में 13 वर्षीय किशोर अंकित आनंद की तीन अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इतनी कम उम्र के बच्चे की हत्या के बाद से ही पूरे शहर में आक्रोश का माहौल है। घटना के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं का पीड़ित परिवार से मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। अब पप्पू यादव के इस मामले में सक्रिय होने और एसआईटी जांच की मांग के बाद पुलिस प्रशासन पर मामले को लेकर दबाव बढ़ गया है।

सांसद ने सहरसा पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब परिवार ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है और किसी से निजी दुश्मनी की बात सामने नहीं आई है, तो फिर हत्या के पीछे की साजिश का खुलासा अब तक क्यों नहीं हो पाया। उन्होंने मांग की कि इस मामले की तत्काल एसआईटी (विशेष जांच दल) से जांच कराई जाए। पप्पू यादव ने जोर देकर कहा कि एसआईटी जांच से सच्चाई सामने आएगी और दोषियों को सख्त सजा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में निजी दुश्मनी की कोई जगह नहीं होनी चाहिए और विपक्ष का काम सरकार की नाकामियों को उजागर करना है। उन्होंने अंकित हत्याकांड की निष्पक्ष और तेज जांच की आवश्यकता पर बल दिया।

## सारण ट्रैफिक पुलिस हुई हाईटेक, 40 जवानों को मिले बॉडी कैमरे; ड्यूटी के दौरान हर कार्रवाई होगी रिकॉर्ड

**छपरा, एजेंसी।** जिले की ट्रैफिक व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में पुलिस प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। सारण जिला मुख्यालय स्थित छपरा नगर निगम सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में अब यातायात व्यवस्था पहले से अधिक अनुशासित और तकनीक आधारित नजर आएगी।



विनीत कुमार (वरीय पुलिस अधीक्षक) ने जिले में तैनात यातायात शाखा के 40 पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान उपयोग के लिए बॉडी कैमरे उपलब्ध कराए हैं। इस नई व्यवस्था के तहत जांच और कार्रवाई की पूरी प्रक्रिया रिकॉर्ड होगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और अनावश्यक विवादों पर रोक लगेगी। एसएसपी ने बताया कि यातायात जांच के दौरान कई बार पुलिस और वाहन चालकों के बीच कहासुनी या दुर्व्यवहार की शिकायतें सामने आती थीं। कुछ मामलों में आम लोगों द्वारा पुलिस कर्मियों के व्यवहार पर भी सवाल उठाए जाते थे। ऐसी परिस्थितियों में सच्चाई सामने लाने में कठिनाई होती थी। अब बॉडी कैमरे के उपयोग से पूरी कार्रवाई रिकॉर्ड रहेगी, जिससे किसी भी विवाद की स्थिति में तथ्य स्पष्ट करना आसान होगा।

उन्होंने कहा कि यह पहल पुलिस और आम जनता दोनों के हित में है। इससे जहां पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा, वहीं आम लोगों में भी यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। नियम उल्लंघन पर की जाने वाली कार्रवाई अधिक प्रभावी और निष्पक्ष हो सकेगी।

एसएसपी ने यह भी जानकारी दी कि चरणबद्ध तरीके से यातायात कर्मियों को अन्य आवश्यक संसाधन जैसे सीटी (व्हिसल) और अन्य उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे बेहतर ढंग से यातायात नियंत्रण कर सकें। इसके अलावा गर्मी के मौसम को देखते हुए पुलिस कर्मियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा, जिससे वे स्वस्थ रहकर अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर निर्वहन कर सकें।

## कोलकाता में ट्रेलर हादसे में छपरा के युवक की मौत, शादी के एक साल पहले उजड़ा सुहाग

**छपरा, एजेंसी।** बिहार के सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत मनोरपुर झखरी पंचायत के खास पट्टी गांव निवासी एक युवक की कोलकाता में दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान राजेंद्र राय के 23 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकास कुमार कोलकाता के पांचला थाना क्षेत्र स्थित दुला गढ़ इलाके में एक निजी कंपनी डीके इंटरप्राइजेज में सोलह चक्का ट्रेलर चालक के रूप में कार्यरत था। रविवार को वह ट्रेलर पर लगभग 40 टन लोहे की चादरों का बड़ा रोल लादकर कंपनी परिसर की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक लोड को बांधने वाला रस्सा खिसककर टूट गया और भारी रोल आगे की ओर खिसक आया। इससे ट्रेलर के केबिन में बैठे विकास कुमार बुरी तरह दब गए। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

बताया जाता है कि विकास छह माह पहले ही रोजगार के सिलसिले में कोलकाता गया था। उसके पिता गांव में रहकर खेती-बाड़ी करते हैं, जबकि चार भाई भी कोलकाता में अलग-अलग कंपनियों में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत हैं। विकास की शादी अप्रैल 2025 में सोनिया नामक युवती से हुई थी। शादी की पहली सालगिरह भी नहीं आ पाई थी कि यह हादसा हो गया। पत्नी सोनिया तीन दिन पूर्व ही मायके गई थी। पति की मौत की खबर सुनते ही वह बदहवास हालत में ससुराल पहुंची। मां सुहागो देवी और पत्नी सोनिया का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों के अनुसार, शनिवार रात विकास ने फोन पर घर के सभी सदस्यों से बातचीत की थी और कहा था कि छुट्टी मिलते ही एक-दो दिन में घर आ जाएगा। लेकिन सुबह सूरज निकलने से पहले ही मौत की खबर आ गई। युवक का शव सोमवार को गांव पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बेतिया में तीन साइबर ठग पकड़े गए: 13 एटीएम कार्ड व म्यूल अकाउंट मिले

**बेतिया, एजेंसी।** पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने साइबर ठगी के बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से अलग-अलग बैंकों के 13 एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, कई संदिग्ध म्यूल अकाउंट, मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। एक आरोपी के मोबाइल में पाकिस्तानी कोड (+92) वाले नंबर से व्हाट्सएप चैट भी मिली है। मामले में एक अन्य आरोपी फरार बताया जा रहा है।



पुलिस अवर निरीक्षक संजय चौधरी को 22 फरवरी 2026 की सुबह करीब 3 बजे गुप्त सूचना मिली कि जौकटिया वार्ड नंबर-02 और बैठानिया वार्ड नंबर-05 के कुछ युवक बड़े पैमाने पर म्यूल अकाउंट खरीदकर साइबर ठगी की रकम का लेन-देन कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित कर छापेमारी की गई।

करीब 3:45 बजे जौकटिया स्थित एक घर पर छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही दो युवक भागने लगे, जिन्हें खदेड़कर पकड़ लिया गया। उनकी पहचान मिथलेश कुमार (23) और मुकेश कुमार (25) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान दोनों के मोबाइल फोन में कई म्यूल अकाउंट और साइबर ठगी से जुड़े चैट मिले।

इसके बाद पुलिस टीम बैठानिया वार्ड नंबर-05 पहुंची, जहां मोहित कुमार उर्फ आलोक कुमार (27) को पकड़ा गया। उसके मोबाइल की जांच में कई संदिग्ध बैंक खाते, यूपीआई लॉगिन और व्हाट्सएप चैट मिले। पुलिस के अनुसार, उसके मोबाइल में पाकिस्तानी नंबर +92 370 4728657 से बातचीत पाई गई।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे 4 से 6 हजार रुपये में बैंक खाते (म्यूल अकाउंट), एटीएम कार्ड और सिम कार्ड खरीदते थे। इन खातों में साइबर ठगी की रकम मंगवाकर 7 से 8 प्रतिशत कमीशन काटते और शेष राशि एटीएम कैश डिपॉजिट मशीन या ऑनलाइन माध्यम से अन्य खातों में ट्रांसफर कर देते थमुकेश कुमार पूर्व में भी साइबर अपराध के एक मामले में जेल जा चुका है।

मिथलेश कुमार के घर से तलाशी के दौरान अलग-अलग बैंकों के कुल 9 एटीएम कार्ड बरामद किए गए। इनमें एनएसडीएल पेमेंट बैंक, फिनो बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, यूको बैंक और एचडीएफसी बैंक के कार्ड शामिल हैं।

इसके अलावा एचडीएफसी बैंक की एक पासबुक (खाता धारक - संतोष कुमार यादव) और एक्सिस बैंक की एक चेकबुक भी बरामद की गई। बरामदगी सूची तैयार कर विधिवत जप्ती की गई।

मोहित कुमार के घर से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा और उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के कुल 4 एटीएम कार्ड बरामद हुए। साथ ही एक एसबीआई पासबुक और एक मोबाइल फोन भी जप्त किया गया।

पूछताछ में सामने आया कि संतोष यादव नामक युवक भी इस नेटवर्क से जुड़ा है, जो फिलहाल फरार है। पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

पुलिस के अनुसार, इन खातों पर एनसीआरपी पोर्टल पर कई शिकायतें दर्ज हैं और लाखों रुपये के लेन-देन की आशंका है। अन्य राज्यों की पुलिस भी इनकी तलाश कर रही थी।

पुलिस ने तीनों गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ साइबर अपराध, धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है और बैंक खातों के लेन-देन का विश्लेषण किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड आंदोलनकारियों का विधानसभा मार्च 10 मार्च से



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा मांगों को लेकर में 10 मार्च से अनिश्चितकालीन विधानसभा मार्च करेगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगी। यह जानकारी मंगलवार को मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने दी। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रर्दशन कार्यकर्मों की लिखित सूचना मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन को दे दी है। पुष्कर महतो ने कहा कि आंदोलनकारी रहने-खाने की व्यवस्था के साथ विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि मोर्चा की स्वाभिमान और अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी। महतो ने बताया कि राज्य गठन के बाद 3503 आंदोलनकारियों का निधन हो चुका है और उनके आश्रित उपेक्षा झेल रहे हैं। आंदोलनकारियों ने सम्मान और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया है। मोर्चा की मांग है कि जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी झारखंड आंदोलनकारियों को 50-50 हजार रुपये सम्मान पेंशन दी जाए। साथ ही आंदोलनकारियों के आश्रितों के अधिकारों की रक्षा और दिशोम गुरु शिबू सोरेन को गजट नोटिफिकेशन के माध्यम से सर्वोच्च सम्मान दिया जाए।

### नाबालिग से सामुहिक दुष्कर्म के तीन आरोपित गिरफ्तार



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के तांतनगर थाना क्षेत्र में माघे पर्व के दौरान एक नाबालिग से तीन आरोपितों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों के नाम गोपी बिरूवा (23), गुरा बिरूवा (23) और कृष्ण बिरूवा (23) शामिल हैं। घटना के अनुसार शनिवार को नाबालिग अपनी सहेली के घर तांतनगर ओपी क्षेत्र में माघे पर्व मनाने गई थी। वहां आरोपितों ने मौका पाकर उसे अगवा कर लिया। सुनसान जगह पर ले जाकर उन्होंने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया और बदहवास हालत में छोड़ फरार हो गए। हिम्मत जुटाकर पीड़िता घर लौटी और माता-पिता को सारी घटना बताई। परिजनों ने रविवार को मंझारी थाने में शिकायत दर्ज कराई। चाईबासा एसएसपी अमित रेणु के निर्देश पर तांतनगर थाना प्रभारी अरविंद कुशवाहा की अगुवाई में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की मदद से छापेमारी में तीनों नामजद आरोपित पकड़े गए। पुलिस ने पीड़िता के बयान और आवेदन के आधार पर पोक्सो एक्ट और सामूहिक दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। मंगलवार को थाना प्रभारी ने बताया कि महिला और बच्चों के खिलाफ अपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। आरोपितों के खिलाफ सख्त चार्जशीट दाखिल कर पीड़िता को जल्द न्याय दिलाया जाएगा।

### ईवीएम वेयरहाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, सुरक्षा मानकों के पालन का निर्देश




**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जमशेदपुर सदर प्रखंड अंतर्गत कीताडीह स्थित ईवीएम वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा, रखरखाव और निगरानी व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, रिकॉर्डिंग सिस्टम और उसके बैकअप की व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि वेयरहाउस परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहे और अनधिकृत प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। सीसीटीवी कैमरे लगातार सक्रिय रहें, उनकी रिकॉर्डिंग का नियमित बैकअप लिया जाए तथा समय-समय पर उसकी जांच भी की जाती रहे। उन्होंने दैनिक निरीक्षण रजिस्टर और लॉग बुक को अद्यतन एवं पारदर्शी तरीके से संधारित करने का निर्देश दिया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था की नियमित ऑडिट, रिपोर्टिंग प्रणाली की समयबद्ध समीक्षा तथा उच्च स्तरीय निगरानी तंत्र को और सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया को देखा।

### निकाय चुनाव मतगणना बीच में रोके नहीं राज्य सरकारः आदित्य साहू



**रांची।** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने राज्य सरकार पर मतगणना प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान में पराजित सरकार अब मतगणना के दौरान गड़बड़ी की योजना बना रही है। आदित्य साहू ने बयान जारी कर कहा कि रात 8 बजे मतगणना रोककर उसे अगले दिन पूरा करने का निर्णय संदेह पैदा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस फैसले के पीछे सरकार की मंशा ठीक नहीं है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मतगणना केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे केवल दिखावा साबित हो रहे हैं। उन्हें ऐसी सूचनाएं मिल रही हैं कि कई कैमरे सही ढंग से काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने इसे पारदर्शिता के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया। आदित्य साहू ने आरोप लगाया कि राज्य में पहले कोयला और बालू चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं और अब वोट चोरी का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग से आग्रह किया कि मतगणना की प्रक्रिया को बीच में न रोका जाए और इसे एक ही दिन में पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से पूरा किया जाए, ताकि किसी प्रकार की शंका की गुंजाइश न रहे।

### विधायक ने की बानो और तोरपा को अनुमंडल बनाने की मांग

**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने विधानसभा में क्षेत्र के विकास और प्रशासनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए सिमडेगा जिला के बानो प्रखंड और खूंटी जिला के तोरपा प्रखंड को अनुमंडल का दर्जा देने की मांग उठाई। विधायक ने सदन में कहा कि बानो प्रखंड जिला मुख्यालय सिमडेगा से लगभग 65 किलोमीटर और तोरपा प्रखंड जिला मुख्यालय खूंटी से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। दोनों प्रखंड अनुमंडल बनने की सभी जरूरी अहर्ताएं पूरी करते हैं, इसके बावजूद स्थानीय लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। उन्होंने सरकार से मांग किया कि प्रशासनिक सुविधा और क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए बानो और तोरपा प्रखंड को जल्द अनुमंडल का दर्जा दिया जाए, ताकि आम जनता को सरकारी सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके।

# झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने की एयर एम्बुलेंस दुर्घटना की समीक्षा, कहा-होगी उच्च स्तरीय जांच

**एजेंसी । चतरा/रांची**



झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र में एयर एंबुलेंस क्रैश में सात लोगों की मौत के बाद राज्य सरकार सक्रिय हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी मंगलवार को चतरा सदर अस्पताल पहुंचे और स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। स्वास्थ्य मंत्री ने जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और सिविल सर्जन के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तौर पर मामला विमानन सुरक्षा मानकों और उड़ान संचालन प्रक्रिया से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। विशेषज्ञ टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। मंत्री ने बताया कि ब्लैक बॉक्स, फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) की गहन जांच की जाएगी। इसके साथ ही मौसम की स्थिति, एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संवाद, विमान के मेंटेनेंस रिकॉर्ड और पायलटों के अनुभव की भी जांच होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चतरा के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि तकनीकी जांच के लिए दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम पहुंचेगी, जो ब्लैक बॉक्स बरामद करने का प्रयास करेगी, ताकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। दरअसल, रांची से दिल्ली जा रही रेडबर्ड एयरवेज प्रा. लि. की एयर एंबुलेंस सोमवार देर रात चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र स्थित कसियातु जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में विमान में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने देर रात तक सभी शव बरामद कर लिए थे। विमान ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। उड़ान के कुछ समय बाद कोलकाता एटीसी से संपर्क टूट गया, जिसके बाद रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर को सक्रिय किया गया। खोजबीन के दौरान विमान का मलबा कसियातु जंगल में मिला। विमान में दो पायलट कैप्टन विवेक और कैप्टन सबराजदीप के अलावा मरीज संजय कुमार, उनकी पत्नी अर्चना देवी, भगीना ध्रुव कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता तथा पैरामेडिक सचिन कुमार मिश्रा सवार थे। सभी की मौके पर ही मौत हो गई थी। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में खराब मौसम को हादसे का संभावित कारण माना गया है। सोमवार देर शाम अचानक मौसम बिगड़ गया था। तेज हवा और झमाझम बारिश के बीच विमान अपने निर्धारित रूट से दाईं ओर डायवर्ट हो गया और संभवतः रास्ता भटक गया। ग्रामीणों ने जंगल से तेज धमाके की आवाज सुनने के बाद पुलिस-प्रशासन को सूचना दी। बताया जा रहा है इस हादसे में मृतक संजय कुमार चंदवा के निवासी और व्यवसायी थे। पलामू स्थित उनके लाइन होटल में शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण वे लगभग 65 प्रतिशत तक झुलस गए थे। उन्हें रांची के देवकमल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाया जा रहा था। उनके दो बेटे शुभम (17) और शिवम (13) हैं। संजय के परिजनों के अनुसार, एयर एंबुलेंस सेवा के लिए कंपनी को पहले ही 8 लाख रुपये दिए जा चुके थे, जबकि 2.50 लाख रुपये शेष थे। आरोप है कि पूरी राशि नहीं मिलने पर कंपनी ने उड़ान भरने से इनकार कर दिया था। बाद में परिजन चंदवा जाकर शेष राशि की व्यवस्था कर दोबारा रांची लौटे और भुगतान के बाद ही विमान ने उड़ान भरी। बहरहाल, इस हादसे के बाद से मृतकों के परिजनों में शोक की लहर है। राजनेताओं ने भी शोक-संवेदना वयक्त की है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और निष्पक्ष जांच की मांग की है। झारखंड के पूर्व श्रम मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता सत्यानंद भोक्ता ने भी घटना को दुखद बताते हुए सभी मृतकों के परिजनों को समान मुआवजा देने की मांग की है। मृतकों में शामिल डॉ. विकास कुमार गुप्ता के पिता ने झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि रांची में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होतीं, तो इलाज के लिए दिल्ली क्यों जाना पड़ता। पैरामेडिक सचिन कुमार मिश्रा के भाई ने भावुक होकर कहा, "मेरा छोटा भाई मेरे लिए सब कुछ था। पिता के निधन के बाद वही मेरा एकमात्र सहारा था।" उन्होंने बताया कि सचिन कई वर्षों से नर्सिंग पैरामेडिकल स्टाफ के रूप में कार्यरत थे और पिछले दो-तीन वर्षों से एंबुलेंस सेवा में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। इस बीच राज्य सरकार ने सरकार ने मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता और मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। हादसे की आधिकारिक जांच जारी है और पूरे राज्य में शोक का माहौल है।

## जुगसलाई नगर परिषद चुनाव रद्द करने की हुई मांग

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**




जुगसलाई नगर परिषद अध्यक्ष पद को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के बीच उत्सुकता के साथ-साथ आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। मंगलवार को भाजपा समर्थित अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रिंकू सिंह अपने समर्थकों के साथ प्रखंड कार्यालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस पहुंचीं और चुनाव रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके प्रतिद्वंदी प्रत्याशी नौशीन खान के समर्थकों ने कई मतदान केंद्रों पर गड़बड़ी की गई है। रिंकू सिंह का कहना है कि उनके पोलिंग एजेंटों के साथ मारपीट की गई और कुछ बूथों पर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध बताते हुए चुनाव आयोग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर चुनाव रद्द करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे भी आंदोलन करेंगी। दूसरी ओर, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष और प्रत्याशी नौशीन खान के पति हिदायतुल्लाह खान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने जानबूझकर बूथों पर अवरोध उत्पन्न कर चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी को चुनाव प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए और अनावश्यक विवाद से बचना चाहिए। हिदायतुल्लाह खान ने अपने समर्थकों और टीम के सदस्यों के प्रति आभार जताते हुए दावा किया कि जनता का समर्थन उनके साथ है और उन्हें अपनी जीत पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि अब केवल आधिकारिक परिणाम की घोषणा शेष है।

## झारखंड विधानसभा में गूंजा नदियों के प्रदूषण का मुद्दा, दामोदर में अतिक्रमण पर सरकार सख्त

**एजेंसी । रांची**



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन मंगलवार को सदन में नदियों के प्रदूषण और कथित अतिक्रमण का मामला प्रमुखता से उठा। जमशेदपुर पश्चिम से विधायक सरयू राय ने इस मुद्दे को सदन में उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा। विधायक ने विशेष रूप से दामोदर नदी में बढ़ते प्रदूषण और अतिक्रमण का प्रश्न उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या नागरिक प्रयासों से औद्योगिक प्रदूषण से लगभग मुक्त हुई दामोदर नदी फिर से प्रभावित हो रही है। सवाल में आरोप लगाया गया कि दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के चंद्रपुरा ताप विद्युत गृह के ऐश पॉन्ड विस्तार के दौरान नदी क्षेत्र में अतिक्रमण हुआ है। साथ ही बोकारो ताप बिजली घर की क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से दूषित बहिस्राव के कोनार नदी में गिरने की बात कही गई। इसके अलावा राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) पर टंडवा क्षेत्र में कोयला खनन से निकले दूषित पानी को सीधे दामोदर नदी में प्रवाहित किए जाने का आरोप भी लगाया गया। विधायक के सवाल के जवाब में राज्य के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि सरकार मामले को गंभीरता से ले रही है। पूरे प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी, जिसने अपनी जांच पूरी कर आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। मंत्री ने बताया कि विभाग को प्रत्येक माह प्रगति रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है, जिससे कि प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके। सरकार ने स्पष्ट किया कि यदि जल एवं वायु संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन के तथ्य सामने आते हैं, तो संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत कदम है झारखंड का बजट : कमलेश

**एजेंसी । रांची**



राज्य सरकार सरकार की ओर से पेश किए गए आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि बज़ट राज्य के समग्र विकास, सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने मंगलवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट न केवल मौजूदा जरूरतों को ध्यान में रखता है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के समाधान की भी स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है। कमलेश ने कहा कि सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संतुलित और प्रभावी प्रावधान किया है। ग्रामीण विकास और किसानों की आय बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं का विस्तार राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार देगा। सिंचाई, सड़क और बिजली जैसी आधारभूत सुविधाओं पर बढ़ा हुआ निवेश ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच की खाई को कम करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग के लिए रोजगार सृजन, कौशल विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाले प्रावधान अत्यंत सराहनीय हैं। इससे राज्य के युवाओं को अपने ही प्रदेश में बेहतर अवसर मिलेंगे और पलायन की समस्या में कमी आएगी। महिलाओं के सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों में बढ़ोतरी समाज के कमजोर वर्गों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत तमाम विपक्षी दलों ने की बजट की आलोचना

**एजेंसी । रांची**





झारखंड विधानसभा में पेश किए गए राज्य बजट को लेकर विपक्षी नेताओं ने सरकार पर तीखे सवाल उठाए हैं। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक सरयू राय और जेएलकेएम के विधायक जयराम महतो ने बजट को अव्यावहारिक, निराशाजनक और केवल कागजी घोषणाओं तक सीमित बताया है। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बजट राशि के प्रभावी उपयोग में विफल रहने का आरोप लगाया है।मंगलवार को विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ष बड़ा बजट पेश करती है, लेकिन उसे समय पर और प्रभावी तरीके से खर्च नहीं कर पाती। कई विभागों में आवंटित राशि लंबित रह जाती है, जिससे विकास कार्य अधूरे रह जाते हैं। मरांडी ने कहा कि राज्य में आज भी लोग सड़क, नाली, पेयजल और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सरकार आंकड़ों का खेल खेल रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार अपनी प्रशासनिक कमजोरियों को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर दोष मढ़ती है।

**सरयू राय ने बजट को बताया निराशाजनक-** विधायक सरयू राय ने राज्य सरकार के बजट को निराशाजनक करार दिया। उन्होंने कहा कि इसमें कोई नई सोच या ठोस पहल नजर नहीं आती और यह मूल रूप से पिछले बजट की पुनरावृत्ति प्रतीत होता है। विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पुराने प्रावधानों को नए शब्दों में प्रस्तुत किया गया है, लेकिन इसमें दूरगामी और प्रभावी योजनाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि राज्य को ऐसे बजट की आवश्यकता है, जो वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करे और आर्थिक अनुशासन के साथ विकास की स्पष्ट रूपरेखा दे।

**सिर्फ कागजों में लोकलुभावन बजट : जयराम महतो-** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के विधायक जयराम महतो ने भी बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे कागजों पर लोकलुभावन बजट बताया। उन्होंने कहा कि बजट में आकर्षक घोषणाएं और बड़ी योजनाएं जरूर दिखाई देती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका असर नजर नहीं आता। पिछले वित्तीय वर्ष में आवंटित राशि का स्पष्ट और पारदर्शी ब्योरा तक उपलब्ध नहीं है।

## झारखंड के बजट में कृषि विभाग के लिए 4,884 करोड़ रुपये का प्रावधान : शिल्पी नेहा तिर्की

**एजेंसी । रांची**

झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सदन में पारित 1 लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपये का बजट राज्य के भविष्य को नई दिशा देगा। इस कुल बजट में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के लिए 4 हजार 884 करोड़ 20 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा त्रिकी ने मंगलवार को सदन परिसर में कहा कि यह बजट विशेष रूप से किसानों, महिला कृषकों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष घोषित किया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने महिला किसान खुशहाली योजना प्रारंभ की है, जिसके लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत महिला किसानों को एकीकृत कृषि मॉडल से जोड़ा जाएगा और आधुनिक तकनीक की सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही उन्हें ऑफलाइन और ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म से भी जोड़ा जाएगा। मंत्री तिर्की ने बताया कि आउटकम बजट के आधार पर इस वर्ष 17 विभागों की 232 महिला संबंधित योजनाओं को शामिल करते हुए जेंडर बजट तैयार किया गया है। इसके तहत कुल 34 हजार 211 करोड़ 27 लाख रुपये की राशि उपबंधित की गई है। उन्होंने कहा कि झारखंड की आर्थिक संरचना मुख्यतः कृषि आधारित है, इसलिए सरकार की प्राथमिकता किसानों को ऋण से मुक्त करना और उनकी आय में वृद्धि करना है। अद्यतन आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार कृषि क्षेत्र में रोजगार का प्रतिशत पिछली तिमाही के 44.3 प्रतिशत से बढ़कर 50.4 प्रतिशत हो गया है। मंत्री ने बताया कि बिरसा बीज उत्पादन विनिमय वितरण एवं फसल विस्तार योजना के लिए बजट 95 करोड़ से बढ़ाकर 145 करोड़ रुपये किया गया है। मृदा एवं जल संरक्षण के तहत बंजर भूमि राइस फैलो उपयोजना एवं जल निधि उपयोजना के लिए 475 करोड़ 50 लाख रुपये प्रस्तावित है। कृषि समृद्धि योजना (सौर ऊर्जा आधारित) के लिए 75 करोड़ रुपये, कृषि यंत्र वितरण योजना के लिए 80 करोड़ रुपये, जिसके तहत मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, पंप सेट, रीपर और ट्रांसप्लांटर वितरित किए जाएंगे। झारखंड राज्य मिलेट मिशन के लिए 25 करोड़ रुपये। नकदी फसल विकास एवं विस्तार योजना के लिए 19 करोड़ 88 लाख रुपये तथा राज्य उद्यान विकास योजना के तहत 245 करोड़ 80 लाख रुपये का आवंटन किया गया है। पशुपालन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए 481 करोड़ 35 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके तहत गिरिडीह और सरायकेला में 50 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता की नई डेयरियों की स्थापना की जाएगी। साथ ही रांची में 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता का मिल्क पाउडर प्लांट और उच्च क्षमता वाले मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना के लिए झारखंड मिल्क फेडरेशन को सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 400 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

(लापता सकेन्द्र उरॉव उम्र– 40 वर्ष)



खरौंधी थाना कांड सं0–11/26, दि0–06.02.2026 में लापता सकेन्द्र उरॉव, उम्र–40 वर्ष, पिता–श्रवण उरॉव, ग्राम–सुण्डी, टोला–परसवान, थाना–खरौंधी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले हैं। थाना से प्राप्त आवेदन में आवेदिका आशा देवी के द्वारा उल्लेख किया गया है कि इनके पती सकेन्द्र उरॉव दिनांक–22.01.26 को खरौंधी सुवर बाजार से समय 18:30 बजे से गायब है, जो अबतक घर वापस नहीं आये हैं। उक्त लापता सकेन्द्र उरॉव का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता व्यक्ति कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

लापता का विवरण/हुलिया :–
नाम–सकेन्द्र उरॉव, रंग–सॉवला, उंचाई–05फीट 05 इंच,
गठन–समान्य, चेहरा–गोल, पहनावा–सफेद टी शर्ट एवं
काला कोट, सफेद जिंस, तथा भुरा जुता।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 373527 Police (25-26)_D

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# अपनी बातों पर कितने खरे उतर पाएंगे तारिक रहमान

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के दो-तिहाई बहुमत हासिल करने के बाद तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री की शपथ लेकर सत्ता की बागडोर संभाल ली है। पिछले 18 महीने के गतिरोध के बाद बांग्लादेश के राजनीतिक स्थायित्व के लिहाज से इसे एक सकारात्मक संकेत माना जा सकता है। नई सरकार में अल्पसंख्यक समुदाय के चार सांसदों में से दो को मंत्री बनाया गया है। राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में नवनियुक्त प्रधानमंत्री ने जिस तरह अल्पसंख्यकों की दिलजोई की, उससे यही उम्मीद बांधी जा सकती है कि यह सब प्रतीकात्मक भी हो, तब भी बांग्लादेश वापस पटरी पर आ सकता है। हालांकि, बीएनपी का इतिहास इस्लामी राजनीति में अधिक विश्वास करने का रहा है, मगर बांग्लादेश की जनता ने इसे अवामी लीग के विकल्प के रूप में देखा है। अतः नई सरकार के सामने चुनौतियां ज्यादा हैं। बंगाली संस्कृति की मुख्य पक्षधर पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा नहीं लेने दिया गया। जमात-ए-इस्लामी 68 सीटों के साथ सबसे बड़ी विरोधी पार्टी है, जो कट्टर इस्लामी विचारधारा में यकीन रखती है। अतः धर्मनिरपेक्ष व अल्पसंख्यक समुदाय के हितों की सुरक्षा के लिए आंतरिक व बाहरी दबाव परस्पर बना रहेगा। यह एक ज्ञात तथ्य है कि बेगम खालिदा जिया (अब दिवंगत) के नेतृत्व में बांग्लादेश में बीएनपी की जो सरकार बनी थी, उसने भारत से दूरी बनाए रखी और पाकिस्तान-चीन से नजदीकी बढ़ाई थी। खालिदा जिया के पति और तारिक रहमान के पिता जियाउर रहमान बीएनपी के संस्थापक थे और सत्ता में आने पर उन्होंने ही बांग्लादेश को बंगाली राष्ट्रवाद से बांग्लादेशी राष्ट्रवाद में तब्दील किया था, जिसके मूल में इस्लाम रहा। जियाउर रहमान के दौर में इस्लामी देशों से बांग्लादेश के संबंध मधुर हुए। खालिदा जिया ने वही नीति जारी रखी। भारत ने 1991 और 2001 के चुनावों में बीएनपी पर विश्वास दिखाया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद इस पार्टी की हुकूमतों ने भारत विरोधी नीतियों को आगे बढ़ाया। अतः संबंध अच्छे नहीं रहे।

# सफलता की राह में क्यों जरूरी है मजबूत इच्छाशक्ति

सफलता पाने के लिए सिर्फ प्रतिभा ही नहीं, बल्कि मजबूत इच्छाशक्ति भी जरूरी होती है। आज के समय में बच्चों और युवाओं में मानसिक दृढ़ता की कमी बढ़ रही है, जिससे वे लक्ष्य से भटक जाते हैं। ऐसे में इच्छाशक्ति को मजबूत बनाना बेहद जरूरी है। किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए इच्छाशक्ति बेहद जरूरी है। मगर बदलते वक्त के साथ खासकर बच्चों और युवाओं में इच्छाशक्ति के अभाव का दायरा भी बढ़ रहा है, जो सफलता के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है। यह स्थिति टालमटोल, आलस और प्रलोभनों में फंसाकर लक्ष्य से दूर कर देती है। इच्छाशक्ति के अभाव का अर्थ है- मानसिक दृढ़ता या प्रतिबद्धता में कमी। कई बार असफलता के डर और स्पष्ट लक्ष्य न होने के कारण भी यह स्थिति पैदा होती है। जब किसी व्यक्ति की इच्छाशक्ति मजबूत होती है, तो वह विपरीत परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य पर टिका रहता है और यही सफलता की कुंजी है। कई बार व्यक्ति ऐसे लक्ष्य निर्धारित कर देता है, जिन्हें मौजूदा परिस्थितियों में हासिल कर पाना कठिन होता है। ऐसे में वह हताश और हतोत्साहित होकर प्रयास बीच में ही छोड़ देता है। उसके भीतर आज का काम कल पर छोड़ने की प्रवृत्ति पैदा होने लगती है और इच्छाशक्ति भी धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगती है। ऐसे में लक्ष्य तय करते वक्त व्यावहारिकता के पक्ष को ध्यान में रखना जरूरी है। अगर कहीं हताशा का भाव पैदा होने लगे, तो लक्ष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है। इससे आत्म-नियंत्रण में मदद मिलती है, जो इच्छाशक्ति को कमजोर होने से बचाता है। ऐसी परिस्थितियां भी आती हैं, जब व्यक्ति को असफलता का डर सताने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि असफलता के बारे में सोचे ही नहीं और सिर्फ अपनी कामयाबी पर ही ध्यान केंद्रित किया जाए। मन में यह दृढ़ विश्वास बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है कि सफलता हर हाल में हासिल होगी। यही आत्मविश्वास इच्छाशक्ति को और मजबूत बनाता है, जिससे मन में पनपने वाले अनचाहे विचारों, भावनाओं और आवेग को नियंत्रित करने की क्षमता का सृजन होता है।

*बैक्टीरिया खून के जरिए दिल तक पहुंचकर सूजन बढ़ा सकते हैं और धमनियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए बार-बार मसूड़ों में संक्रमण या सूजन दिखे तो डेंटल चेकअप के साथ हार्ट हेल्थ की जांच भी करानी चाहिए। जब दिल प्रभावी ढंग से खून पंप नहीं कर पाता, तो शरीर के निचले हिस्सों जैसे पैर, टखने और पंजे में तरल पदार्थ जमा होने लगता है। इसे एडिमा कहा जाता है।*

# सिर्फ छाती में दर्द ही नहीं, डॉक्टर ने बताए ये 5 अजीब संकेत जिन्हें आप कर रहे हैं नज़रअंदाज

(साहना नूर)

एमडी, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दिमित्री यारानोव ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट को शेयर करके दिल के रोगों से जुड़े कुछ लक्षण बताएं हैं जिन्हें अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। जब दिल से जुड़ी बीमारी विकसित होती है, तो शरीर कुछ संकेत देने लगता है। सबसे सामान्य लक्षण सीने में दर्द या असहजता है, जो अक्सर बीच में या बाईं ओर महसूस होता है। बिगड़ती जीवनशैली और असंतुलित खानपान हृदय रोगों के खतरे को तेजी से बढ़ा रहे हैं। तला-भुना भोजन, अधिक नमक, ट्रांस फैट और जंक फूड का नियमित सेवन धमनियों में वसा जमा होने की प्रक्रिया को तेज करता है। शारीरिक गतिविधि की कमी, घंटों बैठकर काम करना, बढ़ता मोटापा, धूम्रपान और लगातार तनाव भी दिल की सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। हृदय रोगों के पीछे एक बड़ा कारण शरीर में बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड स्तर है। जब खराब एलडीएल कोलेस्ट्रॉल धमनियों की दीवारों पर जमने लगता है, तो ब्लॉकेज बनने का खतरा बढ़ जाता है। वहीं, ट्राइग्लिसराइड का उच्च स्तर रक्त को गाढ़ा बनाकर हृदय पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है। समय के साथ यह स्थिति हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। जब दिल से जुड़ी बीमारी विकसित होती है, तो शरीर कुछ संकेत देने लगता है। सबसे सामान्य लक्षण सीने में दर्द या असहजता है, जो अक्सर बीच में या बाईं ओर महसूस होता है। यह दर्द दबाव, जकड़न, भारीपन या जलन जैसा लग सकता है। कई बार ये दर्द कुछ मिनटों में ठीक हो जाता है, लेकिन कभी-कभी लंबे समय तक बना रह सकता है। एमडी, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दिमित्री यारानोव ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट को शेयर करके दिल के रोगों से जुड़े कुछ लक्षण बताएं हैं जिन्हें अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। डॉ. यारानोव ने हार्ट डिजीज के 5 सबसे अजीब और आमतौर पर नजरअंदाज किए जाने वाले चेतावनी संकेत साझा किए हैं, जो यह दर्शाते हैं कि आपका दिल किसी परेशानी में हो सकता है। आइए जानते हैं कि हार्ट अटैक के कौन-कौन से लक्षण है जिसे अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। कभी-कभी हार्ट अटैक का दर्द सिर्फ सीने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जबड़े, गर्दन, कंधे या दांतों तक फैल सकता है। कई लोग इसे दांतों की सामान्य समस्या समझकर अनदेखा कर देते हैं, जिससे जोखिम बढ़ जाता है। अगर जबड़े का दर्द अचानक शुरू हो, दबाव या जकड़न जैसा लगे और साथ में पसीना, घबराहट या सांस फूलना भी हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। बिना ज्यादा शारीरिक मेहनत के असामान्य थकान महसूस होना दिल की कमजोरी का संकेत हो सकता है। यदि रोजमर्रा के छोटे काम, जैसे सीढ़ियां चढ़ना या चाय बनाना भी मुश्किल लगने लगे, तो यह सामान्य थकावट नहीं हो सकती। खासकर महिलाओं में हार्ट डिजीज का यह शुरुआती लक्षण माना जाता है। लगातार कमजोरी, चक्कर या सांस फूलने के साथ थकान हो तो चिकित्सकीय जांच कराना जरूरी है। रिसर्च बताती है कि मसूड़ों की बीमारी, खासकर पीरियोडोंटाइटिस, का सीधा संबंध हृदय स्वास्थ्य से हो सकता है। मसूड़ों में सूजन, खून आना या दर्द केवल दंत समस्या नहीं है। बैक्टीरिया खून के जरिए दिल तक पहुंचकर सूजन बढ़ा सकते हैं और धमनियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए बार-बार मसूड़ों में संक्रमण या सूजन दिखे तो डेंटल चेकअप के साथ हार्ट हेल्थ की जांच भी करानी चाहिए। जब दिल प्रभावी ढंग से खून पंप नहीं कर पाता, तो शरीर के निचले हिस्सों जैसे पैर, टखने और पंजे में तरल पदार्थ जमा होने लगता है। इसे एडिमा कहा जाता है। यदि सूजन लगातार बनी रहे, जूते तंग लगने लगें या दबाने पर गड्ढा पड़ जाए, तो यह हार्ट फेल्योर का संकेत हो सकता है। ऐसी स्थिति में देरी किए बिना डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। सोते समय तेज खर्राटे लेना या सांस का बार-बार रुकना स्लीप एपनिया का संकेत हो सकता है। यह स्थिति शरीर में ऑक्सीजन की कमी पैदा करती है और दिल पर अतिरिक्त दबाव डालती है। लंबे समय तक अनुपचारित रहने पर यह हाई ब्लड प्रेशर, अनियमित धड़कन और हार्ट डिजीज का जोखिम बढ़ा सकता है।

# सामने है जो उसे लोग बुरा कहते हैं...

हाल ही में दूरदर्शन की न्यूज़ रीडर रहीं सरला माहेश्वरी के निधन की खबर आई तो सोशल मीडिया पर उन्हें याद करने वालों की बाढ़ आ गई। कई यूज़र्स ने बताया कि बचपन की बहुत सी यादें उनसे जुड़ी हैं। कोई उनके पढ़ने के अंदाज़, सटीक उच्चारण को याद कर रहा तो कोई उनकी शालीनता की तारीफ। सरला जी को यह पता होता कि उनके इतने चाहने वाले हैं तो शायद खुशी के मारे उनकी उम्र थोड़ी और बढ़ जाती। लेकिन जीते जी उन्हें किसी ने शायद यह अहसास नहीं कराया, किसी को मालूम भी नहीं होगा कि वह कहां, किस हाल में हैं। यह हमारी मूल प्रवृत्ति है कि किसी के जाने के बाद हम उसे खूब याद करते हैं, उनके बारे में ऐसी-ऐसी बातें करते हैं जो उनके जीते जी कभी नहीं कह पाते। दफ्तर में किसी साथी की सेवानिवृत्ति के वक्त भी यही देखा जाता है। फेयरवेल पर सब उनके लिए अच्छी बातें बोल अहसास कराते हैं कि उनकी कमी कितनी खलेगी। ढूंढ-ढूंढ कर ऐसे पुराने किस्से लाते हैं, जो शायद जाने वाले को याद भी न हों। सुनाने वाले ने भी उन्हें पहले कभी कहा नहीं होगा। कितना अच्छा होता कि साथ काम करते वक्त ही हम उन्हें बता पाते कि आपकी यह बात बहुत अच्छी लगती है, फलां काम में आपका कोई मुकाबला नहीं। हाल में हुई ऐसी ही फेयरवेल पार्टी में एक साथी ने मज़ाक किया कि इतनी तारीफें सुनकर तो मन कर रहा है कि मैं भी आज ही रिटायरमेंट ले लूं। पिछले दिनों मशहूर फिल्म निर्देशक शेखर कपूर ने बड़ा रोचक किस्सा शेयर किया। 1983 में आई अपनी पहली फिल्म मासूम के कलाकारों की तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा कि पहले दिन सिनेमाहॉल में मात्र दो लोग बैठे थे, जिनमें से एक वह खुद थे। नसीरुद्दीन शाह, शबाना आज़मी, सईद जाफरी जैसे कलाकारों से सजी मासूम को लोगों ने आर्ट फिल्म समझा और देखने में दिलचस्पी ही नहीं दिखाई। लेकिन अपनी भावुक स्टोरी, मज़बूत अदाकारी, आरडी बर्मन के सुरीले संगीत और जुगल हंसराज के मासूम चेहरे ने ऐसा कमाल किया कि बाद में यह फिल्म न सिर्फ बेहद पसंद की गई बल्कि आज कल्ट क्लासिक फिल्मों की श्रेणी में गिनी जाती है। ऐसा और भी कई फिल्मों के साथ हुआ है, जिन्हें शुरू में किसी ने भाव तक नहीं दिया पर बाद में वे इतिहास में दर्ज हो गईं। यानी फिल्म हो या कोई शख्स, हम किसी भी चीज़ को समझने में देर लगाते हैं या फिर दूसरों के वैलिडेशन के बाद प्रभावित होते हैं। जाने-माने शायर मिर्ज़ा गालिब और कफन, गोदान जैसी अनेक कालजयी रचनाएं गढ़ने वाले मुंशी प्रेमचंद की कहानी ही देख लीजिए। जीते जी इन्हें किसी ने नहीं पूछा। दोनों ने बेहद गरीबी और अभाव में दिन गुज़ारे। लेकिन बाद में दुनिया ने कैसे इन्हें सिर आंखों पर बैठाया, काश ये देख पाते। जाने के बाद ही इनकी कीमत सबको समझ आई।

# क्विक डिलीवरी के दौर में कैसे टिकी हैं किराना दुकानें

(मनु जोसेफ)

मेरी कॉलोनी का दुकानदार इन दिनों मुझसे कुछ नाखुश रहता है, क्योंकि मैं अब उसके पास नहीं जाता। उसे लगता है कि मैं उससे ऐसी-ऐसी चीजें मांगता हूं, जो उसके पास होती नहीं हैं और उसे नीचा दिखाने के लिए एक आधुनिक स्टोर पर चला जाता हूं, जहां महंगे अनाज 'होलमार्क' व 'ऑर्गेनिक फूड' के संकेत के साथ पैक किए जाते हैं। कुछ महीने पहले एक लंबे अंतराल के बाद उसकी दुकान पर गया और उससे 'ब्लैक राइस' के बारे में पूछा, तो उसने इसके बारे में कभी सुना ही न था। हाल ही में जब मैं फिर से उसकी दुकान पर गया, तो वह मुझे ऐसे देख रहा था, जैसे मैं कोई हिसाब-किताब करने आया हूं। मैंने पूछा, ब्लिंकिट, जेप्टो जैसे 'क्विक-डिलीवरी एप्स' के जमाने में दुकानदारी कैसी चल रही है? उसने जवाब दिया, 'अच्छी चल रही है। उनसे मुझे कोई खास फर्क नहीं पड़ा है। आस-पास देखिए, बहुत सारे लोग यहां आते हैं।' इन एप्स ने उन पर कुछ असर डाला है? इस पर उसने कहा, 'बस थोड़ा सा, लेकिन लोगों को स्टोर पर आना ही पड़ता है। सर्वेक्षणों के मुताबिक, बड़े शहरों में किराना स्टोर काफी प्रभावित हुए हैं। जोमैटो जैसे फूड-डिलीवरी एप्स रेस्टोरेंट का मुनाफा खा रहे हैं। ब्लिंकिट और जेप्टो जैसे क्विक-डिलीवरी एप्स किराना स्टोर्स से सामान नहीं लेते, क्योंकि उनके अपने वेयरहाउस हैं। मेरे वाला दुकानदार आसपास के किराना दुकानदारों, अमेजन और करीबी सुपरस्टोर से मुकाबला कर रहा है। वह बहुत स्मार्ट है और कम मेहनताने पर गरीब लोगों को अपनी दुकान में स्टाफ रखकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा है। उसका कहना है, वह क्विक-डिलीवरी एप्स से भी बेफिक्र है। कोई और समय होता, तो उसके लिए सर्वोत्तम उपाय उधारी पर सामान बेचना होता, लेकिन इसकी यहां किसी को जरूरत नहीं है। उसने एक वाट्सएप ग्रुप बनाया है और मुफ्त होम डिलीवरी कर रहा है। यह सच है कि लोगों के पास समय की कमी है, लेकिन यह भी सच है कि उनके पास बहुत समय है। लोगबाग आमतौर पर यह जताना चाहते हैं कि उनके पास समय नहीं है। वे कहते हैं कि उनके पास किताब, अखबार, मैगजीन पढ़ने, यहां तक कि फिल्म और क्रिकेट मैच देखने के लिए भी समय नहीं है। हां! कुछ लोगों के पास समय की इतनी कमी होती है कि वे टीवी भी अफरातफरी में देखते हैं। सवाल उठता है कि ऐसे लोग अपने बचाए हुए समय में क्या करते हैं? सच तो यह है कि एक खास वर्ग के लोगों के पास इतना समय है कि उन्हें यह सोचना पड़ता है कि इसका करना क्या है? भले ही वे 'समय नहीं है' का जुमला फेंककर उन कामों से बचते हैं, जिनमें उनकी दिलचस्पी नहीं होती। कई चीजों में बढ़ती कुशलता और कम मजदूरी में घरेलू सहायक मिल जाने से लोगों के पास इतना समय हो गया है कि उन्हें इस बचे हुए समय का कुछ हिस्सा उन कामों के लिए निकालना पड़ता है, जो उन्हें 'कीमती' लगता है। जैसे किसी स्टोर पर जाना, एक फल उठाना, उसे रखकर दूसरा फल उठाना, उसे रखना, फिर सब्जी उठाना, उसे देखना और फिर वापस रख देना जैसे क्रियाकलाप में उन्हें 'व्यस्त' होना पड़ता है। यह वक्त बिताने का उनका अपना तरीका है। एक किराना स्टोर की घटना है। वहां मैंने एक आदमी को एक सेब को घूरते हुए देखा, फिर दूसरे को। इस पर मुझे अंग्रेजी की एक कहावत याद आ गई- 'सेब और संतरे की तुलना करना।' कोई आदमी एक सेब की तुलना दूसरे सेब से क्यों करेगा? यह उतना ही अजीब है, जितना सेब और संतरे की तुलना करना। मैं समझता हूं कि किराना स्टोर में लोग क्यों एक सेब उठाते हैं।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6014

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | 6 | |
| 9 | | 6 | 5 | | 2 | | | 4 |
| | | | | | | 9 | 5 | |
| 3 | 2 | | | | | | 8 | |
| 1 | | | 7 | 5 | 9 | | | 2 |
| | 9 | | | | | | 1 | 5 |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| 6 | | | 4 | | 8 | 5 | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | | 9 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6013

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली 6014




**संकेत: बाएं से दाएं**
1. भारत का सबसे अधिक राज्यों के साथ सीमा (8 राज्य)बनाने वाला राज्य (6)
6. आनंद, सुख, लुत्फ, स्वाद, रस (2)
7. कामदेव, मनोज, रतिपति (3)
8. स्थिति, अवस्था, हालत (2)
9. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण इस नदी का एक नाम कालिंदी भी है (3)
10. भारयुक्त होना, भारी वस्तु का दूसरी वस्तु पर बोझ के रूप में रखा जाना (3)
12. ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)
13. पुत्र, सुत, पूत (2)
14. औलाद, पुत्र या पुत्री, संतति (3)
16. तरकारी, हरी सब्जी, भाजी (2)
18. जख्म पर लगाया जाने वाला गाढ़ा और चिकना लेप (4)
19. गिरवी रखने का भाव या क्रिया रहने का ढ़ंग (3)
20. पकाकर उबालकर बनाया हुआ चावल (2)

**ऊपर से नीचे**
1. हिंदु धर्म के सोलह संस्कारों में से एक जिसमें यज्ञोपवीत धारण किया जाता है (8)
2. हिंडोले पर झूलना, पेंगे मारना, झमते हुए चलना (4)
3. अवाम, पब्लिक, रिआया, रैयत (2)
4. पुरानी फिल्मों की पार्श्व गायिका जिन्होंने हिंदी पके अलावा बंगाली, मराठी, गुजराती, तमिल एवं पंजाबी भाषाओं में लगभग 6000 से अधिक गाने गाए है (7)
5. कपि, बंदर (3)
8. समूह, गुट, पंखुडी, गिरोह (2)
11.छोटे कद का, ठिगना, बौना (2)
15. प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन करने की क्रिया (3)
16. हिम्मत, पराक्रम, बहादुरी (3)
17. उचित से अधिक, यथेष्ट, अधिक मात्रा में , ज्यादा (3)

### वर्ग पहेली 6013 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | र | ग | द | | ग | ठि | या |
| ल | त | म | र्द | न | | ग | म |
| दे | | क | | व | र | ना | |
| व | क्ष | | स | जी | व | | श्या |
| | मा | मा | | व | | सो | म |
| | प्र | ह | स | न | | ह | ल |
| | दा | वा | | | रा | ब | |
| वा | न | र | | बे | ह | त | र |

# आज का राशिफल

## मेष
आज आप एक स्वभाविक 'प्रॉब्लम-सॉल्वर' की भूमिका में रहेंगे। आप अपनी टीम को संकट से निकालने या किसी जटिल डील को अंतिम रूप देने में सफल होंगे। हालांकि, व्यवसायों पर अपनी बातों को स्पष्ट रखें; कोई भी ऐसा वादा न करें जिसे पूरा करना आपके लिए भविष्य में कठिन हो। वित्तीय रूप से आज अचानक धन लाभ या समृद्धि के योग बन रहे हैं।

## वृष
आपके पेशेवर जीवन के लिए आज का दिन एक 'पावरहाउस' की तरह है। आप बड़े अधिकारियों को आसानी से प्रभावित कर पाएंगे। करियर से जुड़ी नेटवर्किंग के लिए यह एक बेहतरीन समय है। आपकी मेहनत और समझदारी आपको ऑफिस में एक नई ऊंचाई पर ले जा सकती है। आपको किसी नए बिजनेस डील या प्रमोशन की खुशखबरी मिल सकती है।

## मिथुन
आप आज एक 'फाइनेंशियल आर्किटेक्ट' की तरह काम करेंगे। बजट बनाना, खर्चों का आवंटन और प्रोजेक्ट्स का आकलन करना आज आपकी मुख्य गतिविधियां होंगी। लेकिन अपनी सबसे बड़ी रणनीतियों को अभी गुप्त रखना ही आपके लिए बेहतर होगा।

## कर्क
आज आप एक विजनरी की तरह व्यवहार करेंगे। तकनीक और नई सोच से जुड़े प्रोजेक्ट्स में आपकी रुचि बढ़ेगी। दिन का समय सहयोगियों के साथ गठबंधन बनाने के लिए अच्छा है, लेकिन अपने बॉस या वरिष्ठ अधिकारियों से ऐसे वादे न करें जिन्हें आप तुरंत पूरा न कर सकें। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के दूसरे भाग के लिए बचा कर रखें।

## सिंह
आज आपको जबरदस्त ऊर्जा व सहनशक्ति होगी। आप रुके हुए प्रोजेक्ट्स को तेजी से आगे बढ़ाएंगे और भीड़ में आकर्षण का केंद्र रहेंगे। अपनी अनूठी दृष्टि के साथ आगे बढ़ें, लेकिन यह सुनिश्चित करें कि आप अपनी क्षमता से अधिक का वादा न कर बैठें। अपनी दीर्घकालिक संपत्ति रणनीति पर पुनर्विचार करें। जोखिम भरे या सट्टेबाजी वाले निवेशों से दूर रहें।

## कन्या
आज आपका पलड़ा भारी रहेगा। कॉम्पिटीटर्स आपकी रणनीति से प्रभावित होंगे। हालांकि, परिणामों के लिए किसी पर दबाव न डालें। आज आपके आर्थिक मामले दूसरों के साथ किये गए काम या जीवनसाथी के वित्त से प्रभावित रहेंगे। कागजों में छिपी शर्तों को ध्यान से पढ़ें।

## तुला
आज आप अपनी गहरी अंतर्दृष्टि के बल पर कार्रवाई का नेतृत्व करेंगे। दैनिक कार्यों और प्रबंधकीय समन्वय को आप बखूबी निभा पाएंगे। उच्च अधिकारियों के साथ सत्ता के संघर्ष से बचें और केवल अपने काम पर ध्यान केंद्रित करें। आपकी स्थिरता ही आपकी सबसे बड़ी पहचान बनेगी। संपत्ति और देनदारी से लाभ होने के प्रबल योग हैं।

## वृश्चिक
काम आज सफल रहेगा। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें और ऑफिस गॉसिप से खुद को पूरी तरह दूर रखें। आपकी शांति और एकाग्रता ही आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करेंगी। बैंक बैलेंस पर आपका ध्यान बना रहेगा। आध्यात्मिक कार्य या दान-पुण्य पर 'अनदेखा' खर्च हो सकता है। विदेशी लेन-देन करते समय सतर्क रहें और दीर्घकालिक बचत को प्राथमिकता दें।

## मकर
आज आप अपनी अनोखी रणनीति और क्रिएटिव आइडियाज से सहकर्मियों को प्रभावित करने में सफल रहेंगे। टीम का नेतृत्व करने के लिए अपनी स्वाभाविक डिप्लोमेसी का उपयोग करें। दूसरों पर अपनी राय थोपने के बजाय उन्हें प्रेरित करें। क्रिएटिव फील्ड से जुड़े लोगों को आज कोई बड़ी पहचान या सराहना मिल सकती है। आज नए और क्रिएटिव कामों से अचानक धन लाभ के योग हैं।

## कुंभ
आज एक 'कुशल संदेशवाहक' की भूमिका में होंगे। सेल्स, बहस और बातचीत में आज आपकी जीत होगी। आपके पास एक प्रतिस्पर्धी बढ़त होगी, लेकिन ध्यान रखें कि अपनी बात साबित करने के चक्कर में दूसरों की भावनाओं को ठेस न पहुंचाये। संचार से जुड़े प्रोजेक्ट्स आज सफल होंगे। स्थानीय व्यापार या लेखन कार्यों के माध्यम से आय के नए स्रोत मिल सकते हैं। आज निवेश में विविधीकरण अपनाना फायदेमंद रहेगा।

## धनु
आज आपकी असली ताकत सही रणनीति और गहरी रिसर्च करने में छिपी है। आप पर्दे के पीछे रहकर बड़े काम करने में सक्षम होंगे। कार्यक्षेत्र में ईमानदारी बनाए रखें और ऑफिस पॉलिटिक्स से खुद को दूर रखें। आपका शांत रहकर काम करना ही आपकी प्रतिष्ठा को बढ़ाएगा। शोध या बैक-एंड कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत सफल है।

## मीन
आज आपकी काम करने की क्षमता कमाल की रहेगी। आप चुनौतीपूर्ण माहौल में भी रास्ता निकाल लेंगे और कठिन समस्याओं को सुलझाने में आपका कोई मुकाबला नहीं होगा। बस ध्यान रहे कि सहयोगियों के साथ व्यवहार में उदारता बनाए रखें; 'मैं ही सही हूं' का रुख या गुस्से में लिखे गए ईमेल आपके संबंधों को खराब कर सकते हैं। आज सूक्ष्म बजट बनाने पर ध्यान दें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# कोच रयान टेन डेशकाटे ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ किया वॉशिंगटन सुंदर के चयन का बचाव

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हुए मैच के टॉस के दौरान जब भारत की प्लेइंग 11 में शामिल खिलाड़ियों के नाम बोले जा रहे थे तब पूरा स्टेडियम एक-एक नाम पर चीयर कर रहा था। हालांकि, जैसे ही लोगों को पता लगा कि उनके घरेलू स्टार अक्षर पटेल प्लेइंग 11 में नहीं हैं और उनकी जगह वाशिंगटन सुंदर खेल रहे हैं तो लोग इस एक नाम पर निराश दिखाई दिए।
नीदरलैंड्स के खिलाफ अक्षर को आराम देकर वॉशिंगटन को मौका दिया गया था। भारत ने वॉशिंगटन के पूरी तरह फिट होने का इंतजार किया था और उनके किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की थी। हालांकि, इस बात की पूरी उम्मीद थी कि टीम के उप-कप्तान और शानदार फॉर्म में चल रहे अक्षर इस सुपर 8 मुकाबले के लिए वापसी करेंगे। अक्षर की उपस्थिति से मैच के परिणाम पर कितना असर पड़ता ये तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन मैच के बाद हुई प्रेस कांफ्रेस का थीम यही मुद्दा रहा और भारत के असिस्टेंट कोच रयान टेन डेशकाटे ने इस पर खुलकर बात की।
उनसे सीधे ये तक पूछ लिया गया कि क्या टीम मैनेजमेंट ने टीम के उप-कप्तान को ये कह दिया कि आप एक टैक्टिकल निर्णय के चलते इस मैच में खेलने योग्य नहीं हैं। डेशकाटे ने कहा, मुझे नहीं लगता कि इतने सीधे तौर पर ये कहा गया। हमारी एनालिसिस में हमने पाया कि क्विंटन डी कॉक, रयान रिकलटन और डेविड मिलर ही सबसे बड़ा खतरा होने वाले हैं। जब आप दो विकल्पों में से केवल एक ही चुन सकते हैं तो हमें उसकी ओर जाना पड़ा जो पावरप्ले में गेंदबाजी करने का आदी



है। अक्षर भी कभी-कभार पावरप्ले में गेंदबाजी करते हैं। लेकिन हमें लगा कि वॉशिंगटन इस चरण में अधिक प्रभाव छोड़ सकते हैं।
रविवार की रात भारत ने वॉशिंगटन का उस तरह इस्तेमाल नहीं किया जिसके लिए उन्हें चुना गया था और पावरप्ले में उनसे गेंदबाजी ही नहीं कराई। अर्शदीप सिंह (तीन ओवर), जसप्रीत बुमराह (दो ओवर) और वरुण चक्रवर्ती (एक ओवर) ने ही पावरप्ले का अंत किया। इसके बाद तो मामला ऐसा बनता दिखा कि बीच के ओवरों में कौन अच्छी गेंदबाजी कर सकता है और इस मामले में अक्षर हमेशा आगे रहेंगे।
डेशकाटे ने कहा, शुरुआती समझ के हिसाब से ही रणनीति तैयार की गई थी। इस तरह के टूर्नामेंट में आप चाहते और उम्मीद करते हैं कि खिलाड़ी इस बात को समझेंगे कि हर निर्णय सही उद्देश्य के साथ लिया जाता है। किसी निर्धारित मैच के लिए हम सबसे मजबूत प्लेइंग 11 चुनना चाहते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि अक्षर भी इसे उसी तरह देखेंगे। टेन डेशकाटे ने आगे अपनी बात को और समझाते हुए ये साफ किया कि वॉशिंगटन का चुनाव केवल मैच को देखते हुए किया गया था और इससे अक्षर की क्षमताओं पर कोई सवाल खड़ा नहीं होता है।
उन्होंने कहा, आज की रणनीति का प्रमुख हिस्सा ये था कि वॉशिंगटन ने टी20 क्रिकेट में पावरप्ले में कितनी शानदार गेंदबाजी की है। विचार तीन प्रमुख गेंदबाजों के साथ जाने का था जिनका साथ वॉशिंगटन देते और दो अन्य लोग मिलकर पांचवें गेंदबाज का रोल अदा करते। पावरप्ले जीतना सबसे अहम होने वाला था। हमने पहले यह अनुमान लगाया था कि वॉशिंगटन शुरुआती दो ओवर गेंदबाजी करेगा, लेकिन जरूरी नहीं कि स्कोर 30 रन पर 3 विकेट हो। इस शुरुआती स्थिति से बल्लेबाजी में भी लचीलापन मिलता है।
उन्होंने कहा, आप इस बात का तर्क भी दे सकते हैं कि एक बल्लेबाज को बाहर करके एक अतिरिक्त प्रमुख गेंदबाज चुनना शायद सही निर्णय हो सकता था। लेकिन जब वास्तविक समय में आप निर्णय लेते हैं तो हमें लगा कि आठ बल्लेबाजी विकल्पों के रूप में हमें रिंकू की जरूरत थी। इस कॉम्बिनेशन के पीछे यही सोच थी। इससे अक्षर को लेकर कोई सवाल नहीं उठते क्योंकि उनकी लीडरशिप और टीम में महत्व पर कोई शंका नहीं है। हालांकि, हर सप्ताह हमें इस चुनौती से गुजरना होता है कि 15 के दल से 11 खिलाड़ियों को कैसे फिट किया जाए।

## ऑफ-स्पिन से होगा भारत पर वार? शाई होप के बयान ने बढ़ाया सस्पेंस




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय बल्लेबाजों की ऑफ-स्पिन के खिलाफ कमजोरी खुलकर सामने आई है। ऐसे में भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने अपनी रणनीति को लेकर सस्पेंस बना दिया है।

पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब उनसे पूछा गया कि क्या वह पावरप्ले में ऑफ-स्पिन का इस्तेमाल करेंगे, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा - इंतजार कीजिए और देखिएज जब टॉस के वक्त टीम शीट दूंगा, तभी सबको पता चलेगा। स्टे ट्यून।

**भारत की ऑफ-स्पिन के खिलाफ कमजोरी** - इस टूर्नामेंट में भारत की टॉप ऑर्डर बल्लेबाजी दाएं हाथ के ऑफ-स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करती दिखी है। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने कोलंबो में इसका फायदा उठाया। नीदरलैंड्स के आर्यन दत्त ने भी यही रणनीति अपनाई। साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने भी ऑफ-स्पिन से भारत को परेशान किया। बाएं हाथ के बल्लेबाजों से भरी भारतीय टीम के खिलाफ यह रणनीति कारगर साबित हुई है।

**क्या लौटेंगे रोस्टन चेज** - जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले में होप ने रोस्टनचेस को बाहर बैठाकर शेफर्ड को मौका दिया था। यह फैसला सही साबित हुआ क्योंकि शेफर्ड ने 10 गेंदों पर 21 रन की तेज पारी खेली। गेंदबाजी में बाएं हाथ के स्पिनर एकल हाउसिन और गुडाकेस मोटी ने मिलकर 7 विकेट झटके और जिम्बाब्वे को 147 रन पर समेट दिया। हालांकि भारत के खिलाफ कई बाएं हाथ के बल्लेबाजों को देखते हुए होप रोस्टन चेज को वापस लाने का जोखिम भरा फैसला ले सकते हैं।

## आईसीसी रैंकिंग में भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को फायदा



**दुबई (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीमों ने ऑस्ट्रेलिया में अपनी कड़ी टक्कर वाली सीरीज के बाद लेटेस्ट आईसीसी महिला टी20 प्लेयर रैंकिंग में काफी बढ़त हासिल की है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, भारत की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने टी20 बॉलर्स में करियर की बेस्ट रैंकिंग हासिल की, जो सीरीज में 8 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली बॉलर रहीं। उनकी टीममेट श्री चरणी भी आगे बढ़ीं और 11 स्थान ऊपर चढ़कर 26वें स्थान पर पहुंच गईं।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में एनाबेल सदरलैंड बॉलिंग रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि एश्ले गार्डनर दो स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गईं। बॉलिंग चार्ट में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की सादिया इक़बाल टॉप पर बनी हुई हैं। गार्डनर टी20 ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। बैटिंग रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल 26 पायदान की शानदार छलांग लगाकर 10वें नंबर पर पहुंच गईं, जबकि उनकी टीममेट फोएबे लिचफील्ड चार पायदान ऊपर चढ़कर 12वें नंबर पर पहुंच गईं।

भारतीय बैटर जेमिमा रोड्रिग्स भी एक पायदान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गईं। ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी ओपनर बेथ मूनी ने टी20 बैटिंग रैंकिंग में टॉप पर अपनी जगह बनाए रखी। इस बीच साउथ अफ्रीका विमेंस क्रिकेट टीम, श्रीलंका विमेंस क्रिकेट टीम, वेस्ट इंडीज विमेंस क्रिकेट टीम और पाकिस्तान विमेंस क्रिकेट टीम के मैचों के बाद लेटेस्ट वनडे रैंकिंग में भी बदलाव देखा गया।

साउथ अफ्रीका की सुने लुस वनडे बैटर्स में चार पायदान चढ़कर 30वें नंबर पर और ऑलराउंडर्स की लिस्ट में पांच पायदान ऊपर चढ़कर 17वें नंबर पर पहुंच गईं। उनकी टीममेट मारिजाने कैप वनडे ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में गार्डनर के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गईं। स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा वनडे गेंदबाजों में बराबर नौवें स्थान पर पहुंच गयीं, जबकि वेस्टइंडीज की करिश्मा रामहरैक चार स्थान ऊपर चढ़कर 26वें स्थान पर पहुंच गईं।

### महिला टी20 विश्व कप 2026 के शेड्यूल का ऐलान

# भारत की पहली भिड़ंत पाकिस्तान से

**महिला टी20 विश्व कप 2026 में हिस्सा लेने वाली टीमों की लिस्ट**

- ऑस्ट्रेलिया
- भारत
- पाकिस्तान
- साउथ अफ्रीका
- बांग्लादेश
- नीदरलैंड
- आयरलैंड
- स्कॉटलैंड
- इंग्लैंड
- न्यूजीलैंड
- श्रीलंका
- वेस्टइंडीज




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन इंग्लैंड में होने वाला है। 12 जून से वर्ल्ड कप का आगाज होगा। टूर्नामेंट के लिए आईसीसी ने शेड्यूल का भी ऐलान कर दिया है। महिला टी20 वर्ल्ड कप का पहला मैच इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। कुल 12 टीमें टी20 वर्ल्ड कप में इस बार भाग लेंगी। 6-6 टीमों के 2 ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश और नीदरलैंड हैं। वहीं ग्रुप बी में आयरलैंड, स्कॉटलैंड, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और वेस्टइंडीज हैं।

**14 जून को होगा भारत-पाकिस्तान का महामुकाबला?**

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान का महामुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में खेला जाएगा। बता दें कि यह भारत का टूर्नामेंट में पहला मैच भी होगा। इसके बाद 17 जून को भारत की भिड़ंत नीदरलैंड से हेडिंग्ले में होगी। 21 जून को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच ओल्ड ट्रेफर्ड में मुकाबला होगा। 25 जून को भारत और बांग्लादेश ओल्ड ट्रेफर्ड में आमने-सामने होंगे। भारत अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

**महिला टी20 विश्व कप 2026 का शेड्यूल (भारतीय समयानुसार)**

| दिन | दिनांक | मैच | स्थान समय (IST) |
|---|---|---|---|
| शुक्रवार, 12 जून | इंग्लैंड बनाम श्रीलंका | एजबेस्टन | रात 11.00 बजे |
| शनिवार, 13 जून | स्कॉटलैंड बनाम आयरलैंड | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| शनिवार, 13 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| शनिवार, 13 जून | वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड | हैम्पशायर बाउल | रात 11.00 बजे |
| रविवार, 14 जून | बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड | एजबेस्टन | दोपहर 3.00 बजे |
| रविवार, 14 जून | भारत बनाम पाकिस्तान | एजबेस्टन | शाम 7.00 बजे |
| मंगलवार, 16 जून | न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका | हैम्पशायर बाउल | शाम 7.00 बजे |
| मंगलवार, 16 जून | इंग्लैंड बनाम आयरलैंड | हैम्पशायर बाउल | रात 11.00 बजे |
| बुधवार, 17 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश | हेडिंग्ले | दोपहर 3.00 बजे |
| बुधवार, 17 जून | भारत बनाम नीदरलैंड | हेडिंग्ले | शाम 7.00 बजे |
| बुधवार, 17 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम पाकिस्तान | एजबेस्टन | रात 11.00 बजे |
| गुरुवार, 18 जून | वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड | हेडिंग्ले | रात 11.00 बजे |
| शुक्रवार, 19 जून | न्यूजीलैंड बनाम आयरलैंड | हैम्पशायर बाउल | रात 11.00 बजे |
| शनिवार, 20 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड | हैम्पशायर बाउल | दोपहर 3.00 बजे |
| शनिवार, 20 जून | पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश | हैम्पशायर बाउल | शाम 7.00 बजे |
| शनिवार, 20 जून | इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड | हेडिंग्ले | रात 11.00 बजे |
| रविवार, 21 जून | वेस्टइंडीज बनाम श्रीलंका | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| रविवार, 21 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| मंगलवार, 23 जून | न्यूजीलैंड बनाम स्कॉटलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| मंगलवार, 23 जून | श्रीलंका बनाम आयरलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| मंगलवार, 23 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान | हेडिंग्ले | रात 11.00 बजे |
| बुधवार, 24 जून | इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज | लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड | रात 11.00 बजे |
| गुरुवार, 25 जून | भारत बनाम बांग्लादेश | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| गुरुवार, 25 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम नीदरलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | रात 11.00 बजे |
| शुक्रवार, 26 जून | श्रीलंका बनाम स्कॉटलैंड | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | रात 11.00 बजे |
| शनिवार, 27 जून | पाकिस्तान बनाम नीदरलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| शनिवार, 27 जून | वेस्टइंडीज बनाम आयरलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| शनिवार, 27 जून | इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड | द ओवल | रात 11.00 बजे |
| रविवार, 28 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश | लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| रविवार, 28 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत | लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7:00 बजे |
| मंगलवार, 30 जून | टीबीसी बनाम टीबीसी (सेमीफाइनल 1) | द ओवल | शाम 7:00 बजे |
| गुरुवार, 2 जुलाई | टीबीसी बनाम टीबीसी (सेमीफाइनल 2) | द ओवल | रात 11:00 बजे |
| रविवार, 5 जुलाई | टीबीसी बनाम टीबीसी (फाइनल) | लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7:00 बजे |

- वेस्टइंडीज से शर्मनाक हार के बाद जिम्बाब्वे के कोच का भारत पर बड़ा बयान

## सूर्या सेना को बचकर रहना होगा!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा। लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी।

वेस्टइंडीज ने सोमवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी। भारत को भी अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से 76 रन से हार का सामना करना पड़ा था और सैमन्स को लगता है कि भारतीय टीम उनके खिलाफ शुरू से ही हावी होकर खेलने की कोशिश करेगी।

### जस्टिन सैमन्स ने अपने बयान में क्या कहा?

वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद सैमन्स ने कहा, 'हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, 'इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं और कैसे बल्लेबाजों की लय को बिगाड़ते हैं।'

# टी-20 वर्ल्डकप मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड बना

### पॉवेल ने सिकंदर रजा का माथा चूमा, हेटमायर ने 108 मीटर का सिक्स लगाया

**मुंबई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्ड कप के चौथे सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन के बड़े अंतर से हराया। वानखेड़े स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन बनाए। 255 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे 17.4 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। शिमरोन हेटमायर प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन बनाए। 255 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे 17.4 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। 19 बॉल पर फिफ्टी लगाने वाले शिमरोन हेटमायर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इस मैच में 10 रिकॉर्ड और रोचक मोमेंट्स देखने को मिले। आगे पढ़िएज

**मैच के टॉप रिकॉर्ड्स-** टी-20 वर्ल्डकप के एक मैच में सबसे ज्यादा सिक्स लगे इस मैच में कुल 31 छक्के लगे। यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में किसी एक मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड 30 सिक्स का था।



## जिम्बाब्वे मुकाबले से पहले टीम बस में अभिषेक की क्लास, कोच गंभीर ने दिया सख्त संदेश

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की करारी हार के बाद भारतीय टीम पर दबाव साफ नजर आ रहा है। इसी बीच टीम के चेन्नई पहुंचते ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसमें हेड कोच गंभीर टीम बस में ओपनर अभिषेक से गंभीर और तीखी चर्चा करते दिखाई दे रहे हैं।



यह मुकाबला 26 फरवरी को चिदंबरम स्टेडियम में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेला जाना है, जो भारत के लिए करो या मरो जैसा बन चुका है।

**बस में 'लेक्चर' का वीडियो वायरल** - सोमवार को टीम के चेन्नई पहुंचने के तुरंत बाद सामने आए इस वीडियो में गंभीर और अभिषेक टीम बस में ड्राइवर के ठीक पीछे बैठकर गहन बातचीत करते नजर आए। दोनों के हाव-भाव से साफ दिख रहा था कि चर्चा काफी गंभीर थी।

सोशल मीडिया पर इस वीडियो को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आईं। कुछ फैंस ने इसे सकारात्मक कोचिंग बताया, तो कुछ ने कैमरों के सामने इस तरह की बातचीत पर सवाल उठाए।

**हार के बाद बढ़ा दबाव** - भारत को साउथ अफ्रीका टीम के खिलाफ 76 रन से हार का सामना करना पड़ा था। लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक ने शुरुआत में एक चौका लगाया, लेकिन वह सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हो गए।

## किदांबी श्रीकांत जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की करेंगे अगुवाई

**मुलहेम एन डेर रूर (जर्मनी) (एजेंसी)।** दुनिया के पूर्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत मंगलवार से मुलहेम एन डेर रूर के वेस्टएनर्जी स्पोर्टहॉल में शुरू हुए जर्मन ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती अगुवाई करेंगे।



पुरुषों की एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत, इस साल की शुरुआत में इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में दो क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के बाद जर्मन ओपन में उतरेंगे। उन्हें आखिरी बार इस महीने की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में खेलते हुए देखा गया था, जहां उन्होंने भारत के लिए अपने दोनों एकल रबर जीते थे।

पुरुषों के एकल मुख्य ड्रॉ में किदांबी श्रीकांत के साथ उनके हमवतन किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली भी होंगे। ओलंपियन और दुनिया के नंबर 5 खिलाड़ी फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव पुरुष एकल में टॉप सीड हैं और पहले राउंड में किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु की गैरमौजूदगी में दुनिया की नंबर 40 तन्वी शर्मा महिला सिंगल्स में भारत की कमान संभालेंगी। तन्वी शर्मा, जो पिछले साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप और यूएस ओपन में उप विजेता रही थीं, उनके साथ महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में तस्नीम मीर, मालविका बंसोड़, रक्षिता रामराज और इशारानी बरुआ होंगी। महिला युगल के मुख्य ड्रॉ में भारत की अकेली जोड़ी अश्विनी भट और शिखा गौतम हैं।

## न्यूज बाइट्स

### अधिवक्ताओं के हित में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

औरंगाबाद (एसवीव. सं.)। जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष एवं एपीपी रसिक बिहारी सिंह ने अधिवक्ताओं के कल्याण से जुड़े मुद्दों को लेकर पटना हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है। याचिका में भारत संघ, बिहार राज्य, बार काउंसिल ऑफ इंडिया तथा स्टेट बार काउंसिल पटना को पक्षकार बनाया गया है। दायर याचिका में अधिवक्ताओं के लिए झारखंड राज्य की तर्ज पर कल्याणकारी योजनाएं लागू करने की मांग की गई है। इसमें अधिवक्ताओं के लिए पांच लाख रुपये का चिकित्सा कवर, 65 वर्ष से अधिक आयु के अधिवक्ताओं को 14 हजार रुपये मासिक पेंशन देने तथा एक उच्चस्तरीय समिति गठित कर इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में कदम उठाने की बात कही गई है। साथ ही आगामी वर्ष के बजट में अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए अलग से प्रावधान करने का भी आग्रह किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस जनहित याचिका के समर्थन में अधिवक्ता सुमन सौरभ ने न्यायालय में पक्ष रखा है। अधिवक्ता समुदाय को उम्मीद है कि सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल करेगी और अधिवक्ताओं के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर ठोस निर्णय लिया जाएगा।

### ओबरा विद्यालय के 40 छात्र-छात्राएं बोधगया रवाना

औरंगाबाद (एसवीव. सं.)। ओबरा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय से 40 छात्र-छात्राओं का एक दल मंगलवार सुबह शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए बोधगया रवाना हुआ। यह यात्रा मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत आयोजित की गई है। सुबह ठीक 8:00 बजे विद्यालय परिसर से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विद्यार्थियों में इस शैक्षणिक यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। परिभ्रमण दल के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतेंद्र प्रसाद, शिक्षिका किरण कुमारी, मिशा भारती, मीनू कुमारी, शिक्षक जगदीश चौधरी और शिक्षा सेवक राजू कुमार मौजूद रहे। ये सभी बच्चों के मार्गदर्शन एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

मनिका गांव पहुंचते ही गम में डूबा पूरा इलाका

# झारखंड में एयर एम्बुलेंस क्रैश में औरंगाबाद के डॉक्टर की हुई मौत



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया के पास सोमवार शाम हुए दर्दनाक एयर एम्बुलेंस हादसे में विमान में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड के मनिका गांव निवासी चिकित्सक डॉ. विकास कुमार गुप्ता भी शामिल थे। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद जैसे ही उनका शव गांव पहुंचा, परिजनों के रुदन-क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया।

बताया जाता है कि डॉ. विकास दो भाइयों में सबसे बड़े थे। बेटे की असमय मौत से पिता बजरंगी प्रसाद गहरे सदमे में हैं, वहीं मां आरती देवी बार-बार बेसुध हो जा रही हैं। पत्नी मीना कुमारी गुप्ता और आठ वर्षीय पुत्र मुहूल कुमार गुप्ता का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोगों के अनुसार डॉ. विकास बेहद शांत, सरल और मिलनसार स्वभाव के थे। उनकी चाची मंजू देवी ने बताया कि पिछले साल छठ पर्व पर वह गांव आए थे और सभी के साथ मिलकर त्योहार मनाया था। परिजनों ने बताया कि हाल ही में पिता की तबीयत खराब होने पर डॉ. विकास उन्हें इलाज के लिए रांची ले गए थे, जहां उनका हार्ट ऑपरेशन कराया गया था। गांव वालों के मुताबिक पिता ने बेटे को डॉक्टर बनाने के लिए जमीन तक बेच दी थी और विकास ने अपनी मेहनत से परिवार का सपना पूरा किया था। रांची के सदर अस्पताल में पदस्थापित डॉ. विकास सोमवार को लातेहार के चंदवा निवासी एक मरीज को एयर एम्बुलेंस से रांची से दिल्ली ले जा रहे थे, तभी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उनकी भी मौत हो गई।

गांव के लोगों ने उन्हें क्षेत्र का गौरव बताते हुए कहा कि जब भी वह गांव आते थे, युवाओं और बच्चों के साथ घुल-मिल जाते थे और समाज के विकास की बातें करते थे। उनके असमय निधन से पूरे इलाके में शोक की लहर है। मंगलवार को गांव के श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. विकास का निधन जिले के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कोरोना काल में भी लोगों की सेवा कर कई जिंदगियां बचाईं और हमेशा समाज के लिए समर्पित रहे। पूर्व सांसद ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

वन विभाग-पुलिस-उत्पाद विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# 15 एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती नष्ट



निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

बिहार सरकार जहां एक ओर राज्य में नक्सलवाद के प्रभाव में कमी का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अवैध अफीम की खेती के जरिए नक्सली आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र स्थित सुदूरवर्ती बादम के जंगली-पहाड़ी इलाके में वन विभाग, उत्पाद विभाग और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 15 एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। जिला वन पदाधिकारी (डीएफओ) रूचि सिंह ने बताया कि खुफिया सूचना मिली थी कि बादम के घने जंगलों में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जा रही है। सूचना के आधार पर संयुक्त टीम गठित कर दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होते हुए इलाके में सघन अभियान चलाया गया। टीम ने पूरे क्षेत्र की तलाशी ली और घने जंगलों के बीच लहलहाती अफीम की फसल को मौके पर ही रौंदकर नष्ट कर दिया। पुलिस के अनुसार नक्सली संगठन अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में गरीब और असहाय ग्रामीणों को रुपये का लालच देकर या दबाव बनाकर अफीम की खेती कराते हैं। नक्सल विरोधी अभियानों के चलते लेवी जैसी आय के स्रोत कमजोर पड़ने के बाद अवैध मादक पदार्थों की खेती उनके लिए कमाई का प्रमुख जरिया बनती जा रही है। इसी अवैध कमाई का उपयोग नक्सली गतिविधियों को बढ़ाने में किया जाता है। पुलिस को जैसे ही ऐसे मामलों की सूचना मिलती है, तत्काल सर्च ऑपरेशन चलाकर खेती को नष्ट किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि बिहार में गांजा, भांग और अफीम जैसे नशीले पदार्थों की खेती पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद यदि कोई व्यक्ति अवैध खेती में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है तथा युवाओं के गलत रास्ते पर जाने का खतरा बढ़ता है।

डीएफओ ने स्पष्ट किया कि वन विभाग, उत्पाद विभाग और पुलिस का संयुक्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। लोगों से अपील की गई है कि किसी के बहकावे में आकर अवैध खेती में शामिल न हों और इसकी सूचना प्रशासन को दें। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# होली-रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

- बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को सहयोग करने और क्षेत्र में भाईचारा बनाए रखने का भरोसा दिया।



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर मंगलवार को रफीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ कुमार अश्विनी और थाना प्रभारी शंभू कुमार ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों से आपसी भाईचारे और सामंजस्य के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ कुमार अश्विनी ने कहा कि त्योहारों के दौरान अफवाहों से बचना बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें और यदि कहीं कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

थाना प्रभारी शंभू कुमार ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही महत्वपूर्ण पर्व हैं और इन अवसरों पर सामाजिक सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और क्षेत्र में शांति एवं भाईचारा बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर प्रभारी अंचलाधिकारी सह राजस्व पदाधिकारी सलाह असमर, उप चेयरमैन प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू, वार्ड पार्षद नुरुल होदा खान, सुबोध शर्मा, राजेश गुप्ता, मदन चौधरी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि टप्पू यादव, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, पूर्व जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, हम के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, राजू गुप्ता, शाहनाब आलम, सूरज कुमार, राजद नेता कैफ खान सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण में थानाध्यक्षों की अहम भूमिका : तान्या पटेल



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने की, जिसमें जिले के सभी थानाध्यक्ष शामिल हुए। इस दौरान किशोर न्याय परिषद के प्रधान दंडाधिकारी सुशील प्रसाद भी मौजूद रहे। बैठक में सचिव तान्या पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में थानाध्यक्षों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने स्तर से सुलहनीय मामलों की पहचान कर पक्षकारों से संपर्क स्थापित करें और उन्हें लोक अदालत के माध्यम से विवादों के समाधान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि विभिन्न न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों की थानावार सूची तैयार कर भेजी जा चुकी है, इसलिए पुलिस प्रशासन की सक्रियता से अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन संभव हो सकेगा। सचिव ने थानाध्यक्षों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों की मदद लेकर पक्षकारों को समझाएं, ताकि भाईचारे और आपसी सहमति से विवादों का समाधान हो और समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि किसी मामले में काउंसलिंग की आवश्यकता हो तो संबंधित पक्षकारों को प्राधिकार या न्यायालय में भेजा जाए।

बैठक में नोटिस तामिला को लेकर भी विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। सचिव ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि लोक अदालत से संबंधित नोटिस समय पर पक्षकारों तक पहुंचे और तामिला के दौरान उनका नाम व संपर्क संख्या स्पष्ट रूप से दर्ज की जाए।

# महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा को लेकर अभया ब्रिगेड स्कूटी रैली का शुभारंभ



- महिला पुलिसकर्मियों ने शहर में जागरूकता संदेश देते हुए सुरक्षा का भरोसा दिलाया।
- रैली के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनमें सुरक्षा के प्रति विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से महिला पुलिस कर्मियों की 'अभया ब्रिगेड' स्कूटी रैली का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। रैली पुलिस केंद्र से प्रारंभ होकर रमेश चौक, टिकरी मोड़ और बायपास मार्ग होते हुए पुनः पुलिस केंद्र पहुंची। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए लोगों को सुरक्षा और जागरूकता का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना तथा पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से महिला सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

रैली के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा गया। अभया ब्रिगेड की इस पहल को आम लोगों ने सराहा और इसे महिलाओं के प्रति पुलिस की संवेदनशीलता का सकारात्मक कदम बताया।

# औरंगाबाद पहुंचे झारखंड के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर संगठन सृजन अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं संग बैठक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत बिहार में पार्टी को नए सिरे से मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। इसी क्रम में झारखंड के पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर मंगलवार को औरंगाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत बैठक कर संगठन की मौजूदा स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिलों में ऊर्जावान और संघर्षशील नेतृत्व को आगे लाने की जरूरत है और इसी दिशा में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है।

राजेश ठाकुर ने कहा कि औरंगाबाद में ऐसा जिला अध्यक्ष चुना जाएगा जो कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ा हो, कार्यकर्ताओं का सम्मान करे और जनता के मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करने की क्षमता रखता हो। उन्होंने बताया कि 1 मार्च तक सभी प्रखंडों में जाकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संवाद किया जाएगा, 9 मार्च को रिपोर्ट सौंपी जाएगी और 15 मार्च तक नए जिला अध्यक्ष की घोषणा होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष के चयन के बाद जिला कार्यालय की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि संगठनात्मक कार्यों के लिए कार्यकर्ताओं को पटना का चक्कर न लगाना पड़े और स्थानीय स्तर पर निर्णय प्रक्रिया मजबूत हो सके। उन्होंने राहुल गांधी की न्याय यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि संगठन और आम जनता के बीच जो दूरी महसूस हुई, उसे खत्म करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उनके अनुसार ऐसे लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी जो जमीन से जुड़े हों और जाति-धर्म से ऊपर उठकर सभी को साथ लेकर चल सकें। राजनीतिक मुद्दों पर बोलते हुए राजेश ठाकुर ने बिहार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए और कहा कि राज्य में महिलाओं के साथ अन्याय की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने बिना नाम लिए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर भी टिप्पणी की और कहा कि राजनीति में व्यक्तिगत बयानबाजी से बचना चाहिए। पटना के गर्ल्स हॉस्टल में जहानाबाद की नीट छात्रा हत्याकांड का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार मामले को संभालने में विफल रही, जिसके बाद जांच सीबीआई को सौंपनी पड़ी। उनका कहना था कि कांग्रेस संगठन मजबूत होने के बाद ऐसे मुद्दों पर आंदोलन तेज करेगी।

# विधिज्ञ संघ चुनावः नामांकन के दूसरे दिन 37 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया पर्चा



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद की कार्यसमिति चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न पदों के लिए कुल 37 अभ्यर्थियों ने पर्चा दाखिल किया। नामांकन के साथ ही चुनावी माहौल गर्माने लगा है और अधिवक्ताओं के बीच मुकाबला रोचक होता जा रहा है। चुनाव समिति के अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता महेंद्र प्रसाद सिंह तथा सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, राधेश्याम सिंह, सरोज रंजन सिन्हा और अभय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष पद के लिए वरीय अधिवक्ता अरुण शर्मा और वर्तमान अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने नामांकन दाखिल किया। महासचिव पद के लिए पूर्व सचिव परशुराम सिंह, विजय कुमार सिंह और वर्तमान महासचिव जगनारायण सिंह मैदान में हैं।

कोषाध्यक्ष पद के लिए गिरिजेश सिंह, सुजीत कुमार सिंह और अमित कुमार ने नामांकन किया है। उपाध्यक्ष पद के लिए क्षितिज रंजन, उदय कुमार सिन्हा, अशोक कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, रामप्रवेश ठाकुर और धनंजय कुमार गांधी ने पर्चा भरा। संयुक्त सचिव पद के लिए देवीनंदन सिंह, दिलीप कुमार सिंह, सियाराम पांडेय, शंभूनाथ मिश्रा, काली प्रसाद, रामपरीखा सिंह, संजय कुमार और निरज कुमार सिंह ने नामांकन किया। अंकेक्षक पद के लिए अनील कुमार सिन्हा और परशुराम सिंह, सहायक सचिव पद के लिए मनोज कुमार सिंह और पवन कुमार सिंह ने नामांकन दाखिल किया।

# छह जोड़ों का सामूहिक विवाह धूमधाम से संपन्न, दहेज मुक्त समाज का दिया संदेश

निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)



सदर प्रखंड के निश्चित ग्राम जम्होर में जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के तत्वावधान तथा श्रीराम प्रज्ञा मंडल के सान्निध्य में निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के बीच छह जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत अनुग्रह रेलवे स्टेशन स्थित गायत्री शक्तिपीठ से सजे-धजे बारात के प्रस्थान के साथ हुई। दूल्हों की बारात जम्होर की विभिन्न गलियों से होते हुए विवाह स्थल पर पहुंची, जहां वैदिक परंपरा के अनुसार मांगलिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस तरह के सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में दहेज जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि दहेज रहित विवाह से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी सम्मानपूर्वक बेटियों की शादी करने का अवसर मिलता है। पूर्व सांसद ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की और आयोजकों से आग्रह किया कि आने वाले वर्षों में इस पहल का और विस्तार कर अधिक से अधिक जोड़ों को इसमें शामिल किया जाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवनीत कुमार, पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य अनिल अग्रवाल, पूर्व उप मुखिया अजित कुमार सिंह, आनंदी कुमार, दिलेश कुमार, मृत्युंजय राय, पवन विश्वकर्मा, संजय गुप्ता, सुरेश विद्यार्थी सहित कई लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सामूहिक विवाह समारोह के माध्यम से सामाजिक समरसता और सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

# वरीय शिक्षक रामविलास बाबू के निधन पर शोक, शिक्षा जगत ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



श्रद्धेय रामविलास बाबू, वरीय शिक्षक अब हमारे बीच नहीं रहे। वे बीते सोमवार को अपने नश्वर शरीर को त्यागकर गो-लोक वासी हो गए। उनके निधन की खबर से जिले के शिक्षकों, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों में शोक की लहर दौड़ गई है। वे एक विद्वान, कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासित शिक्षक के साथ-साथ मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे और शिक्षक संघ के सक्रिय सदस्य के रूप में भी जाने जाते थे। रामविलास बाबू ने अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत उच्च माध्यमिक विद्यालय ओबरा से की। इसके बाद उन्होंने टाउन इंटर कॉलेज औरंगाबाद, अनुग्रह इंटर कॉलेज औरंगाबाद तथा रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय औरंगाबाद में लंबे समय तक अपनी सेवाएं दीं। पुनः अनुग्रह इंटर कॉलेज औरंगाबाद में योगदान देने के बाद उन्होंने नवादा में भी अध्यापन कार्य किया। अंततः अनुग्रह कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय औरंगाबाद से वे सेवानिवृत्त हुए।

उन्होंने लंबे समय तक शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए कई पीढ़ियों को शिक्षित किया। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है तथा शोक संतप्त परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की है।

# बस स्टैंड से हटाया गया अतिक्रमण, प्रशासन की कार्रवाई से जाम से राहत की उम्मीद



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

बस स्टैंड परिसर में लंबे समय से लग रहे जाम और यातायात अव्यवस्था को देखते हुए नगर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा के नेतृत्व में पुलिस बल की मौजूदगी में बस स्टैंड के आसपास सड़क किनारे लगी अस्थायी दुकानों और अवैध रूप से रखे सामानों को हटाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने की कोशिश की गई। अभियान के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों और स्थानीय लोगों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़क या बस स्टैंड परिसर में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं किया जाए। प्रशासन ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय के बाद भी यदि दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो सामान जब्त करने के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों के मुताबिक बस स्टैंड के आसपास लंबे समय से अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बनी रहती थी, जिससे यात्रियों और आम नागरिकों को काफी परेशानी होती थी। प्रशासन की इस कार्रवाई से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सीएचसी में फैमिली प्लानिंग को लेकर बैठक छह से 20 मार्च तक चलेगा नियोजन पखवाड़ा

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



जिले के रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया तथा आगामी परिवार नियोजन पखवाड़ा को प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी, जीविका से संतोष कुमार तथा बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षक सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत दो चरणों में पखवाड़ा चलाया जाएगा। दंपति पखवाड़ा 23 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जबकि परिवार नियोजन पखवाड़ा 6 मार्च से 20 मार्च तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि इस अवधि में लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा और जरूरतमंद दंपतियों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को सुरक्षित मातृत्व और परिवार नियोजन के लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, बीसीएम सनी कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, पिरामल संस्था के जितेंद्र कुमार तथा अकाउंटेंट राजेश कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि विभागीय समन्वय और जनजागरूकता के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा, ताकि क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत किया जा सके।

# सोन दियारा में बालू माफियाओं का कहर

ओबरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)। जिले के ओबरा प्रखंड स्थित नौनेर ग्राम के सोन दियारा में महादलित परिवारों की खेती योग्य भूमि पर संकट गहरा गया है। वर्षों से इस जमीन पर खेती कर रहे इन परिवारों ने अपनी भूमि बचाने के लिए हुंकार भरी है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) ने उन्हें समर्थन दिया है। मंगलवार को भाकपा माले के जिला सचिव कॉमरेड मुनारिक राम ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों के अनुसार, वे लगभग 80 वर्षों से सोन दियारा की इस भूमि पर खेती कर अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। यह जमीन उनके लिए आजीविका का एकमात्र साधन है। उनका आरोप है कि हाल के दिनों में बालू माफियाओं द्वारा उनकी खेती योग्य भूमि को उजाड़ने की धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बालू खनन का ठेका केवल बालू के लिए है, न कि मिट्टी या खेती की जमीन के लिए।